e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 296
गुरुवार
31.10.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
अकेले हो तो विचारो पर काबू रखो और सबके साथ हो तो जुबान पर काबू रखो!

ताजा खबरों के लिए देखें

## सूचना

सभी पाठकों, हॉकरों, विज्ञापनदाताओं और शुभचिंतकों को सूचित किया जाता है दिनांक 31 अक्टूबर को प्रभात मंत्र कार्यालय में दीपों के उत्सव दीपावली पर अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक बाजार में दिनांक 02 नवंबर को प्रकाशित किया जाएगा।

व्यवस्थापक

## शुभकामना

सभी पाठकों, हॉकरों, विज्ञापनदाताओं और शुभचिंतकों को दीपों का उत्सव दीपावली की प्रभात मंत्र परिवार की ओर हार्दिक शुभकामनाएं।

संपादक

### प्रथम चरण के चुनाव के लिए नाम वापसी संपन्न, दूसरे चरण के लिए हुई स्क्रुटनी

# इस बार प्रत्याशियों की संख्या ज्यादा: के. रवि कुमार

**1 करोड़** से अधिक जब्ती वाले जिले में 3.03 करोड़ के साथ खूंटी जिला सबसे आगे है। जबकि 2.80 करोड़ के साथ गिरिडीह दूसरे और 1.97 करोड़ के साथ पूर्वी सिंहभूम जिला का स्थान तीसरा है।



* आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 121.14 करोड़ के अवैध सामान और नकदी जब्त

* आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में अब तक 22 प्राथमिकी दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि 2019 के विधानसभा चुनाव से इस बार अधिक प्रत्याशी मैदान में हैं। इन बढ़े प्रत्याशियों के लिए निर्वाचन आयोग के पास पर्याप्त इवीएम हैं। इसके अलावा स्वच्छ, निष्पक्ष और स्वतंत्र मतदान के लिए तैयारी पूरी है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के चुनाव के लिए नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। वहीं दूसरे चरण के लिए बुधवार को स्क्रूटनी की गयी। कुछ जिलों में प्रत्याशियों को कतिपय सूचना देने के लिए शुक्रवार को दिन के 11 बजे बुलाया गया है। उसके बाद स्पष्ट हो जाएगा कि नामांकन किये कितने प्रत्याशियों के नामांकन दुरुस्त मिले हैं। वह बुधवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन को लेकर अब तक कुल 22 प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उस पर कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 121.14 करोड़ के अवैध सामान और नकदी जब्त की गयी है। इसमें सर्वाधिक जब्ती राज्य पुलिस द्वारा की गयी है। एक करोड़ से अधिक जब्ती वाले जिले में 3.03 करोड़ के साथ खूंटी जिला सबसे आगे है। जबकि 2.80 करोड़ के साथ गिरिडीह दूसरे और 1.97 करोड़ के साथ पूर्वी सिंहभूम जिला का स्थान तीसरा है।

### आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में राजनीतिक दलों का सहयोग अपेक्षित

रांची - मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में राजनीतिक दलों का सहयोग अपेक्षित है। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल विधानसभा निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करते हुए प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दिशा-निर्देशों से केवल प्रत्याशियों को ही नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं को भी अवगत कराते हुए उसका अनुपालन सुनिश्चित कराएं। कुमार बुधवार को निर्वाचन सदन में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया। कुमार ने कहा कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने मतदाता पहचान पत्र के अलावा अन्य 12 पहचान पत्र चिह्नित किए हैं, जिसे दिखाकर मतदाता सूची में नाम रहने पर मतदाता मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, पीएसयू, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक, डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल हैं।कुमार ने सभी मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों को इसकी सूचना देते हुए कहा कि इसे लेकर वे अपने स्तर से भी जागरुकता फैलाएं, जिससे कोई मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे। स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान में सभी राजनीतिक दलों से सहयोग अपेक्षित है। कुमार ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा विधानसभा निर्वाचन में आने वाली समस्या या संशय की स्थिति के बारे में जाना। इसके बाद केंद्रीय निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए उसके निराकरण संबंधी जानकारी भी उपलब्ध कराई। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, ओएसडी गीता चौबे सहित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



# दिवाली आज, लाखों दीपों से जगमग होगा अयोध्या

**कार्तिक अमावस्या तिथि की शुरुआत 31 अक्तूबर, गुरुवार को दोपहर बाद 3 बजकर 52 मिनट पर होगी और समापन तिथि 01 नवंबर को शाम को 06 बजकर 16 मिनट पर रहेगी, फिर प्रतिपदा तिथि लग जाएगी।**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इस वर्ष दीपावली की तारीख को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है कि दिवाली 31 अक्तूबर को मनाएं या 01 नवंबर को। देशभर के विद्वानों और ज्योतिषाचार्यों के मतानुसार ज्यादतर जगहों पर दिवाली 31 अक्तूबर को ही मनाई जाएगी। 31 अक्तूबर को अमावस्या तिथि दोपहर बाद शुरू होगी और यह 01 नवंबर की शाम तक ही रहेगी। हिंदू धर्म में दिवाली का त्योहार एक प्रमुख त्योहार है। पूरे देश में इस पर्व को बड़े ही धूम-धाम के साथ मनाया जाता है। दिवाली पर घरों को रोशनी और दीयों से सजाया जाता है और सूर्यास्त के बाद यानी प्रदोष काल में धन की देवी माता लक्ष्मी, भगवान गणेश और कुबेर देवता की पूजा होती है। ऐसी मान्यता है कि कार्तिक माह की कृष्ण पक्ष की अमावस्या की रात को मां लक्ष्मी पृथ्वी लोक में भ्रमण के लिए आती हैं और जिन घरों में साफ-सफाई, पूजा-पाठ और मंत्रोचार होता है, वहां पर निवास करने लगती हैं। इसलिए दिवाली की शाम महालक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व होता है।इस वर्ष कार्तिक महीने की अमावस्या तिथि दो दिन रहेगी। कार्तिक अमावस्या तिथि की शुरुआत 31 अक्तूबर, गुरुवार को दोपहर बाद 3 बजकर 52 मिनट पर होगी और समापन तिथि 01 नवंबर को शाम को 06 बजकर 16 मिनट पर रहेगी, फिर प्रतिपदा तिथि लग जाएगी। इधर दीपोत्सव के लिए अयोध्या सज चुकी है। संपूर्ण अयोध्या उल्लसित है। दीपोत्सव के अवसर पर राम की पैढी व नया घाट पर 25 लाख दीप जलाए जाएंगे। वहीं 10 लाख से अधिक दीप अयोध्या के अन्य स्थानों पर जलेंगे।

## क्विक न्यूज

### बीएसएफ फ्रंटियर मुख्यालय में दीपावली मेला का रंगारंग आयोजन

**गुवाहाटी :** दीपावली उत्सव की पूर्व संध्या पर दीपावली के उपलक्ष्य में बुधवार को गुवाहाटी के पाटगांव स्थित फ्रंटियर मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल परिसर में दीपावली मेला का भव्य आयोजन किया गया। महानिरीक्षक संजय गौड़ ने दीपावली मेला का विधिवत उद्घाटन किया तथा समस्त सीमा प्रहरियों एवं उनके परिजनो को दीपावली की बधाई एवं शुभकामानाएं दी। मेले में बड़ी संख्या में सीमा सुरक्षा बल एवं प्रथम वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के जवानों एवं उनके परिवारों तथा स्थानीय जनता ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### राजस्थान के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की

**नई दिल्ली :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।प्रधानमंत्री कार्यालय ने दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री भजनलाल ने एक्स पर पोस्ट किया,आत्मीय भेंट। प्रकाशोत्सव के पावन पर्व दीपावली के विशेष उपलक्ष्य पर आज नई दिल्ली में समस्त देशवासियों के जीवन को सुखमय बनाने के लिए अविराम साधनारत, विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता, मां भारती के परम उपासक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की तथा उन्हें दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दीं व उनका बहुमूल्य मार्गदर्शन व स्नेहिल आशीर्वाद प्राप्त किया।

### चीन ने अपने अंतरिक्ष स्टेशन पर छह माह के मिशन पर तीन यात्रियों को भेजा

**बीजिंग :** चीन ने आज अपने अंतरिक्ष स्टेशन पर छह माह के मिशन पर तीन अंतरिक्ष यात्रियों को सफलतापूर्वक भेजा। इस दल में चीन की पहली महिला अंतरिक्ष इंजीनियर वांग यानान के अलावा मिशन कमांडर कैप्टन काई शुझे और सोंग लिंगडोंग शामिल हैं।चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स के अनुसार शेनझोऊ-19 अंतरिक्ष यान को उत्तर-पश्चिमी चीन में जियुक्वान अंतरिक्ष लॉन्च केंद्र से तड़के लॉन्ग मार्च-2एफ रॉकेट से भेजा गया। इस प्रक्षेपण के करीब 10 मिनट बाद शेनझोऊ-19 रॉकेट से अलगकर निर्धारित कक्षा में प्रवेश कर गया।

### नमामि गंगे ने की अपील, राजघाट पुल से गंगा में न फेंके पूजन सामग्री

**वाराणसी :** दीप पर्व दीपावली के पूर्व बुधवार को राजघाट स्थित मालवीय पुल पर नमामि गंगे के सदस्यों ने स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। सदस्यों ने मालवीय पुल से गंगा में पूजन सामग्री न फेंकने देने का अभियान भी चलाया। सदस्यों ने काशी क्षेत्र संयोजक राजेश शुक्ला के साथ मालवीय पुल से गंगा में पूजन सामग्री और अन्य निर्माल्य को फेंकने से भी लोगों को रोका। कार्यकर्ताओं ने गंगा में निर्माल्य सामग्रियां फेंकने को आतुर राहगीरों से सामग्री लेकर राजघाट पुल पर एकत्रित गंदगी को बटोर कर कूड़ेदान तक पहुंचाया।

### बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को मिली जान से मारने की धमकी

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को फिर एक बार जान से मारने की धमकी मिली है। इस बार धमकी देने वाले ने उनसे दो करोड़ रुपये की भी मांग की है।

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27⁰ |
| न्युनतम | 20⁰ |

# बांधवगढ़ के जंगल में 7 हाथियों की मौत



एजेंसी

**उमरिया :** मध्य प्रदेश राज्य स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब संदिग्ध हालत में 7 हाथियों की एक साथ मौत हो गई. ये सभी जंगली हाथी हैं. इतना ही नहीं झुंड में शामिल कुछ और हाथियों की हालत भी गंभीर बताई जा रही है. जैसे ही इस बात की जानकारी टाइगर रिजर्व को लगी मौके पर सारे आला अधिकारी पहुंच गए. बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर पीके वर्मा बताते हैं कि इस टाइगर रिजर्व में टोटल 60 हाथी हैं और ये सभी हाथी अलग-अलग झुंड में घूमते रहते हैं, उनकी देखरेख के लिए रोजाना जंगल में गश्ती दल गश्त करता है और उनके लोकेशन का पता लगाता रहता है. मंगलवार को दोपहर करीब 12 से 1 बजे के बीच गश्ती दल ने सूचना दी की 8 जंगली हाथी जमीन पर पड़े हैं उनमें कोई मूवमेंट नहीं हो रहा है. इस पर आसपास के अलग-अलग रेंज के 5 रेंजर मौके पर तुरंत ही पहुंचे. बांधवगढ़ और कटनी जिले के बरही से 8 वेटरनरी डॉक्टर्स की टीम भी वहां तुरंत पहुंचाई गई.डिप्टी डायरेक्टर पीके वर्मा बताते हैं कि ÷सभी 8 हाथी 100 से 200 मीटर के एरिया में बेहोश पड़े थे. डॉक्टर्स का कहना है हो सकता है कि हाथियों ने किसी जहरीले या नशीले पदार्थ का सेवन किया हो, या फिर किसी ऐसी चीज का सेवन कर लिया हो जिससे डिहाइड्रेशन भी होने की संभावना बनी रहती है. फिलहाल ये अभी जांच के बाद ही पता लग पायेगा.

# कांग्रेस नेता को चुनाव प्रचार के दौरान पड़ा दिल का दौरा, भर्ती



एजेंसी

**मुंबई:** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता परेश धननी को दिल का दौरा पड़ गया है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक गुजरात कांग्रेस नेता परेश धननी महाराष्ट्र के नासिक में पार्टी के चुनाव प्रचार में व्यस्त थे। इसी दौरान उन्हें दिल का दौरा पड़ा। हालांकि यह दिल का दौरा मामूली था। अस्पताल में उनकी एंजियोप्लास्टी कराई गई और अब उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। बता दें कि गुजरात कांग्रेस के नेता परेश धननी ने राजकोट से बीजेपी के पुरुषोत्तम रुपाला के खिलाफ हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव लड़ा था। पुरुषोत्तम रुपाला क्षत्रियों पर अपनी विवादास्पद टिप्पणियों पर असंतोष का सामना कर रहे थे। परेश धननी ने2002 में अमरेली विधानसभा सीट से पुरुषोत्तम रुपाला को हरा दिया था। परेश धननी इससे पहले गुजरात विधान सभा में विपक्ष के नेता के रूप में काम कर चुके हैं। आपको बता दें कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों का ऐलान हो चुका है और तमाम सियासी दल चुनाव प्रचार में जोर-शोर से लग गए है। राज्य् विधानसभा की कुल 288 सीटें हैं जिनके लिए 20 नवंबर 2024 को वोट डाले जाएंगे, जबकि मतगणना 23 नवंबर 2024 को की जाएगी।

# पांच हजार रिश्वत लेते प्रधानाध्यापक गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर (गढ़वा) :** एंटी करप्शन ब्यूरो पलामू की टीम ने गढ़वा जिले में पांच हजार रिश्वत लेते नगर उंटारी स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। प्रधानाध्यापक मिड डे मिल के चेक पर साइन करने के लिए रिश्वत ले रहे थे। पलामू एसीबी की टीम प्रधानाध्यापक को गिरफ्तार करने के बाद उन्हें वापस लेकर डालटनगंज लौटी। यहां पर प्रक्रिया पूरी कर प्रधानाध्यापक को न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया।एसीबी के अनुसार, शिकायतकर्ता राजकीय मध्य विद्यालय नगर उंटारी विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हैं। सितंबर माह के मध्याह्न भोजन की राशि निकासी के लिए प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा से आग्रह किया था लेकिन प्रधानाध्यापक पांच हजार रुपये घूस लेने के बाद ही राशि निकासी के लिए तैयार थे।उल्लेखनीय है कि नियमानुसार मध्याह्न भोजन की राशि निकासी हर महीने के 31 या एक तारीख तक कर लेनी है लेकिन एक माह 15 दिन बीत जाने के बाद भी सितंबर माह की निकासी नहीं की जा रही थी। इस संबंध में एसीबी की पलामू इकाई ने आवेदन देने के बाद सत्यापन किया गया। मामला सही पाये जाने पर कांड दर्ज किया गया और वादी के साथ एक टीम बनाकर कार्रवाई के लिए मौके पर भेजा गया। प्रधानाध्यापक अनिल विश्वकर्मा नगर उंटारी के सरहे का रहने वाले हैं।

# आदिवासी-दलित अधिकारियों को किया जा रहा है परेशान: मुख्यमंत्री



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनाव आयोग के निर्देश को लेकर अपनी बात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में रखी है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट में आईएएस मंजूनाथ भजंत्री की ओर इशारा करते हुए कहा है कि एक दलित आईएएस अफ़सर को हटाया गया। उन्हें लगातार परेशान किया गया। सोरेन ने देवघर एसपी की ओर इशारा करते हुए लिखा है कि अब आदिवासी आईपीएस अफसर को लगातार परेशान किया जा रहा है। आखिर क्यों दलितों-आदिवासियों से भाजपा को इतनी परेशानी है? उन्होंने लिखा है कि चुनाव आयोग ने देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को हटाने का निर्देश दिया है। आयोग के अनुसार चुनाव के दौरान उन अफसरों को महत्वपूर्ण पद नहीं दिया जा सकता, जिन पर चुनावी कार्यों में अनियमितता बरतने, पक्षपात या गड़बड़ी का आरोप हो। अब गृह विभाग तीन आईपीएस का नाम चुनाव आयोग को भेजेगा। इसमें से किसी एक को देवघर एसपी के पद पर पदस्थापित किया जाएगा।

# डेमचोक व देपसांग में डिसइंगेजमेंट पूरा, पीछे हटी भारत-चीन की सेना



एजेंसी

**नई दिल्ली-लद्दाख :** पूर्वी लद्दाख सीमा पर देपसांग और डेमचोक पॉइंट से डिसइंगेजमेंट (सेनाओं के पीछे हटने की प्रक्रिया) पूरा हो चुका है. रक्षा सूत्रों के मुताबिक, दोनों पॉइंट से भारत-चीन के सेनाओं की टुकड़ी की पूरी तरह से वापसी हो चुकी है. गुरुवार को दीपावली के दिन सैनिकों में मिठाइयां बांटी जाएंगी. इसके बाद जल्द ही इन दोनों पॉइंट पर भारतीय सेना पेट्रोलिंग शुरू करेगी. इस दौरान लोकल कमांडर लेवल की बातचीत चलती रहेगी. इससे पहले एक बयान में रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि भारत और चीन 28-29 अक्टूबर तक एलएसी पर सैन्य वापसी की प्रक्रिया पूरी कर लेंगे. देपसांग और डेमचोक से पीछे हटने की जानकारी 18 अक्टूबर को सामने आई थी. इसमें बताया गया था कि यहां से दोनों सेनाएं अप्रैल 2020 से पहली की स्थिति में वापस लौटेंगी. साथ ही उन्हीं क्षेत्रों में गश्त करेंगी, जहां अप्रैल 2020 से पहले किया करती थीं.भारत और चीन की सेनाएं शुक्रवार 25 अक्टूबर से पूर्वी लद्दाख सीमा से पीछे हटनी शुरू हुई थीं. डेमचोक और देपसांग पॉइंट में दोनों सेनाओं ने अपने अस्थायी टेंट और शेड हटा लिए. बख्तरबंद गाड़ियां और मिलिट्री डिवाइसेस भी पीछे ले जाए गए. पहले दिन 40 से 50 प्रतिशत डिसइंगेजमेंट हुआ. इसके बाद मंगलवार तक 90 प्रतिशत डिसइंगेजमेंट पूरा हो चुका था. बुधवार को देपसांग और डेमचोक पर डिसइंगेजमेंट का काम पूरा हो गया.

असर्फी कैंसर संस्थान
असर्फी हॉस्पीटल
कोई स्टेज, कोई लक्षण
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
Dr. Barath Raj Kumar.S
M.S., MRCS (Edin.), M.Ch (Surgical Oncology)
Consultant
Surgical Oncologist
Surgical Oncology
दिन :- प्रतिदिन सोमवार से शनिवार
समय :- सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road,Bhuli,Dhanbad-828105

## भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया का तूफानी दौरा जारी

### मेरी जीत का पैमाना है क्षेत्र का विकास : आलोक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियों के बीच विधायक आलोक चौरसिया अपने तूफानी दौरे पर निकले हुए हैं। 10 वर्षों की सेवा और विकास कार्यों का बखान करते हुए वे जनता के बीच समर्थन की अपील कर रहे हैं। 13 नवंबर को होने वाले मतदान में अपना समर्थन देने का आग्रह कर रहे हैं। इस दौरान जनता का उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है। लोग उनके विकास कार्यों के प्रति आभार व्यक्त कर रहे हैं। बुधवार को दौरे में आलोक चौरसिया भंडरिया प्रखंड के कई गाँवों से गुजरे। जिनमें जनेवा, लीलवापत्थर, सरईडीह, मदगढ़ी, करचाली, कंजीया, और भंडरिया शामिल हैं। अपने संबोधन में आलोक चौरसिया ने ग्रामीणों के साथ संवाद किया और उन्हें पिछले दस वर्षों के दौरान किए गए अपने विकास कार्यों की जानकारी दी। इनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क निर्माण और ग्रामीण विकास से जुड़े अनेक कार्य शामिल हैं, जो उन्होंने विधानसभा में किए हैं।

**आलोक का हुआ भव्य स्वागत**

लोगों ने भी बड़ी संख्या में आलोक चौरसिया का स्वागत किया और अपने गाँवों में किए गए विकास कार्यों पर संतोष जताया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि आलोक चौरसिया ने अपनी मेहनत और कार्यकुशलता से क्षेत्र में एक स्थायी छाप छोड़ी है, और उनका साथ देकर वे इसी विकास को आगे बढ़ाना चाहते हैं। बता दें कि आलोक चौरसिया का यह चुनाव प्रचार न केवल चुनावी दौरों तक सीमित है, बल्कि वे जनता की उम्मीदों को नया आयाम देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## दर्जनों राजद कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी में हुये शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** समाजवादी पार्टी द्वारा बुधवार को विश्रामपुर प्रखंड के घरटिया गांव में मिलन समारोह का आयोजन किया गया.जिसमे दर्जनों राजद कार्यकर्ता सपा में शामिल हुए. समारोह की अध्यक्षता सपा नेता कन्हाई मेहता ने किया.राजद कार्यकर्ताओं ने सपा नेता अभिमन्यु सिंह में आस्था व्यक्त करते हुए सपा में शामिल हुए और पार्टी प्रत्याशी अंजू सिंह को जीताने का संकल्प लिया. सभी को कन्हाई मेहता ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया. सपा में शामिल होने वालों में मगन यादव, कल्पनाथ सिंह, सतेंद्र यादव, भारदूल यादव, प्रभु यादव, द्वारिका प्रसाद यादव, बलराम यादव, गोपाल सिंह आदि प्रमुख है।

## ऑब्जर्वर ने किया मतदान केंद्रो का अवलोकन



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के ऑब्जर्वर पदुम सिंह अल्मा ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय भंडारडीह उदयगढ़ उत्तरी एवं दक्षिणी भाग सहित कई मतदान केदो का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केदो पर सभी सुविधाओं का अवलोकन किया और स्थानीय पदाधिकारी को कई दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ पाटन के अंचल पदाधिकारी राकेश श्रीवास्तव मुख्य रूप से उपस्थित थे। अंचल पदाधिकारी राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि सभी मतदान केदो पर मतदाताओं को सुविधा के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आदेश प्राप्त हुआ है। उनके आदेश के आलोक में सारी तैयारी पूरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## मारपीट के प्राथमिकी अभियुक्त भेजा गया जेल



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोर्ट में चल रहे मामले के बावजूद भी पुलिस के मना करने पर भी बल पूर्वक बना रहा था घर मझिआवँ थाना क्षेत्र के मोरबे पंचायत अंतर्गत करकट्टा गांव में जमीनी विवाद को लेकर जुलाई माह में जमकर मारपिट लाठी -डंडा ,ईट पत्थर से की गई थी ।जिसमें दुसरे पक्ष के 70 वर्षीय करकटा ग्राम निवासी विश्वनाथ राम गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनका माथा फट गया था, एक हाथ टूट गया था, तथा दूसरा हाथ भी डैमेज हो चुका था एवं शरीर के अन्य भागों में गंभीर चोट लगी थी।जिसे रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों के द्वारा गढ़वा रेफर कर दिया गया था, घायल विश्वनाथ राम के द्वारा थाना केश कांड संख्या 72/24 के तहत अन्य धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसपर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उसमें करकट्टा गांव निवासी अनिल राम, सुनिल राम,जो सिपाही में कार्य रत है, चंद्रिका राम, संजय राम, संजू देवी(पति ¬अनिल राम ) ,फूल कुमारी देवी(सुनिल राम), अनूप कुमार एवं आकाश कुमार का नाम शामिल था। दिये गए आवेदन में लिखा गया था कि उक्त जमीन पर न्यायालय में 2020 से मामला लंबित है।इसके बावजूद भी विवादित जमीन में उपरोक्त सभी लोगों के द्वारा बलपूर्वक घर बनाया जा रहा था। मना करने के बाद सभी एक राय होकर बर्बरता पूर्ण रूप से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। इधर इस संबंध में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि विवादित जमीन में घर बनाने से मना करने के बावजूद भी अनिल राम के द्वारा नहीं माना गया और उसमें घर बनाया जा रहा था। जिसकी सूचना पर मंगलवार शाम को मौके पर जांच करने पर घर में इट जोड़ाई करते हुए पाया गया। जिसमें अनिल राम को गिरफ्तार कर थाना लाया गया एवं उसे भुधवार को गढ़वा जेल भेज दिया गया। बाकी अभियुक्तों की गिरफ्तारी भी बहुत जल्द करने की बात कही।

## पर्यावरणविद ने नामकरण महोत्सव पर परिजनों को किया पौधा भेंट

### दीपावली में उजाला लाना है तो करें पौधारोपण : डॉ. कौशल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत अंतर्गत कौशल नगर बाजार प्रांगण में वृक्षों पर रक्षाबंधन अभियान का समापन दीपोत्सव के साथ किया गया। वहीं जमशेदपुर के बाबूनहातुन के ओम प्रकाश सिंह के पोता और धनंजय कुमार के पुत्र का नामकरण महोत्सव पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व बनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद, ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल और पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने बच्चे को आशीर्वाद स्वरूप हिमाचल का कपूर का पौधा देकर उसे चिरंजीवी होने की शुभकामनाएं दी। पर्यावरणविद ने दीपावली पर देशवासियों को शुभकामना देते हुए पर्यावरण बचाने का संकल्प लेने का अनुरोध किया। छतरपुर के डाली बाजार में आयोजित कार्यक्रम में वनरखी मूवमेंट के 48 वर्ष पूरा होने के उपरांत दो माह से चलया जा रहा है। वृक्षों पर रक्षाबंधन और निशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम का समापन किया गया। मौके पर ओम प्रकाश सिंह, लीला देवी, माधुरी देवी, शीला देवी, ललन प्रसाद, नवीन कुमार, चंचला देवी, रविंद्र कुमार, सत्येंद्र सिंह छतरपुर पूर्वी से जिला परिषद अमित कुमार जायसवाल, पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल, धनंजय कुमार, धनिया कुमारी, मोनू कुमार, अरुण कुमार जायसवाल, सुचित कुमार उप मुखिया अफजाल अंसारी विनोद यादव समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे उपस्थित थे।

## कोयल नदी पर चेकडैम बनवाकर खेतों तक लायेंगे पानी : अंजू सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अंजू सिंह कई गांवों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान दौरान उन्हें जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के जनता उनके साथ है। यहां के जनता की आवाज झारखंड विधानसभा में गूंजेगी। यहां की जनता पलायन व बेरोजगारी के मजबूर नहीं होगा। विधायक बनने पर ऊंटारी रोड के कोयल नदी पर तटबंध बनवाकर कटाव को रोकने का कार्य होगा। वहीं चेकडैम बनवाकर क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। इससे किसानों के खेतों हरियाली छायेगी और फसल का उपज बेहतर हो सकेगा। उन्होंने कहा कि कोयल का पानी बहकर दूसरे राज्यों में चली जाती है। सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने से यहां के स्थानीय लोगों को काफी फायदा होगा। इसके अलावा क्षेत्र में सुशिक्षित समाज निर्माण की दिशा में कार्य की जायेगी। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा दिया जायेगा। उन्होंने नवगढ़, शेखडीहा, लुंबा, सतबहिनी, रहनबीघा, लहरबंजारी, सेमरी, केवाल पर, लकड़िही, मुरमा कला, दावार पर सहित दर्जनों गांवों का दौरा किया। जनसंपर्क अभियान में अंजू सिंह के साथ प्रभारी रामबचन राम, अध्यक्ष दशरथ बैठा, अशोक बैठा, राहुल शर्मा, पप्पू सिंह,लाल बिहारी रजवार, गौरी शंकर शर्मा, सुरेश चौधरी, प्रमिला देवी, रीना देवी, संदीप मेहता, उपेंद्र गुप्ता, रवि बैठा, उपेंद्र चौधरी, उपेंद्र साव, भोला मेहता सहित सैकड़ों स्थानीय लोग शामिल थे।

## 2000 से अधिक लोग झामुमो में शामिल : मंत्री मिथिलेश



**बंशीधर नगर( प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेराल के बंका रोड मोड़ पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) द्वारा कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से 2000 से अधिक लोगों ने अन्य पार्टियों को छोड़कर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर गढ़वा के विधायक और झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को माला पहनाकर और पार्टी का पट्टा सौंपकर स्वागत किया।मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) झारखंड की खनिज संपदा को लूटने के लिए बेचैन है। भाजपा को पांच साल सत्ता से बाहर रहना बर्दाश्त नहीं हो रहा है, इसलिए वह केंद्र सरकार के इडी और सीबीआई जैसे संस्थानों का दुरुपयोग करके राज्य की सत्ता पर कब्जा करना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जो गरीबों, मजदूरों, किसानों और महिलाओं के लिए बेहतर कार्य कर रहे हैं, उन्हें बेवजह जेल भेज दिया गया। ठाकुर ने कहा कि वे गरीबों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे और झारखंड व गढ़वा के विकास के लिए काम करते रहेंगे।मंत्री ने बताया कि हेमंत सोरेन सरकार ने किसानों के दो लाख रुपये तक के कर्ज माफ किए, गरीबों के बकाया बिजली बिल माफ किए और 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त दी। साथ ही महिलाओं के मासिक भत्ते को 1000 रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इन जनहितकारी कदमों से भाजपा की नींद उड़ गई है, क्योंकि वह झारखंड की जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदा पर कब्जा जमाने की फिराक में है। मंत्री ठाकुर ने गढ़वा के पिछड़ेपन को खत्म करने का दावा किया और कहा कि अगर जनता उन्हें फिर से मौका देती है, तो वे गढ़वा को विकसित जिलों की श्रेणी में सबसे आगे ले जाएंगे। उन्होंने जनता से झामुमो के तीर-धनुष चुनाव चिन्ह पर वोट देने और भारी बहुमत से जीत दिलाने की अपील की। कार्यक्रम में संजय भगत, अतहर अली, मो. अली उर्फ लाला, विरेंद्र साव, महेंद्र प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## झारखंड विधानसभा में गुजेंगी छतरपुर विस क्षेत्र की आवाज : चंद्रमा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार :** निर्दलीय चंद्रमा कुमारी ने छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र के नौड़ीहा बाजार प्रखंड के बारा, मायापुर, हबरुआ, इमलियाटांड, विशुनपुर, तरीपर, जमुआ व निमा, हरिना, नौड़ीहा बाजार, कठौतिया के अलावा दो दर्जनों गाँवों की दौरा किया और लोगों से मिलकर अपना पक्ष मे आशीर्वाद माँगा। जन सम्पर्क के दौरान उन्होंने कोट छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से निर्दलीय प्रत्याशी चंद्रमा कुमारी को विधानसभा भेजने की दायित्व आप सबों बनता है और अगर हमें आप सबों की सहयोग मिला तो आपलोग की आवाज को बुलंदी के साथ विधान सभा मे उठाने की कार्य करूंगी और अपने विधान सभा की हक अधिकार व विकास की साथ किसी प्रकार की समझौता नहीं होने दूंगी. आप सबों की सुख दुःख मे हमेशा तत्पर रहूंगी और दौरा के क्रम छतरपुर प्रखंड के मड़वा पंचायत के नाशो निवासी सुरेंद्र राम की माता मुलिया देवी के दाह संस्कार मे शामिल होकर शोकाकुल परिजनों की ढाढ़स देने का कार्य की। मौके पर सत्येंद्र कुमार, नवेन्दु मिश्रा, रंजन कुमार समेत काफी संख्या कार्यकर्ता मौजूद थे।

## लक्ष्मी शिशु वाटिका विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** बुधवार को लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल जपला प्रांगण में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा प्ले से लेकर कक्षा 7 तक के सभी छात्राओं ने और साथ ही टीचर ने भाग लिया सभी वर्ग के टीचर अपने बच्चों के साथ मिलकर रंगोली बनाने में सहयोग किया इसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय तथा सम्मानित पुरस्कार सभी को प्रदान किया गया। मुख्य रूप से इसमें भाग लेने वाले टीचर, नैना कुमारी, माया कुमारी, भावना प्रिया, खुशबू राज, हर्ष कश्यप रीषु राज, जूही कुमारी, प्रियंका कुमारी, नीलम दीदी, नेहा दीदी अभिषेक कुमार बच्चे ~ राजा बाबू, प्रतीक, आरो सिंह, सूरज कुमार, आरसी कुमारी, प्रिया चंदा तथा सभी शिक्षक और सभी छात्रों ने भरपूर सहयोग किया।

## हुसैनाबाद में निर्दलीय प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह को अंगूठी छाप मिला, जनता में हर्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद:** हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह को जनता से अपार समर्थन मिल रहा है। अँगूठी चुनाव चिन्ह मिलने के बाद क्षेत्र में उनका जनसंपर्क अभियान और भी सक्रिय हो गया है। विनोद सिंह ने कुशवा, कोयरियाडीह, पहाड़ी पर, देवरी बाजार, सोनघाट सहित कई गांवों का दौरा किया, जहां उन्हें बुजुर्गों, महिलाओं का आशीर्वाद एवं युवाओं का समर्थन प्राप्त हो रहा है। युवाओं में विनोद सिंह को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। उनके समर्थक साथी बिना प्रत्याशी के ही घर-घर जाकर प्रचार-प्रसार कर रहे हैं और आम जनता को उनके साथ जुड़ने का आग्रह कर रहे हैं। विनोद सिंह ने भी जनसंपर्क के दौरान सभी से आशीर्वाद मांगा और विधानसभा के माध्यम से क्षेत्र की सेवा का अवसर देने की अपील की। आज हैदरनगर में आयोजित चुनाव समिति की बैठक में विनोद सिंह ने अपने संकल्प को दोहराते हुए क्षेत्र की जनता की सेवा का प्रण लिया। उन्होंने कहा, मेरा उद्देश्य हुसैनाबाद के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। आपके आशीर्वाद और समर्थन से ही मैं आपके हक की आवाज बुलंद कर सकूंगा। विनोद कुमार सिंह की इस पहल ने हुसैनाबाद में एक नई उम्मीद जगाई है, और जनता में उनके प्रति बढ़ता हुआ समर्थन चुनावी माहौल को और भी रोचक बना रहा है।

## भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह ने किया दर्जनों गांव का दौरा

### क्षेत्र का विकास डबल इंजन की सरकार से ही संभव : कमलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक सह भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद प्रखंड के दर्जनों गांव बाजारी बुधवा, बुधवा, उदित बिगहा, लपेया, सड़या, भदई पर, नौडीहा, काजीनगर, बिलासपुर, बनाही आदि का दौरा कर मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वाश पर काम करने वाली पार्टी है। क्षेत्र व राज्य का विकास डबल इंजन की सरकार से ही संभव होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी जी को मजबूत करने के लिए झारखंड में डबल इंजन की सरकार जरूरी है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में विकास के कार्य और तेज गति से होंगे। श्री सिंह ने कहा कि सड़क, शिक्षा, सिंचाई, बिजली, स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि आगे और कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जपला को जिला बनाने के साथ साथ अन्य कार्य खुद ब खुद हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद मिला तो बचे हुए कार्यों को पूरा करने का काम करेंगे। उन्होंने आम लोगों से भाजपा के कमल निशान पर मतदान करने का आग्रह किया। मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

## रक्तदान महादान है : मंत्री मिथिलेश

### मंत्री मिथिलेश ने रक्तदान कर बचायी महिला की जान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का सेवा कार्य हमेशा चर्चित रहता है। वे लोगों की हर प्रकार से सेवा करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इसी कड़ी में मंत्री श्री ठाकुर ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बुधवार को सदर अस्पताल में स्वयं रक्तदान कर एक गर्भवती महिला की जान बचायी। उन्होंने गढ़वा प्रखंड के बेलहरा गांव निवासी प्रवेश कुमार की पत्नी मीना देवी के लिए रक्तदान किया। उक्त महिला प्रसव पीड़ा के कारण अस्पताल में भर्ती थीं। उसे ए-निगेटिव ब्लड की आवश्यकता थी। यह ब्लड ग्रुप स्थानीय स्तर पर तत्काल उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। महिला की स्थिति गंभीर होने के कारण उनके परिवार के लोग काफी चिंतित थे। अस्पताल में उपलब्ध रक्त से भी उनकी आवश्यकता पूरी नहीं हो रही थी। मंत्री श्री ठाकुर मेराल में आयोजित कार्यक्रम में व्यस्त थे। जैसे ही मंत्री को इस बात की जानकारी मिली। वे अपने कार्यक्रम को बीच में ही छोड़कर तुरंत गढ़वा सदर अस्पताल पहुंच गये। यहां मंत्री ने तत्काल ए-निगेटिव रक्तदान कर महिला की जान बचाई। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि रक्तदान एक महादान है। और यह न केवल जरूरतमंदों की जान बचाता है, बल्कि स्वयं के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। रक्तदान करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बेहतर होती है और छोटी-मोटी बीमारियों से बचाव में मदद मिलती है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आएं और नियमित रक्तदान करें। मंत्री के इस पहल की लोग काफी सराहना कर रहे हैं। लोगों ने कहा कि मंत्री का यह कदम न केवल उनके मानवीय दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी देता है, कि नेता भी आम जन की मदद के लिए तत्पर रहते हैं।

## सड़क दुर्घटना में 4 वर्षीय बच्ची की मौत




**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी देवनंदन साव की पुत्री साक्षी कुमारी उम्र 4 वर्ष की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि बुधवार की शाम 4ः00 बजे साक्षी अपने घर के बाहर खेल रही थी। इसी बीच तेज गति से एक टेंपो ने उसे धक्का मार दिया।टेंपो के धक्के से साक्षी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा घायल बच्ची को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया।जहां चिकित्सको ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर लेस्लीगंज थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर टेंपो को जप्त कर उसे थाना ले गई है।वही परिजनों ने बताया की टेंपो चालक पांकी थाना क्षेत्र के आसेहार गांव का रहने वाला है।वही घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।वहीं इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**संक्षिप्त खबरें**

### भैया दूज का पर्व 3 नवंबर को मनाया जाएगा

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि हिंदू धर्म का पवित्र त्यौहार भैया दूज इस वर्ष 3 नवंबर को मनाया जाएगा। कार्तिक मास द्वितीया तिथि का आरंभ 2 नवंबर को रात मे 8 बजकर 22 मिनट पर हो जाएगा। एवं कार्तिक द्वितीया तिथि 3 नवंबर को रात में 10 बजकर 6 मिनट तक रहेगा। उदया तिथि होने के कारण भैया दूज का पर्व 3 नवंबर को मनाया जाएगा।

### जुआ अड्डा पर विवाद के बाद फायरिंग, एक घायल

**रांची :** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के लोधमा में जुआ अड्डा पर विवाद के बाद हुई फायरिंग में एक युवक के घायल होने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। घायल युवक को रिम्स में भर्ती कराया गया है।वहीं गोली मारने वाले युवक को भी लोगों ने जमकर पीटा है, जिससे आरोपित गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।यह घटना मंगलवार की देर रात की है। जानकारी के मुताबिक एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के लोधमा बस्ती में जुआ खेला जा रहा था। रात करीब ढाई बजे खरसीदाग इलाके के कुटियातु के एक युवक और लोधमा बस्ती के युवक में जुआ को लेकर विवाद हुआ। इसी बीच शशि नामक युवक ने रविंद कुमार महतो नामक युवक को पेट मे गोली मार दी। युवक को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी स्थिति गंम्भीर बनी हुई है। मामले की जानकारी पुलिस को सुबह मिली। पुलिस जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि आरोपित युवक पहले भी हत्या मामले में जेल जा चुका है। कुछ दिनों पहले ही जेल से निकला है।

# झारखंड में एनडीए की सरकार आएगी : शिवराज सिंह चौहान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय कृषि मंत्री एवं भाजपा झारखंड के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस की सरकार रहते हुए झारखंडवासी सुखी नहीं रह सकते। झारखंड में आज घोर अंधकार है। कुशासन का अंधकार है। भ्रष्टाचार का अंधकार है। झारखंड में विकास ठप पड़ा हुआ है। झारखंड में कानून और व्यवस्था पर अंधकार छाया हुआ है। 7400 से ज्यादा बलात्कार की घटनाएं हुई है। 8000 से ज्यादा हत्याएं हो चुकी है। अपहरण, डकैती, लूट अंधेरा बनकर छाया हुआ है। झारखंड की मां बहन और बेटी अंधकार में है। झारखंड में रोटी और माटी संकट और अंधेरे में है। झारखंड को अगर बचाना है दीपावली के बाद जो चुनाव होने वाले हैं उसमें जनता जनार्दन भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की सरकार लेकर आए। तभी विकास का प्रकाश फैलेगा। झारखंड में विकास के सूर्योदय का उदय होगा। उन्होंने कहा कि 4 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड आ रहे हैं। वे चाईबासा और गढ़वा में सभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले 2 नवंबर को गृह मंत्री अमित शाह आएंगे। वे 3 नवंबर को तीन सभा करेंगे। झारखंड से अंधेरा छंटे, इसलिए भारतीय जनता पार्टी का अभियान शुरू हो रहा है। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री, प्रदेश की सारी लीडरशिप और प्रमुख नेता झारखंड में चुनावी अभियान का शंखनाद करेंगे। झारखंड के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार चाहिए। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली में केंद्र सरकार और झारखंड में एनडीए की सरकार चाहिए। चौहान ने कहा के प्रधानमंत्री ने जल जीवन मिशन में जो पैसा भेजो, उसका कहीं काम पूरा नहीं हुआ। पैसा भ्रष्टाचार की बलि चढ़ गया। पीएम जनमन आवास भी भ्रष्टाचार की बलि चढ़ गया। मनरेगा में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ है। जो काम किया भी गए, वह जनता तक पहुंचे नहीं और जमीन पर उतरे नहीं। इसलिए झारखंड में एनडीए की सरकार की जरूरत है। भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है विकास। यह 2014 से 2019 के भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री



रघुबर दास के कार्यकाल में दिखा। उनके कार्यकाल जो विकास हुआ, इस बारे में लोग चर्चा करते हैं। आगे भी भाजपा के यही प्रण है। झारखंड की रोटी, बेटी, माटी हम बचाएंगे। विदेशी घुसपैठियों को रोकेंगे। भारत में रहने वाला हर नागरिक हमारा भाई है। चाहे वह किसी जाति धर्म का हो, लेकिन विदेशी घुसपैठिए चुन चुन कर बाहर निकाला जाएगा। झारखंड के नौजवानों को रोजगार का विकास मिले इस बाबत पहले कैबिनेट में ही 2 लाख 87 हजार खाली पदों को भरने का फैसला होगा। कब परीक्षा होगी, कब रिजल्ट निकलेगा और कब नियुक्ति पत्र वितरण होगा, इसका कैलेंडर बनाया जाएगा। हेमंत सरकार ने इसे भी बंद कर दिया। जितनी कल्याणकारी योजनाएं महिला सशक्तिकरण की थी, सभी को हेमंत सरकार ने बंद कर दिया। जब चुनाव सिर पर आ गया तो 2 महीने के लिए मंईयां सम्मान योजना लाई और 1000 रुपए महिलाओं को दे रही है। हेमंत सरकार ने प्रति महीने चूल्हा खर्च 2000 रुपए देने का वादा किया था। उसे पूरा नहीं की। सरकार ने 144 वायदे किए थे। इनमें से कोई पूरा नहीं किया। यह झूठ बोलने वाले लोग हैं। इस पर जनता भरोसा नहीं करेगी। यही चुनाव आयोग चुनाव करवाता है तो तेलंगाना में सरकार कैसे बन जाती है।

## मुनचुन राय ने भी भाजपा के समर्थन में अपना नाम वापस लिया

रांची । रांची विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन करने वाले संदीप वर्मा के बाद अब मुनचुन राय ने भी अपना नामांकन वापस ले लिया है। माना जा रहा है कि भाजपा उम्मीदवार की स्थिति पहले की अपेक्षा मजबूत हुई है। मुनचुन राय को मनाने के लिए भाजपा संगठन की ओर से लगातार प्रयास किया जा रहा था। पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री सह झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह भी उनके आवास पहुंचे थे। मुनचुन राय का नामांकन वापस ले लेना बीजेपी संगठन के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। सत्तारूढ़ दल झामुमो ने राज्यसभा की सांसद डॉ महुआ माजी को अपना उम्मीदवार बनाया है। महुआ माजी इससे पहले भी रांची विधानसभा चुनाव लड़ चुकी हैं, लेकिन सीपी सिंह के सामने 2019 के विधानसभा चुनाव में वह लगभग 5700 कुछ वोटों से पीछे रह गई थीं और सीपी सिंह विधायक बन गए थे। खैर राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो डॉ महुआ माजी रांची से सीपी सिंह को अच्छी टक्कर दे सकती हैं।

## भाजपा का चुनावी कार्यालय का किया गया शुभारंभ

रांची। भाजपा का विधानसभा चुनाव प्रदेश मीडिया सेंटर का उद्घाटन रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के अरगोड़ा स्थित कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किया। इस अवसर पर भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय एवं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा ने जो पंचप्रण की घोषणा की है उसमें यहां के युवा पढ़ाई करने के बाद रोजगार के लिए भटकते हैं उनको भाजपा 2 वर्षों तक ऐसे नौजवानों को दो हजार महीना देगी उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरे पांच वर्ष ठगने का काम किया है। भाजपा जैसे ही गोगो दीदी योजना की घोषणा की तब से हेमंत सरकार आनफ सानफ बोल रहे हैं ।सीता सोरेन पर मंत्री इरफान अंसारी द्वारा अभद्र टिप्पणी करने पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को इरफान अंसारी को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करनी चाहिए लेकिन वोट के कारण वह चुप है झारखंड का डेमोग्राफी बदल रहा है, उससे पहले प्रभावित आदिवासी समाज हुआ है यह चिंता का विषय है। भाजपा के



कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय ने कहा कि चुनाव की तैयारी भाजपा पूरी तत्परता से की है हम पूरी तैयारी के साथ चुनाव मैदान में है झारखंड में झारखंड की जनता की राजनीति शोषण करने का काम गठबंधन सरकार कर रही है यहां के बेटियां एवं नौजवानों को अपराधी एवं बलात्कारी शिकार बना रहे हैं फिर से उग्रवाद पनप रहे हैं झारखंड के अमन चैन लौटना हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर मौजूद केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दीपावली की शुभकामनाएं दी।

## कोयला व्यवसायी के साथ मारपीट, सिर फोड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कोयला व्यवसायी सह ईंट भट्ठा संचालक प्रदीप कुमार प्रसाद के साथ दो मालवाहक ऑटो से आये युवकों ने मारपीट की। इस मारपीट में प्रदीप कुमार का सिर फट गया है। व्यवसायी ओझा मार्केट जनक नगर के निवासी हैं। उनके साथ मुहल्ले में ही 29 अक्टूबर की रात मारपीट की गयी। इसकी सूचना पंडरा पुलिस को दी। पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। इस मामले में बुधवार को प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी में जुट गयी है। व्यवसायी ने प्राथमिकी में लिखा है कि वे मंगलवार की रात 11:30 से 12:00 बजे की बीच पिस्कामोड़ से पूजा सामग्री और मिठाई खरीद कर कार से जनक नगर लौट रहे थे। इसी समय जनक नगर में ही पीछे से आये एक मालवाहक ऑटो ने कार को ओवरटेक कर वाहन कार के आगे लगा दिया। इसके थोड़ी बाद पीछे से एक अन्य मालवाहक ऑटो में सवार कुछ और युवक पहुंचे। युवकों ने व्यवसायी को कार से बाहर निकाला और उन पर हमला कर दिया।

व्यवसायी जान बचाने के लिए दूसरी ओर भागने लगे। युवकों ने खदेड़ कर व्यवसायी को पकड़ा और मारपीट की। इस दौरान उनके गले से चेन भी खींच लिया गया। व्यवसायी का कहना है कि उन युवकों को वह नहीं पहचानते और न ही उनका किसी से दुश्मनी है। वह समझ नहीं पाये की उनके साथ क्यों मारपीट की गयी। पुलिस से व्यवसायी ने मारपीट करने वालों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

# दीपावली को लेकर शहर में किया गया फ्लैग मार्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** विधानसभा चुनाव को लेकर बुधवार को रांची पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व सिटी एसपी राजकुमार मेहता, अरगोड़ा पुलिस के अलावा यूपी पुलिस के पदाधिकारी भी शामिल रहे। इस दौरान अरगोड़ा, अशोकनगर, कडरु हज हाउस, सहजानंद क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। रांची पुलिस ने फ्लैग मार्च किया और शांति पूर्वक मतदान संपन्न कराने की अपील की। बता दें कि रांची में 13 नवंबर को चुनाव है। इसको लेकर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम



किए हैं।फ्लैग मार्च में शामिल सिटी एसपी ने रांची के लोगों से शांतिपूर्वक पर्व मनाने की भी अपील की। बता दें कि दीपावली 31 दिसम्बर को मनाया जाएगा और वहीं छठ पूजा 5 नवंबर से शुरू हो रही है। इस बीच रांची पुलिस ने शहरवासियों से अपील की है कि सभी लोग मिल-जुल कर पर्व मनाएं और अफवाहों पर ध्यान न दें।

## सीए इंटरमीडिएट और फाउंडेशन सितंबर 2024 का परीक्षाफल घोषित


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के द्वारा सितम्बर - 2024 में आयोजित की गई सीए इंटरमीडिएट और सीए फाउंडेशन परीक्षा का परीक्षफल आज घोषित किया गय। यह परीक्षा अखिल भारतीय स्तर पर सीए इंटरमीडिएट के लिए 459 परीक्षा केंद्र और सीए फाउंडेशन के लिए 453 परीक्षा केंद्र में आयोजित किया गया था। घोषित परिणाम के अनुसार अखिल भारतीय स्तर पर सीए इंटरमीडिएट की परीक्षा में शामिल कुल विधार्थियों में से दोनों ग्रुप में 5.66 प्रतिशत, प्रथम ग्रुप में 15.17 प्रतिशत और द्वितीय ग्रुप में 15.99 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त किया है। उसी प्रकार सीए फाउंडेशन में अखिल भारतीय स्तर पर परीक्षाफल का प्रतिशत 19.67 रहा। अखिल भारतीय स्तर पर सीए इंटरमीडिएट की परीक्षा में मुंबई के परामि उमेश पारेख ने 80.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर टॉप किया । घोषित परीक्षाफल के अनुसार रांची परीक्षाकेंद्र से सीए इंटरमीडिएट में रांची परीक्षाकेंद्र से दोनों ग्रुप में कुल 7, प्रथम ग्रुप में कूल - 40 और द्वितीय ग्रुप में - 21 परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त किया है। सीए फाउंडेशन में कूल 434 में से 66 परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त किया है। सीए इंटरमीडिएट में निम्नलिखित परीक्षाथियों ने रांची परीक्षाकेंद्र से टॉप तीन स्थान प्राप्त किये है ।

## एनएमएल मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का किया गया शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) मुख्यालय, रांची में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन किया गया। सतर्कता आयोग ने इस वर्ष के उत्सव को 28 अक्टूबर से 3 नवंबर, 2024 तक थीम के साथ नामित किया है- राष्ट्र की समृद्धि के लिए अखंडता की संस्कृति । इस अवसर पर, एनएमएल के सीईओ अनिमेष जैन ने विभाग प्रमुखों और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में अखंडता प्रतिज्ञा समारोह का नेतृत्व किया। कर्मचारियों ने



उत्साहपूर्वक भाग लिया और उन्हें केंद्रीय सतर्कता आयोग की वेबसाइट पर जाकर ई-शपथ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के लिए कई तरह की गतिविधियों की योजना बनाई गई है, जिसमें कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए निबंध और स्लोगन प्रतियोगिताएं (हिंदी और अंग्रेजी दोनों में) शामिल हैं। जागरुकता बढ़ाने के लिए स्कूली बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख स्थानों पर डिजिटल और भौतिक दोनों प्रकार के बैनर और पोस्टर प्रमुखता से प्रदर्शित किए गए हैं। सतर्कता जागरूकता सप्ताह में कर्मचारियों की भागीदारी का उद्देश्य हितधारकों के बीच जागरूकता बढ़ाना, भ्रष्टाचार के खिलाफ सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना और एक सतर्क और पारदर्शी राष्ट्र के निर्माण की प्रतिबद्धता को मजबूत करना है।

## झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से किया भेंट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु को छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक संघ के अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने बताया कि धनतेरस एवं दिपावली के शुभ पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश शौण्डिक समाज के प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट मुलाकात कर आगामी वर्ष 11 जनवरी 2025 को रायपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित अखिल भारतीय राष्ट्रीय





शौंडिक सम्मेलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्यअतिथि हेतु आमंत्रण पत्र दिया समाज के आमंत्रण पत्र को मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार करते हुए सुंडी समाज की गरिमा महिमा का मुख्यमंत्री ने मान बढ़ाया जिसके लिए समस्त शौंडिक समाज ने गौरान्वित महसूस किया । इस अवसर पर शौंडिक समाज के प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा वहां मौजूद माननीय प्रबल प्रताप सिंह जूदेव जी को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई । मुख्यमंत्री द्वारा शौंडिक समाज के अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता जी एवं अन्य पदाधिकारियों को दीपावली की बधाई शुभकामनाएं देते हुए आश्वस्त किया कि शौंडिक समाज की प्रगति एवं सोद्देश्य पूरा होगा। इस शुभ घड़ी में समाज के प्रतिनिधिमंडल द्वारा बुके, रामदरबार की मोमेंटो प्रतिकृति स्मृति चिह्न भेंट किया ।

# लोगों के विकास और राज्य की मजबूती के लिए जरूरी है कांग्रेस की जीत : बंधु तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पूर्व मंत्री सह कांग्रेस नेता की बंधु तिर्की ने कहा है कि लोगों के विकास और झारखंड की मजबूती के लिये कांग्रेस की जीत जरूरी है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में कांग्रेस एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा की गठबंधन सरकार ने राज्य के लोगों के विकास के लिये अभूतपूर्व काम किया है और अबकी बार भी राज्य के लोगों की भावना कांग्रेस के साथ है। तिर्की बुधवार को मांडर विधानसभा क्षेत्र के देवगांव पंचायत के ताबेरकला, ताबेर खुद, सहेदा, तिलई, पोला , सकरपुर, लतरातु पंचायत के लतरातु (डुमर झरिया), ददगो, दारनदा, नावाटोली एवं बलांदु और महुगांव पंचायत के महुगांव, जामाकेल, उडीकेल, तापकारा, टांगरकेला, गुदगुद एवं बुढ़नी बरटोली में सघन जनसम्पर्क अभियान के दौरान बोल रहे थे। तिर्की ने कहा कि कांग्रेस मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है। क्योंकि, न केवल वे, बल्कि मांडर की जनता भी इस बात को जानती है कि सभी लोगों विशेषकर आदिवासियों एवं मूलवासियों के विकास और झारखंड की मजबूती के लिये कांग्रेस की जीत बहुत अधिक जरूरी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने जनहित के लिये अनेक योजनाओं को युद्ध स्तर पर जमीन पर उतारा और ग्रामीणों को फायदा पहुंचाया है। साथ ही कहा कि चुनाव में इंडिया गठबंधन की प्रचण्ड जीत सुनिश्चित है और उसके बाद हर महिला के खाते में प्रति वर्ष सरकार एक लाख रुपये देगी।

# हर वोट महत्वपूर्ण : विशेष प्रेक्षक योगेन्द्र त्रिपाठी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजकीय अतिथिशाला सर्कुलर स्थित सभागार रांची में भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा झारखण्ड विधानसभा आम निर्वाचन - 2024 के निमित नियुक्त प्रेक्षक श्री योगेन्द्र त्रिपाठी,ए आईएस विशेष सामान्य प्रेक्षक एवं मनमोहन सिंह, आईपीएस विशेष पुलिस प्रेक्षक की अध्यक्षता में दक्षिणी छोटानागपुर, प्रमण्डल का निर्वाचन संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित करते हुए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश का पालन सुनिश्चित रूप से कराने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में आयुक्त दक्षिणी छोटानागपुर, प्रमण्डल, अंजनी कुमार मिश्र, आईजी दक्षिणी छोटानागपुर, अखिलेश झा, डीआईजी दक्षिणी छोटानागपुर, अनुप बिरथरे, उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन, उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी, गुमला,कर्ण सत्यार्थी, उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी खूंटी, लोकेश मिश्रा, उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोहरदगा, वाघमारे प्रसाद कृष्णा, उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सिमडेगा, अजय कुमार सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, चन्दन कुमार सिन्हा एवं पुलिस अधीक्षक गुमला, शम्भू कुमार, लोहरदगा, हरीश बिन जमा, सिमडेगा, सौरभ खूंटी उपस्थित थे। प्रेक्षक योगेन्द्र त्रिपाठी, (आईएएस) विशेष सामान्य प्रेक्षक एवं मनमोहन सिंह, (आईपीएस



) विशेष पुलिस प्रेक्षक द्वारा आगामी विधानसभा सभा चुनाव 2024 को लेकर दक्षिणी छोटानागपुर, प्रमण्डल का निर्वाचन संबंधित समीक्षा करते हुए सभी तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली गई।दक्षिणी छोटानागपुर, प्रमण्डल के सभी उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रजेंटेशन के माध्यम से सभी की जा रही तैयारियों की बारीकी से जानकारी दी गई। प्रेक्षक योगेन्द्र त्रिपाठी, (आईएएस) विशेष सामान्य प्रेक्षक एवं मनमोहन सिंह, (आईपीएस ) विशेष पुलिस प्रेक्षक द्वारा सभी सम्बंधित जिला के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को निर्देश देते हुए कहा की आगामी विधानसभा चुनाव 2024 की सभी तैयारी भारत निर्वाचन आयोग के सभी दिशा- निर्देश के अनुरूप सुनिश्चित हो इसका विशेष ध्यान दे। प्रेक्षक योगेन्द्र त्रिपाठी, (आईएएस) विशेष सामान्य प्रेक्षक एवं मनमोहन सिंह, (आईपीएस ) विशेष पुलिस प्रेक्षक द्वारा विशेष रूप से कहा की हर वोट महत्वपूर्ण है, इसके लिए स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान जोर शोर से चलाये। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखें, चुनाव अच्छे से सम्पन्न कराना सभी सम्बंधित पदाधिकारी की अहम भूमिका।

# चुनाव में खपाने के लिए लाये गये एक करोड़ रुपये को पुलिस ने किया जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** नामकुम थाना क्षेत्र के नया टोली स्थित जीडी गोयंका स्कूल में गुप्त सूचना के आधार पर रांची पुलिस की टीम ने सुबह 7:00 बजे छापेमारी की। 4 घंटे से अधिक देर छापे मारी में रांची पुलिस को करीब एक करोड़ 14 लाख से अधिक रुपए की बरामद की गई है। बताया गया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि चुनाव से संबंधित नामकुम थाना क्षेत्र के जीडी गोयंका स्कूल में अवैध रूप से रुपए लेकर एक टीम आई हुई है ।इसी सूचना का आधार पर बुधवार की सुबह पुलिस स्कूल करीब सुबह आठ बजे पहुंची थी। नामकुम थाना और मुख्यालय वन डीएसपी अमर पांडे , सिटी डीएसपी के वी रमन , कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल , एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा सहित कई थाना के इंस्पेक्टर मौजूद थे। पुलिस जब कैंपस में पहुंची तो आसपास में हलचल मच गई । कई राजनीतिक दलों के नेताओं के भी होश उड़ गए पता नहीं चल पा रहा है, कि पैसा किसका है, लेकिन बताया जा रहा है कि





स्कूल से जुड़े मदन सिंह से पूछताछ हो रही है। मदन सिंह का संबंध भारतीय जनता पार्टी से होने की बताई जा रही , हालांकि अभी तक इस मामले में किसी भी राजनीतिक पार्टियों ने किसी भी तरह का टिप्पणी करने से खुद को बचा रही है। हालांकि सुबह में यह कहा गया था कि ईडी के द्वारा यह छापामारी की गई है, लेकिन धीरे-धीरे लोगों को जानकारी मिलती गई कि चुनाव आयोग से जुड़े पुलिस पदाधिकारी ने छापेमारी की है। पुलिस पदाधिकारी के माने तो चुनाव में पैसे को बांटने के लिए लाया गया था। पुलिस कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बता दें कि स्कूल बंद होने के कारण यह छापेमारी संभव हो सकी है। बता दें कि इसी थाना क्षेत्र में राज्यसभा चुनाव को लेकर एक कार से एक करोड रुपए नगद बरामद किया गया था।

## पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित मुकुंद नायक की बिगड़ी तबीयत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड के लोक कलाकार और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित मुकुंद नायक की तबीयत बिगड़ जाने के बाद उन्हें रांची के पारस हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, लोक कलाकार के ऊपरी हिस्से ने काम करना बंद कर दिया है। मुकुंद नायक स्पाइनल इंजरी से ग्रसित हैं, उन्हें तत्काल सर्जरी की आवश्यकता डॉक्टरों ने बताया है। लोक कलाकार को शुक्रवार को दिल्ली ले जाया जायेगा, जहां उनकी सर्जरी मैक्स हॉस्पीटल में की जायेगी। यह जानकारी उनके पुत्र नन्दलाल नायक ने समाचार प्लस सा बात करते हुए दी है। नन्दलाल नायक ने मुकुंद नायक के सभी चाहने वालों से अपील की है कि वे उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करें।बता दें कि करीब 75 वर्षीय मुकुंद नायक झारखंड विख्यात लोक कलाकार हैं। वह एक लोक



गायक, गीतकार और नर्तक भी हैं। उन्हें नागपुरी लोक नृत्य झुमइर के प्रतिपादक होने का गौरव हासिल है। मुकुंद नायक को 2017 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। इसके अलावा उन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2019) से भी सम्मानित किया गया है।

## वंडरलैंड स्कूल मांडर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के कंदरी मोड़ स्थित वंडरलैंड स्कूल में बुधवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। पारंपरिक रंगोली बनाकर रेड हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों को चार वर्गों में विभाजित किया गया था। जिसमें सभी ने बेहतर प्रदर्शन किया । रंगोली का कार्यक्रम सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की देखरेख में संपन्न हुआ। निदेशक एम. डी. नेसार आलम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्रुप को पुरस्कृत कर हौसला अफजाई किया। अपने संबोधन में उन्होंने सभी को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि शिक्षा हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है। यह दीपों का पर्व भी हम सभी को अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देती है। मौके पर प्राचार्या पुष्पांजलि साहू, रफत आरा, अनामिका खलखो, शिखा, कौसर, बालि शगूफा, अंजुलता, रोजी प्रवीण, मो मुस्ताक, सामवेल, ज्योति, सुमन सहित अन्य मौजूद थे।

## प्रखंड परिसर में मनाई गई दिवाली, दिया गया मतदान का पैगाम



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को दीपावली की पूर्व संध्या पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव की नेतृत्व में हर्षोल्लास के साथ दीपावली मनाई गई। प्रखंड के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने एक दूसरे को दीपावली की बधाई दी। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव उपस्थित कर्मचारियों का बधाई देते हुए कहा कि हम सब एक परिवार के सदस्य हैं। खुशियों का यह अनमोल त्यौहार आप सबकी जीवन में खुशियां लेकर आए यही हमारी शुभकामनाएं हैं। मौके पर बेहतरीन रंगोली बनाई गई एवं उसे दीपों से सजाया गया। रंगोली के माध्यम से मतदान करने का पैगाम दिया गया। प्रखंड के सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की गई। मौके पर प्रधान लिपिक फारूक नदीम, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, पुरुषोत्तम भाई पटेल, कुमार रितेश, सद्दाम अंसारी, मोहम्मद सादुल्लाह, राजेश कुमार, परमानंद, संजीव दुबे, सहित अन्य उपस्थित थे।

## खलारी के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर में भगवान हनुमान का जन्मोत्सव मनाया गया धूमधाम से



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर में बुधवार को भगवान हनुमान का जन्मोत्सव धूम धाम से मनाया गया। इस पावन मौके पर मंदिर के पुजारी व उनके परिवार के सदस्यों ने मिलकर 12 घंटों का अखंड हनुमान चालीसा तथा हनुमानाष्टक का पाठ किया। इसके साथ ही हनुमान जी के विशेष श्रृंगार पूजा के बाद महाआरती के साथ ही रोट का विशेष भोग चढ़ाया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच भोग प्रसाद का वितरण किया गया। हनुमान जन्मोत्सव के दिन पाठ करने में यशवंत दुबे, बाबा बृजराज दुबे, सर्वानंद दुबे, ज्ञानी दुबे, दयालु जी, पुष्टि कुमारी, विजया, सुकृति, गायत्री, रानी, रुचि, स्वीटी, बादल दुबे आदि उपस्थित थे।

## न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू उदयन पब्लिक स्कूल बहेरा कल्याणपुर में रंगोली,दीया और कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में स्कुल के कक्षा नर्सरी से






दसवीं तक के छात्र-छात्राओं ने उमंग व उत्साह के साथ भाग लिया।विद्यालय की प्रबंधक रेहाना परवीन ने सभी बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं दी।उन्होंने रोशनी का महापर्व दीपावली के बारे में स्कूली बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर में बच्चों को जागरूक करने के लिए इस तरह का आयोजन लगातार किया जाता रहा है और आगे भी इस तरह का आयोजन जारी रहेगा।वही विद्यालय की प्रधानाध्यापिका टाका नारो जमीर ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की।साथ ही सभी बच्चों को सावधान एवं सतर्कता के साथ पटाखा जलाने की जानकारी दी।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अनूप कुमार,गौरव कुमार,उमेश कुमार,पिंटू कुमार,वारिस अंसारी,ताहिर अंसारी,राकेश भगत,शिक्षिका सुषमा कुमारी,साजिया खान,टेरेसा टुडू,श्रुति कुमारी,सोनम टोपो,अनामिका कुमारी, संजना कुमारी,रोमा मंडल, शोमा मंडल सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक ,कर्मचारी एवं बच्चे मौजूद थे।

## हॉली चाइल्ड पब्लिक स्कूल नारो मांडर में दीपोत्सव सह रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन



**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर नारो स्थित हॉली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में दीपोत्सव सह रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें वर्ग नर्सरी से लेकर वर्ग दशम वर्ग के बच्चो ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आरंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक आलोक कुमार तिवारी ने बच्चो को अपने संदेश के द्वारा प्रारंभ किया। बच्चो ने अपने रंगोली के माध्यम से अनेकों संदेश देने का प्रयास किया जिसमें रंगोली के माध्यम से रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया साथ ही सेव अर्थ , झारखण्ड संस्कृति, पर्यावरण बचाओ आदि संदेश बच्चो ने अपने रंगोली के माध्यम से दिया । विद्यालय के निदेशक आलोक विपिन टोप्पो ने बच्चो के कार्यक्रमों को ऑनलाइन देख बच्चो को दीपावली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं महावीर उरांव, शालिनी तिर्की, पुनीत खालखो, परिणीति तिर्की, पिंकी टोप्पो, जेवियर एक्का, मरियम तिग्गा, मनीषा खाखा, रजनी किस्पोट्टा, आशीष कच्छप, नूतन टोप्पो, पुष्पा एक्का, दहरु टोप्पो, नोएल टोप्पो ने अपनी अहम भूमिका निभाए ।

# रौशनी का महापर्व दीपावली आज, सारी तैयारी पूरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में रोशनी का महापर्व दीपावली आज मनाया जाएगा।दीपावली को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।लोग लक्ष्मी पूजा को लेकर अपने-अपने घरों को आकर्षक ढंग से सजाया है। वही दीपावली को लेकर आतिशबाजी की भी तैयारी की गई है।कोयलांचल क्षेत्र के सभी बाजारों में लगाए गए पटाखों की दुकानों में काफी भीड़ देखी जा रही है। महंगाई पर लोगों का उत्साह भारी देखा जा रहा है।बचरा चार नंबर चौक में एक दर्जन से अधिक पटाखे की दुकान लगाई गई है,जिसमें विभिन्न प्रकार के पटाखे की बिक्री हो रही है।पटाखे की कीमतों में लगातार वृद्धि होने के बावजूद लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं।वही लोग अपने-अपने घरो की सजावट के लिए भी लाईट, बल्ब,झालर की खरीदारी कर रहे हैं,जिसको लेकर इलेक्ट्रॉनिक की दुकानों में भी लोगों की भीड़ देखी जा रही है।पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नम्बर चौक,बचरा बाजारटांड़,राय बाजार, बेंती, बिलारी, किचटो, बहेरा,कारो, कल्याणपूर सहित अन्य जगहों पर दीपावली को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है और बाजरो में भीड़ देखी जा रही है।इधर दीपावली को लेकर स्थानीय पिपरवार पुलिस के द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है।दीपावली की रात कोयलांचल के विभिन्न जगहों पर होने वाले जुआ अड्डे पर पुलिस की पैनी नजर है।पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि थाना क्षेत्र में कहीं भी यदि जुआ खेलने की सूचना मिली तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।जुवा का संचालन करने वाले एवं जुआ खेलने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर है। उन्होंने कहा कि दीपावली को लेकर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के अलावा आवासीय कॉलोनी में पुलिस के द्वारा गस्त बढ़ा दी गई है।

# खूब बिकी लक्ष्मी गणेश की मूर्तियां







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** दीपावली उत्सव को लेकर खलारी के केडी बाजार सहित कोयलांचल के बाजारों में बुधवार को दीया और लक्ष्मी गणेश की मूर्तियों की खूब खरीदारी हुयी। बाजारों में पटाखों, फूलों की माला, सजावट के सामानों की भी खूब बिक्री हुयी। दीपावली पर्व को लेकर सुबह से दुकानों पर लोगों की भीड़ रही। ज्यादातर लोगों ने धनतेरस के दिन भगवान गणेश और मा लक्ष्मी की मूर्तियों की खरीदारी कर ली थी। बावजूद इसके छोटी दिवाली के दिन भी लोगों ने मूर्तियों सहित अन्य पूजन सामग्री की बजट के अनुसार मूर्तियों की खरीदारी। महंगाई के बावजूद लोगों की श्रद्धा महंगाई पर भारी पड़ी। बाजारों में 50 रुपया से लेकर पन्द्रह सौ रुपये तक की लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां बिक रही थी। लोगों ने अपने बजट के अनुसार मूर्तियों की खरीदारी की। लक्ष्मी के पैर की आकृति समेत कई तरह के स्टीकर की डिमांड ज्यादापूजन सामग्री के साथ सजावट के सामानों की भी लोगों ने जमकर खरीदारी की। इसमें मा लक्ष्मी के पैर की आकृति, श्रीगणेश और लक्ष्मी जी के स्टीकर सहित शुभ-लाभ आदि शामिल थे। मा लक्ष्मी के पैरो की आकृति वाले स्टीकर दस रुपये से शुरू होकर 50 रुपये तक बिके, जबकि श्रीगणेश और लक्ष्मी जी के स्टीकर सहित शुभ-लाभ 20 से 100 रुपये में बिके। दीपावली त्योहार में मिट्टी के बने दीये का कोई तोड़ नहीं है। इसकी अलग ही मान्यता है। लोग कितने भी चाइनिज लाइट खरीद ले, दिवाली बिन मिट्टी के दीये का फिका है। इस साल मिट्टी के बने छोटे दीये 150 रुपये सैकड़ा से शुरू होकर 200 तक के सैकड़ा में बिके। मिठाई की दुकानों में लड्डू व मिठाइयां खरीदने के लिए भी लोगों की काफी भीड़ थी। लड्डू की कीमत दो सौ रूपए से लेकर चार सौ रूपए तक थी। पूजा दुकानों में भी पूजा सामग्री खरीदने वालों की भी खूब भीड़ रही।

**चाइनीज झालरों की भी रही माग :** दीयों के बीच छोटी दीवाली के दिन दुकानों पर चाइनीज झालरों की भी खूब खरीदारी हुई। चाइना की रंगबिरंगी झालरों से बाजार की दुकानें पटी पड़ी थी। केडी रोड में फुटपाथ में दीया, पटाखे तथा अन्य सजावट के सामान बेचने वालों की दर्जनों दुकानें लगी थी।

**लक्ष्मी पूजन की शुभ मुहूर्त :** कार्तिक मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाने वाला दीपावली का विशेष महत्व है। इस दिन धन की देवी मां लक्ष्मी की उपासना की जाती है। वहीं रात्रि के मध्य में मां काली की पूजा होती है। इसी के तहत दीपावली का पूजन प्रदोष काल में किया जाता है। उक्त संबंध की जानकारी श्री जानकी मंदिर के पुजारी सर्वानंद दुबे ने दी। उन्होंने बताया दिन गुरुवार को प्रदोष काल का समय माता लक्ष्मी की पूजन संध्या 5 बजकर 36 मिनट से शुरू होगी, जो रात 8 बजकर 11 मिनट तक रहेगा।

## मतदान के लिए करें लोगों को जागरूक : नोवेल गोडविन केरकेट्टा




**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में दीपावली की पूर्व संध्या पर छात्र-छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का थीम विधानसभा चुनाव रखा गया था। जिसमें छात्र-छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से लोगों को चुनाव के प्रति जागरूक किया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुरहू थाना प्रभारी नोवेल गॉडविन केरकेट्टा, समाजसेवी डॉक्टर डीएन तिवारी तथा सुरेश अकेला ने सभी रंगोली का निरीक्षण कर बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मौके पर थाना प्रभारी ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके बनाए पेंटिंग की सराहना की और पढ़ाई में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी साथ ही विधानसभा चुनाव के मदेनजर उनको अपने गांव टोलों के लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। समाजसेवी डॉक्टर डी एन तिवारी ने भी छात्र-छात्राओं को विधानसभा चुनाव फायदे को बताया। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने छात्र-छात्राओं के इस प्रयास की सराहना की तथा कहा की संस्थान का प्रयास हमेशा सामाजिक जागरूकता फैलाना है साथ ही विद्यार्थियों के अंदर जागृत कला को प्रदर्शित कराना है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रागिनी ने किया। मौके पर शिक्षिका सावित्री, अंजलि के साथ सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

## लोगों के विकास और झारखण्ड की मजबूती के लिये जरूरी है कांग्रेस की जीत : बंधु तिर्की



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी सह विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने बुधवार को प्रखंड़ के अलग अलग गांवो का दौरा कर कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। प्रत्याशी शिल्पी ने प्रखंड के केशा, पुरियो, सेमरा, फादीलमर्चा,चुट्टूटोली व गाढ़ाटोली सहित कई गांवो का दौरा किया। इधर पूर्व मंत्री बंधू विर्की ने प्रखंड़ के टेरो गांव में पंचायत के ग्रामीणो के साथ बैठक किया। मौके पर श्री तिर्की ने कहा कि पिछले पांच साल में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन की सरकर ने झारखंड के लोगों कि विकास के लिये अभूतपूर्व काम किया है। खास कर मईया योजना, कृषि श्रृण माफी व दो सौ युनिट बिजली बिल माफी सहित कई लाभकारी योजनाएं है। वहीं मांडर के वर्त्तमान विधायक की कार्यो से प्रभावित हो कर आम लोगों की भावना कांग्रेस के साथ है। इस बार की जीत पिच्छली बार की जीत से और अधिक मतो की अंतर से होगी। मौके पर नवल किशोर सिंह, प्रो करमा उरांव सहित कांग्रेस पार्टी के कई लोग साथ में थे।

## सेंसोडाइन ने आईडीए के साथ किया साझेदारी

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेलियन (पूर्व में ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन कंज्यूमर हेल्थकेयर) के घराने से एक प्रमुख ओरल केयर ब्रांड सेंसोडाइन ने 3 अक्टूबर को मनाए जाने वाले विश्व दंत चिकित्सक दिवस के हिस्से के रूप में अच्छे मौखिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने में दंत चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका का जश्न मनाने के लिए भारतीय दंत चिकित्सा संघ (आईडीए) के साथ साझेदारी की है। इन मौखिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अमूल्य योगदान का सम्मान करने के लिए, सेंसोडाइन और आईडीए ने एक अनूठा मंच बनाया है जो दंत चिकित्सकों को दंत चिकित्सा में नवीनतम वैज्ञानिक प्रगति पर चर्चा करने में सक्षम बनाता है, जिसका उद्देश्य रोगी के परिणामों में सुधार करना है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में दीपावली उत्सव का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** डीएवी एमएएस पब्लिक स्कूल सिल्ली के बच्चों ने विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के नेतृत्व में सिल्ली मुरी आसपास के पुर्व शिक्षक, शिक्षिकाओं, गणमान्य लोगों एवं अभिभावकों के घर जाकर गुलदस्ता व दीये भेंट कर दिवाली पर्व को मनाया। कार्यक्रम के तहत बुधवार को विद्यालय की ओर से विद्यालय की शिक्षिका मोनालिसा सेन गुप्ता के नेतृत्व में विद्यालय की छात्रा अनन्या विश्वास, नविका एवं अनुष्का विश्वास ने विद्यालय के पुर्व शिक्षिका पुर्णिमा सिंह देव के सिल्ली स्थित निवास स्थान पहुंच कर अपने हाथों से बनाए गुलदस्ता एवं दीये भेंट कर दीपावली की शुभकामना दी। वहीं शिक्षिका ने छात्राओं को दीपावली कि बधाई व आशीर्वाद देते हुए उन्हें सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। वहीं शिक्षिका मोनालिसा सेन गुप्ता ने बताया कि विद्यालय के प्राचार्य बुबुन सरण के निर्देश पर विद्यालय में मंगलवार से दिपावली उत्सव मनाया जा रहा है जहां मंगलवार को शिक्षक शंभू नाथ मुखर्जी के नेतृत्व में विद्यालय के 20 छात्र-छात्राओं ने क्षेत्र के गन्य मान्य लोगों, अस्पताल के चिकित्सक, पुलिस के जवान एवं अभिभावकों के घर जाकर गुलदस्ता एवं दीये भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दीए। वहीं उन्होंने कहा कि दीपावली के अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा अपने हाथों से बनाए गए गुलदस्ते और दीपक भेंट करना एक तरीका है अपने सम्मान और प्रेम को व्यक्त करने का। इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों को अपनी रचनात्मकता दिखाने का मौका मिलता है। वहीं लोगों को विद्यार्थियों के प्रति सम्मान और प्रेम का एहसास होता है। स्कूल में सकारात्मक और प्रेमपूर्ण वातावरण बनता है। इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में दुसरे के बीच के रिश्ते को मजबूत बनाती है और त्योहार की भावना को फैलाती है।

# मानव तस्करी रोकथाम को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा पंचायत के अर्न्तगत आने वाले ग्राम कारो मे जन विकास केंद्र हजारीबाग के द्वारा मानव तस्करी रोकथाम को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमे महिला एवं बाल अधिकार पर कानूनी जानकारी एंव प्रशिक्षण दिया गया।इस कार्यक्रम में जन विकास केंद्र हजारीबाग के प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर सुरेश कुमार केशरी ने लोगों को मानव तस्करी के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इसके प्रति लोगो को जागरूक किया।अधिवक्ता धीरज कुमार शर्मा ने कानूनी जानकारी देते हुए धारा 374, 372 ए 362 सहित कई अलग-अलग धाराओं के बारे में जानकारी दी।साथ ही किस धारा में सजा का प्रावधान है।सभी धाराओं के बारे में किशोर एवं महिलाओं को बचाने के लिए जागरूक किया गया।संस्था के सहायक निर्देशक अनूप लकड़ा ने बताया कि बच्चे हमारे गांव समाज, राज्य एवं देश का भविष्य है। जागरुक होकर ही हम सभी बच्चों एवं महिलाओं को तस्करी से बचा सकते हैं।इस कार्यशाला में चिन्हित गांव कल्याणपुर, कारो, बन्हे, ढौटा मन्डेर, खंधार, उतराठी सहित अन्य गांवो से निगरानी समिति के सदस्यों ने भाग लिया।कार्यक्रम में एनिमेटर नरेश भारती एवं सिद्धार्थ मुंडा ने मुख्य भूमिका निभाया।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मनी दिवाली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के विद्यार्थियों ने दीवाली का पर्व पूरे उत्साह और आनंद के साथ मनाया। विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए कई रचनात्मक और आनंदपूर्ण गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें दीया सजावट, रंगोली, टेक रंगोली, फूलों की साज-सज्जा और सलाद सजावट प्रतियोगिताएँ शामिल थीं। दीया सजावट प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता दिखाते हुए रंगों, मोतियों और लेस का उपयोग कर सुंदर दीये सजाए। रंगोली प्रतियोगिता में उन्होंने जीवंत रंगों का प्रयोग कर आकर्षक रंगोलियां बनाई। टेक रंगोली में विद्यार्थियों ने तकनीकी ज्ञान का उपयोग कर नए और अनोखे डिजाइन बनाए। 'फूलों की साज-सज्जा प्रतियोगिता' में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के फूलों का उपयोग करके मनमोहक सजावट प्रस्तुत की। 'सलाद सजावट प्रतियोगिता' में बच्चों ने पौष्टिक खाद्य पदार्थों से सुंदर और स्वास्थ्यवर्धक सलाद तैयार किए, जिससे अच्छे स्वास्थ्य का संदेश भी मिला। इसके अतिरिक्त, समाज सेवा की भावना को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों को 'दीपशिखा' संस्था के स्टॉल से सामग्री खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया गया, ताकि वे जरूरतमंदों की मदद कर सकें और समाज में योगदान दे सकें। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने सभी को दीवाली और छठ की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि दीवाली का पर्व हमें अंधकार पर प्रकाश की जीत का संदेश देता है, और हमें अपने जीवन में ज्ञान और सकारात्मकता को अपनाना चाहिए।

# डीएवी बचरा में मनाया गया महर्षि दयानंद जी का 141वां निर्वाण दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में महर्षि दयानंद जी का 141 वां निर्वाण दिवस मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया।विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद सहित स्कूल के सभी शिक्षकों ने महर्षि दयानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद ने कहा कि महर्षि दयानंद भारत के महान चिंतक, समाज सुधारक और आर्य समाज के स्तंभ थे।जिनके आदर्शो का पालन करने से समाज एक शूत्र मे बंधेगा।आधुनिक भारत की नींव रखने का श्रेय उन्हीं को प्राप्त है। इस अवसर पर विद्यालय के धर्म शिक्षक ओपी यादव ने हवन यज्ञ कराया।इस अवसर पर स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद,एके लाल,एपी द्विवेदी, सीएस सिंह,एके घोष,एसके पाण्डेय,जीएसपी शर्मा, सहित स्कूल के सभी शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।इधर एक अन्य कार्यक्रम मे विद्यालय में कक्षा एलकेजी से कक्षा दूसरी तक के बच्चों ने दीपावली का पर्व धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा आकर्षक रंगोली बनाई गई। विद्यालय की शिक्षिका सुदीप्ता डे ने दीपावली पर के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दें।साथ ही दीपावली पर्व के दौरान पटाखे जलाने के दौरान बरती जाने वाली सावधानी के बारे में बताया।इस अवसर पर बच्चों ने दीया जलाकर दीपों का त्यौहार मनाया।इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।

## पुलिस का फ्लैग मार्च, लोगों से निर्भीक होकर मतदान की अपील



**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है। जिले के पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लूणायत के निर्देश पर बरूण कुमार यादव के नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा बुधवार को चिलगु में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस का फ्लैग मार्च पूरे चिलगू होते एनएच रोड व मुख्य बाजार होते हुए पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस की टीम ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

## बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारी को वल्नरेबल पॉकेट का निरीक्षण को मिला निर्देश



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विधानसभा चुनाव में सभी मतदाता बिना किसी दबाव, प्रलोभन एवं भय के मतदान कर सकें इस बाबत जिला निर्वाचन पादधिकारी अनन्य मित्तल द्वारा सभी बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारी को वल्नरेबल पॉकेट का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में बीडीओ पोटका अरूण कुमार मुंडा ने प्रखंड अंतर्गत भाटीन पंचायत के झरीया बूथ में मतदाताओं से संवाद स्थापित कर उन्हें बाहरी तत्व के प्रभाव में आए बिना मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आगामी 13 नवंबर को शत प्रतिशत मतदाता अपने बूथ पर जाकर मतदान करें । सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए प्रत्येक मतदाता की सहभागिता आवश्यक है ऐसे में जरूरी है कि शत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित किया जाए।

## एसएस प्लस टू हाई स्कूल पटमदा में मनाई गई पर्यावरण अनुकूल दिवाली



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एसएस प्लस टू हाई स्कूल पटमदा में धुआं रहित एवं पर्यावरण अनुकूल दिवाली मनाने पर बुधवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिता जैसे पोस्टर मेकिंग, वीडियो मेकिंग और रंगोली में भाग लिया। विद्यालय स्तर पर रंगोली में फर्स्ट और सेकंड पोजीशन अनीता बास्के और रबनी टुडू को मिला। जबकि वीडियो मेकिंग में रूपेश महतो एवं संदीप महतो ने पहला और दूसरा स्थान पाया। पोस्टर मेकिंग में संगीता दास को पहला और दूसरा स्थान अनुपमा को मिला। शिक्षक राशीद निसार एवं सनेहशीष चटर्जी ने बच्चों को धुआं रहित एवं पर्यावरण अनुकूल दिवाली मनाने के लिए प्रेरित किया। इन सारे कार्यक्रमों को विभाग द्वारा दिए गए साइट पर अपलोड भी किया गया जिसका रिजल्ट राज्य स्तर पर दिया जाएगा। प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार ने विद्यार्थियों को इको फ्रेंडली दिवाली मनाने के लिए प्रेरित किया।

## जमशेदपुर पश्चिम के बसपा प्रत्याशी बृंदावन दास ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेदपुर पश्चिम के बसपा प्रत्याशी बृंदावन दास ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मानगो डिमना रोड, आजाद नगर व डिमना चौक पर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों से कहा कि बहुजन समाज पार्टी ने उनके जैसे साधारण एवं सामाजिक कार्यो में समर्पित व्यक्ति को प्रत्याशी बनाकर सम्मान देने का काम किया है इसलिए आप लोग मुझे आगामी विधानसभा चुनाव में ईवीएम के क्रम संख्या 2, हाथी छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाएं। मौके पर मौजूद मोहम्मद खादिम अंसारी ने कहा कि बृंदावन दास को प्रत्याशी बनाए जाने पर सभी वर्गों में उत्साह है क्योंकि इनका जीवन पूरी तरह से जनसेवा को समर्पित हैं और गरीब, असहाय समेत किसी भी व्यक्ति की समस्या पर 24 घंटे सालों भर खड़ा रहते हैं। अभियान के दौरान मुख्य रूप से पार्वती गोस्वामी, शत्रुघन दास, यासीन अंसारी, इमरान अंसारी आदि शामिल थे।

## प्लस टू आदिवासी उच्च विद्यालय बांगुड़दा में इको फ्रेंडली दीपावली



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा प्रखंड के प्लस टू आदिवासी उच्च विद्यालय बांगुड़दा में बुधवार को विद्यालय के इको क्लब के विद्यार्थियों ने इको फ्रेंडली दीपावली मनाया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रंगों के फूलों से रंगोली बनाकर दीपावली का शुभ संदेश दिया। इसके साथ बाद विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने इस बार के दीपावली में किसी प्रकार के पटाखे का प्रयोग नहीं करने का तथा दूसरे लोगों को भी वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए पटाखे नहीं फोड़ने के लिए जागरूक करने की भी शपथ ली। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुजीत कुमार के साथ- साथ सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**तिरुलडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस द्वारा ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। बुधवार को चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में तिरुलडीह थाना क्षेत्र के कई गांव में चांडिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान तिरुलडीह मार्केट, तिरुलडीह, सिरकाडीह, गुण्डलीडीह में इंस्पेक्टर अजय कुमार, तिरुलडीह थाना प्रभारी आलम चांद महतो व सैकड़ों जवानों के साथ फ्लैग मार्च करते हुए तिरुलडीह थाना वापस लौट गया। चांडिल इंस्पेक्टर अजय कुमार ने बताया की झारखंड में प्रथम चरण के विधानसभा चुनाव 13 नवम्बर को होगी जिसको देखते हुए आम जनमानस में भयमुक्त वातावरण बनाने को लेकर पुलिस द्वारा लगातार फ्लैग मार्च आदि किये जाते हैं। इसी कड़ी में आज तिरुलडीह थाना क्षेत्र में एक कार्यक्रम किया गया जिसमें आम जनता भयमुक्त वातावरण में अपने मतदान कर सरकार बनाने में अपना अहम भूमिका निभाएंगे।

## दीपावली की पूर्व संध्या पर दीपों की रोशनी से जगमगाया सिदगोड़ा सूर्य मंदिर धाम

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर दीपावली की रौनक में रंग गयी है। रोशनी के पर्व दीपावली की पूर्व संध्या पर सूर्य मंदिर परिसर में अयोध्या की तर्ज पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सूर्य मंदिर व आसपास के क्षेत्र को रंगबिरंगी लाइटों से सजाया गया है। बुधवार को सूर्य मंदिर समिति की ओर से श्रीराम मंदिर प्रांगण व पूरे मंदिर परिसर में 11 हजार देशी घी के दीये जलाए गए। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू एवं संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह विशेष रूप से शामिल हुए और समिति के सदस्यों के संग दीपक जलाकर दिपावली की खुशियां साझा की।

### मंत्री बन्ना गुप्ता ने दी शुभाकामनाएं, कहा

# दीपोत्सव का पर्व हर घर में लाये उजियारा

◆ **घर-घर पहुंचाएंगे मंईयां सम्मान योजना का लाभ, हर महिला को मिलेगा सम्मान : बन्ना गुप्ता**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने मतदाताओं को दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि दीपोत्सव का पर्व हर घर में उजियारा लाए। मैंने निजी प्रयास से अपने कार्यकर्ताओं को लगाकर जगह जगह कैम्प लगवाए और सरकार की योजनाओं को घर घर पहुंचाने का काम किया है। मेरा प्रयास है कि जमशेदपुर पश्चिमी की हर माता को मंईयां सम्मान योजना का लाभ मिले। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही इस सरकार ने हर महिला को 2500 रुपए मासिक देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अभी वर्तमान में एक हजार मासिक आना आरंभ हो गया है। जिनका नहीं आया है, उनका पैसा आदर्श आचार संहिता के बाद उनके खाते में आ जाएगा। दिसंबर माह से सभी के खाते में 2500 रुपए आया करेगा। कांग्रेस की पूरी टीम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु प्रयासरत है। मैं संकल्पित हूँ कि जमशेदपुर के हर महिला, वृद्धा, विधवा, दिव्यांग, श्रमिक, छोटे व्यापारी, पत्रकार, अधिवक्ताओं को सरकारी पेंशन, बीमा इत्यादि प्रत्येक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। मैं आह्वान करता हूँ कि इस दीपावली में एक दीपक शहीदों के नाम पर जलाएं। एक दीपक अपने घर के समीप अवस्थित छोटे छोटे मंदिर में जलाएं। एक दीपक अपने घर के समीप किसी गरीब के घर पर अवश्य जलाएं। आपके घर के आस पास कोई बुजुर्ग या कोई महिला अकेली जीवन यापन कर रही हो तो उसके आंगन में भी एक दीपक प्रज्वलित करें। बन्ना गुप्ता ने कहा कि दीपावली का पर्व द्वेष को मिटाने और भाईचारा का प्रकाश फैलाने का पर्व है। इस दिन चुनावी राजनीति को दरकिनार कर मैं पार्टी और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर क्षेत्र की तमाम जनता और हर पार्टी के कार्यकर्ताओं को दीपावली की शुभकामनाएं देता हूँ। बन्ना गुप्ता ने बिस्टुपुर और साकची में पदयात्रा कर जनसम्पर्क किया। उन्होंने कदमा, सोनारी और साकची में काली पूजा के कई पंडालों का उद्घाटन किया।

## सुबोधकांत ने सविता महतो के पक्ष में किया दर्जनों गांवों में चुनाव प्रचार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** बुधवार को ईचागढ़ व कुकड़ु प्रखंड के दर्जनों गांवों में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी सह निवर्तमान विधायक सविता महतो के साथ पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय व तेजस्विनी सहाय ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने टीकर, डुमटांड़, मिलन चौक, तिरूलडीह, चौड़ा व कुदा समेत दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। साथ ही इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सविता महतो के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान सुबोधकांत सहाय ने कहा कि एनडीए की भाजपा सरकार सिर्फ बोलता है और इंडिया गठबंधन के हेमंत सरकार करके दिखाया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सम्मान देने का मामला हो, आबुआ आवास देने का मामला हो, बिजली बिल माफ करने का मामला हो या किसानों का कर्ज माफ करने का मामला हो हेमंत सोरेन ने करके दिखाया और काम के मुद्दों पर फिर से गठबंधन की हेमंत सरकार बनने जा रही है।

## प्रति माह 3.5 लाख के सर्वाधिक स्टाइपेंड पर एक्सएलआरआइ के शत प्रतिशत छात्रों को समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ के विद्यार्थियों को प्लेसमेंट से पूर्व ही प्रति माह 3.50 लाख रुपये प्रति माह मिलेगा। यह राशि अप्रैल 2025 से जून 2025 तक प्रतिमाह मिलेगी। दरअसल, एक्सएलआरआइ में पिछले कुछ दिनों से समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट (एसआइपी) का आयोजन किया जा रहा था, जिसमें सत्र 2024-26 के बिजनेस मैनेजमेंट व ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के सभी 100 प्रतिशत विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के लिए लॉक कर लिया गया। संस्थान प्रबंधन की ओर से जानकारी दी गयी कि इस बार एक्सएलआरआइ के कुल 576 विद्यार्थियों को देश व दुनिया की अलग-अलग बड़ी कंपनियों ने इंटर्नशिप के लिए लॉक किया गया है। बताया गया कि इस बार संस्थान के कुल 576 विद्यार्थियों को कुल 604 ऑफर दिये गये। इसमें कुल 133 कंपनियां शामिल हैं। इसमें कुल 37 कंपनियां ऐसी हैं, जो पहली बार समर इंटर्नशिप में आई हैं। जिसमें कंसल्टिंग, फाइनांस, सेल्स, मार्केटिंग, जेनरल मैनेजमेंट, प्रोडक्शन मैनेजमेंट ऑपरेशन, अनालिटिक्स एंड एचआर जैसी सेक्टर की कंपनियां शामिल थीं।एक्सएलआरआइ के प्लेसमेंट अफेयर्स के चेयरमैन ए कनगराज ने कहा कि एक्सएलआरआइ के प्रति रिक्रूटर्स का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। इस साल 37 नई कंपनियां आयी है, जो अपने आप में नायाब उदाहरण है।

**64 प्रतिशत विद्यार्थियों को 1.5 लाख रुपये से अधिक का स्टाइपेंड**

एक्सएलआरआइ प्रबंधन की ओर से बताया गया कि इतने बड़े बैच साइज होने के बावजूद इस बार पूर्व की तुलना में इंर्टनशिप की राशि में बढ़ोतरी हुई है। एवरेज स्टाइपेंड 1.67 लाख रुपये जबकि मेडियन स्टाइपेंड 1.60 लाख रुपये दी गयी है। बीएफएसआइ सेक्टर में सर्वाधिक स्टाइपेंड 3.5 लाख रुपये का ऑफर दिया गया है। टॉप 10 प्रतिशत विद्यार्थियों को 2.54 लाख प्रति माह, 25 प्रतिशत विद्यार्थियों को 2.42 लाख रुपये प्रतिमाह, जबकि 50 फीसदी विद्यार्थियों को 2.27 लाख रुपये प्रति माह का स्टाइपेंड दिया जायेगा। वहीं, 84 फीसदी विद्यार्थियों को प्रति माह 1 लाख रुपये जबकि 64 प्रतिशत विद्यार्थियों को 1.5 लाख रुपये दिया जाएगा।

## पीएमश्री पीपुल्स अकादमी प्लस टू उच्च विद्यालय में जिला स्तरीय कला उत्सव आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** शिक्षा परियोजना, पूर्वी सिंहभूम की ओर से पीएमश्री पीपुल्स अकादमी प्लस टू उच्च विद्यालय, बाराद्वारी में मंगलवार को जिला स्तरीय कला उत्सव 2024 - 25 का आयोजन किया गया। इसमें बोड़ाम प्रखंड के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय दिघी भूला के विधार्थियों ने लोकनृत्य (क्षेत्रीय) जनजातीय श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के भक्तरंजन एवं ग्रुप टीम ने छऊ नृत्य प्रस्तुत कर पहला स्थान प्राप्त किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी डीईओ मनोज कुमार और जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष कुमार पांडे ने भक्तरंजन एवं ग्रुप टीम को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर पुरस्कृत किया। अब भक्तरंजन एवं ग्रुप टीम रांची में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कला उत्सव में भाग लेंगे। जिला स्तरीय पहला स्थान हासिल प्राप्त करने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार , शिक्षक निवारण महतो के साथ- साथ विद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं ने छऊ नृत्य प्रस्तुत करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई के साथ- साथ उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## भारत आदिवासी पार्टी के जिलाध्यक्ष का मुसाबनी में हुआ स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** भारत आदिवासी पार्टी के नवनियुक्त पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष मदन मोहन सोरेन का मुसाबनी महुलबेड़ा में मंगलवार को मोहम्मद गुलाम के नेतृत्व में स्वागत किया गया। मौके पर एक बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें मदन मोहन सोरेन ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है परंतु व्यवहार में वर्तमान समय में राजनीतिक दल जनता पर हावी है। जन आकांक्षा के विपरीत कार्यशैली है। भारत आदिवासी पार्टी केवल राजनीति करने नहीं बल्कि राजनीतिक चरित्र को ही बदलना चाहती है। यह असंभव नहीं है राजस्थान में हमने करके दिखाया है। भारत आदिवासी पार्टी जल जंगल जमीन और प्राकृतिक संसाधन की संरक्षण के लड़ाई के साथ साथ मालिकाना हक़ लेने के लिए भी अभियान चलाएंगे। मुसाबनी क्षेत्र में शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार के हालात बेहद दयनीय है इस पर कोई भी दल गंभीर नहीं होना चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि मुसाबनी शहरी क्षेत्र में एक अतिरिक्त स्वास्थ्य उप केंद्र खोलने की लड़ाई जारी रहेगी। इस अवसर पर मोहम्मद गुलाम, महेश मार्डी, कालीचरण किस्कु, धनीराम हांसदा, आनन्द मुर्मू, अमित हांसदा, धनपति बास्के, संजय हेम्ब्रम, अस्लम हूसेन, मुहम्मद रेहान,कलीम अंसारी, शेख असगर आदि उपस्थित थे।

## भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू का जनसंपर्क अभियान हुआ तेज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू का लोगों से मिलकर समर्थन और आशीर्वाद लेने का सिलसिला लगातार जारी है। बुधवार को उन्होंने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न इलाकों में जाकर नागरिकों से मुलाकात की और दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान लोगों से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के %वोकल फ़ॉर लोकल% अभियान को सशक्त बनाने के लिए सभी अधिक से अधिक स्थानीय उत्पादों का उपयोग करें। विशेष रूप से कुम्हारों द्वारा बनाए गए मिट्टी के दीयों का उपयोग कर इस दीपावली को न केवल खास बनाएं, बल्कि समाज के गरीब वर्गों के जीवन में भी उजियारा लाएं।

पूर्णिमा साहू ने बर्मामाइंस के शिवनगर, कंचन नगर, मनीफीट और ईस्टप्लांट बस्ती में घर-घर जाकर लोगों का समर्थन हासिल किया। उन्होंने सीतारामडेरा और बारीडीह के कई इलाकों में भी लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके ठोस समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान महिलाओं ने विशेष रूप से स्वागत कर पदयात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समर्थन जताया।

## ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने एमजीएम में बांटी दिवाली की खुशियां



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** छोटी दिवाली के अवसर पर ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्यों ने महात्मा गांधी मेमोरियल अस्पताल में रह रहे मरीज, बच्चे, बेसहारा जरूरतमंद लोगों के साथ बुधवार को दीपावली का शुभ त्योहार मनाया। दीपावली के इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर मोहम्मद औबेदुल्ला पठान, मोहम्मद इंजमाम अमन खान एवं मोहम्मद तंजीरुल्लाह खान ने अपने हाथों से अस्पताल में रह रहे बच्चों के बीच मिठाईयां बांटी। अतिथियों में मोहम्मद औबेदुल्ला पठान, मोहम्मद इंजमाम अमन खान एवं मोहम्मद तंजीरुल्लाह खान ने ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे इस तरह के सामाजिक कामों की सराहना की और कहा कि जो लोग अपने परिवार से दूर है उन्हें परिवार की कमी महसूस नहीं हो, इसके लिए यह बहुत अच्छा प्रयास है। सभी लोगों ने बहुत उत्साह के साथ प्रकाश के इस त्योहार का आनंद लिया।

### माइकल जॉन सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया संबोधित, कहा

## निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराना प्राथमिकता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** बुधवार को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने के मद्देनजर माइकल जॉन सभागार, बिष्टुपुर में एआरओ, जोनल व सेक्टर पदाधिकारी के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम को जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने संबोधित किया। प्रशिक्षण में मतदान पूर्व, मतदान दिवस और मतदान पश्चात ईवीएम रिसिविंग को लेकर प्रशिक्षणार्थियों के दायित्वों पर प्रकाश डाला गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सेक्टर अधिकारियों से यह अपेक्षा की जाती है कि उन्हें मतदान केन्द्र तक पहुंच मार्ग, केन्द्रों का भौतिक सत्यापन, मतदान प्रक्रिया, ईवीएम, वीवीपैट में त्रुटि, उसकी कार्यप्रणाली, आदर्श आचरण संहिता कानून व्यवस्था का ज्ञान हो। उन्होने कहा कि सभी एआरओ, जोनल पदाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारी सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जवाबदेही के साथ करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी को नियुक्त होते ही अपने प्रभार के केन्द्रों को दौरा करना चाहिए। उन्हें ईवीएम के बारे में पूरी जानकारी, बिना भ्रम और बिना शंका के होनी चाहिए। सेक्टर अधिकारी को मतदान प्रक्रिया की भी पूरी जानकारी होनी चाहिए। उन्हें अपने क्षेत्र और उसके पहुँच मार्गो की भी अच्छी जानकारी होनी चाहिए। सेक्टर पदाधिकारी यह भी नज़र रखें कि उनके सेक्टर में आदर्श आचार संहिता का पालन हो रहा है। अपने क्षेत्र में अनाधिकृत प्रचार वाहनों की आवाजाही, सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग और उनके तथा निजी संपत्तियों के विरूपण पर भी नज़र रखें। क्षेत्रीय संवेदनशीलता का आकलन, कारकों की पहचान करना और आर.ओ./ए.आर.ओ. को सूचित करना, संवेदनशील क्षेत्रों के मतदाताओं को उनकी सुरक्षा के प्रति आश्वस्त करना आदि कार्य सेक्टर पदाधिकारी के होंगे। ईवीएम के प्रति मतदाताओं को जागरूक करना, मतदाताओं को उनके केंद्र के बारे में अवगत कराना, मतदाताओं को हेल्पलाईन नंबर एवं केंद्र पर मिल सकने वाली सहायता के बारे में जागरूक करना, भय अथवा दबाव मुक्त मतदान के लिए प्रयास करना, उन मतदाता समूहों पर विशेष ध्यान देना जो वलनरेबल हैं।

# सिख धर्म गुरु का अपमान बर्दाश्त नहीं, मंत्री को बर्खास्त करे बीजेपी : डॉ. अजय

**- जनता तय करे गुंडागर्दी चाहिए या सुरक्षित एवं विकसित जमशेदपुर**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पूर्वी से कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ. अजय कुमार ने चुनावी सभा में बीजेपी के केंद्रीय राज्य मंत्री द्वारा दिए गए सिख धर्म गुरु को अपमानित करने वाले बयान की भर्त्सना करते हुए नरेंद्र मोदी से मंत्री को अविलंब बर्खास्त करने की मांग की। मंगलवार को प्रेस बयान जारी कर डॉ. अजय ने कहा कि बीजेपी हमेशा नफरत की राजनीति करती रहती है। बीजेपी की मानसिकता लोगों को अपमानित करने की रही है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। समय समय पर बीजेपी के नेताओं ने सिख समाज को अपमानित करने का काम किया है। किसान आंदोलन में सिख समुदाय को आतंकवादी तक कहा गया। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म के बारे में अपशब्द बोलने का अधिकार किसी को नहीं। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। डॉ. अजय ने कहा कि सिख धर्म गुरु को अपमानित करने वाली भाजपा अब आम सिख लोगों के साथ मारपीट करने पर उतारु हो गई है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को एक भाजपा नेता के बेटों द्वारा एक सिख युवा के साथ मारपीट की गई, जो निंदनीय है। सवाल यह है कि अभी तो चुनाव के नतीजे आने बाकी है। अभी से बीजेपी नेताओं का तांडव जारी है, मैं बार बार कहता हूं ये सुधरेने वाले नहीं है। इसलिए इसबार जनता को तय करना है कि वो गुंडागर्दी चाहती है या सुरक्षित एवं विकसित जमशेदपुर।

## डॉ. अजय ने की टाटा मोटर्स यूनियन के नेताओं से साथ मुलाकत, समर्थन का एलान

**डॉ. अजय के पास जमशेदपुर के विकास को लेकर विजन है : गुरमित सिंह तोते**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पूर्वी सीट के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. अजय कुमार ने बुधवार को टाटा मोटर्स यूनियन के नेताओं के साथ मुलाकात की एवं समर्थन मांगा। मौके पर यूनियन के महासचिव आरके सिंह ने कहा कि डॉ. अजय ने अपने कार्यकाल में अस्थायी कर्मचारियों के हित के लिए बहुत काम किए थे। कंपनी के विकास में डॉ. अजय के महत्वपूर्ण योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। वहीं यूनियन के अध्यक्ष गुरमित सिंह तोते ने कहा कि डॉ. अजय एक शिक्षित एवं सुलझे हुए व्यक्ति है। उनके पास जमशेदपुर के विकास को लेकर विजन है। यूनियन डॉ. अजय कुमार के साथ खड़ा है और रहेगा। वहीं इस अवसर पर डा. अजय कुमार ने कहा कि टाटा मोटर्स से मेरा पुराना संबंध रहा है। मुझे भरोसा है कि यूनियन का पूरा सहयोग और समर्थन मिलेगा।

संपादकीय

## ब्रिक्स सम्मेलन में भारत

रूस के ऐतिहासिक शहर कजान में आयोजित ब्रिक्स समूह के नेताओं का शिखर सम्मेलन कई कारणों से महत्वपूर्ण रहा है। विशेषकर ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से वैश्विक पटल पर भारत की स्थिति और अधिक मजबूत हुई है। भारत के दृष्टिकोण से यह सम्मेलन उसके लिए बहुत लाभप्रद रहा है। सम्मेलन की सबसे अधिक उल्लेखनीय एवं महत्वपूर्ण घटना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की द्विपक्षीय वार्ता रही। पिछले कुछ साल से दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण रहे हैं। इस बातचीत में विभिन्न मुद्दों पर दोनों नेताओं के बीच क्या सहमति बनी, उसका विवरण तो बाद में पता चल सकेगा, लेकिन पांच वर्षों के अंतराल के बाद भारत और चीन के शीर्ष नेताओं की भेंट से निश्चित रूप से संबंधों में बेहतरी का सिलसिला शुरू होगा। इस मुलाकात के बाद भारत-चीन की सीमा पर शांतिपूर्ण संबंधों की स्थापना की पहलकदमी शुरू भी हो गई है। चीन की सेना ने अपने अस्थायी निर्माण हटाने शुरू कर दिए हैं और सीमा निगरानी को लेकर दोनों देशों की सेनाओं के मध्य एक रणनीतिक योजना भी बन गई है। सम्मेलन के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक शांति और सहयोग बढ़ाने के साथ-साथ आपसी व्यापार में अपनी-अपनी मुद्राओं को प्राथमिकता देने का भी आह्वान किया। यदि प्रधानमंत्री मोदी का यह विचार आगे बढ़ता है, तब वैश्विक अर्थव्यवस्था में डॉलर की धमक कम होगी। जिसका लाभ सभी देशों को मिलेगा। भारत के प्रधानमंत्री मोदी का यह विचार इतना अधिक प्रभावशाली एवं उपयोगी है कि सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी राष्ट्रीय मुद्राओं के अधिकाधिक उपयोग पर बल दिया। हालांकि, ब्रिक्स के संदर्भ में अमेरिकी डॉलर के स्थान पर दूसरी मुद्राओं को अपनाने की चर्चा बहुत समय से हो रही है। लेकिन इस चर्चा को गंभीर रूप भारत दे सकता है। फिलहाल यह कहा गया है कि समूह के सदस्य देश अपनी मुद्राओं में अधिक व्यापार करने का प्रयास करेंगे। रूस और चीन के आपसी व्यापार का 90 से 95 प्रतिशत उनकी अपनी मुद्राओं में होता है। भारत और रूस के बीच का व्यापार का भी बड़ा हिस्सा स्थानीय मुद्रा में हो रहा है। ब्रिक्स सम्मेलन से रूस को भी बड़ा लाभ हुआ है। यूक्रेन के साथ विवाद के बाद बनी वैश्विक स्थितियों में रूस को कमजोर करने के लिए यूरोप खूब जोर लगा रहा है। दरअसल, पश्चिमी देशों को लगता था कि वे रूस को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिल्कुल अलग-थलग कर देंगे। उन्हें यह भी लगता था कि ग्लोबल साउथ के देश उनके दबाव में आ जायेंगे और रूस से दूरी बना लेंगे। लेकिन ब्रिक्स सम्मेलन का आयोजन कर और लगभग तीन दर्जन देशों के नेताओं को आमंत्रित कर रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने यह साबित कर दिया है कि वे अलग-थलग नहीं पड़े हैं तथा ग्लोबल साउथ के उभरते हुए देश उनके साथ काम करने के लिए तैयार हैं। याद हो कि रूस के साथ संबंध सीमित करने के लिए भारत पर भी यूरोपीय देशों ने खूब दबाव डाला था लेकिन भारत ने उस दबाव को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। भारत किसी ताकत का पक्ष नहीं बना। वह अपनी स्थिति को लगातार मजबूत कर रहा है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि नये भारत को किसी भी प्रकार से अपनी ओर झुकाना या दबाव में लाना आसान नहीं है।


भारत के दृष्टिकोण से यह सम्मेलन उसके लिए बहुत लाभप्रद रहा है। सम्मेलन की सबसे अधिक उल्लेखनीय एवं महत्वपूर्ण घटना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की द्विपक्षीय वार्ता रही। पिछले कुछ साल से दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण रहे हैं। इस बातचीत में विभिन्न मुद्दों पर दोनों नेताओं के बीच क्या सहमति बनी, उसका विवरण तो बाद में पता चल सकेगा, लेकिन पांच वर्षों के अंतराल के बाद भारत और चीन के शीर्ष नेताओं की भेंट से निश्चित रूप से संबंधों में बेहतरी का सिलसिला शुरू होगा। इस मुलाकात के बाद भारत-चीन की सीमा पर शांतिपूर्ण संबंधों की स्थापना की पहलकदमी शुरू भी हो गई। चीन की सेना ने अपने अस्थायी निर्माण हटाने शुरू कर दिए हैं और सीमा निगरानी को लेकर दोनों देशों की सेनाओं के मध्य एक रणनीतिक योजना भी बन गई है। सम्मेलन के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक शांति और सहयोग बढ़ाने के साथ-साथ आपसी व्यापार में अपनी-अपनी मुद्राओं को प्राथमिकता देने का भी आह्वान किया। यदि प्रधानमंत्री मोदी का यह विचार आगे बढ़ता है, तब वैश्विक अर्थव्यवस्था में डॉलर की धमक कम होगी।


### भारतीय सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी का यह कहना समीचीन ही है कि भरोसा बहाली में समय लगेगा

## आखिर क्यों झुकता दिख रहा चीन

**उमेश चतुर्वेदी**


रूस-यूक्रेन और इजराइल-हिजबुल्ला संघर्ष के संदर्भ में भारत और चीन के बीच हुए इस समझौते को बेहतर परिणति ही माना जाना चाहिए। 15 और 16 जून 2020 की रात को बिना हथियारों के भारतीय सैनिकों ने लाल सेना के भले ही दांत खट्टे कर दिए, लेकिन भारतीय विपक्षी दलों ने उस मौके को उत्तेजना की राजनीति के लिए बेहतर मौके के रूप में लिया था। महज एक साल पहले ही तमिलनाडु में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ प्रधानमंत्री मोदी की चर्चित मुलाकात का हवाला देते हुए विपक्षी दलों ने मोदी सरकार पर दबाव बढ़ाने की कोशिश की थी।


**लद्दाख** सीमा पर गश्ती को लेकर भारत और चीन के बीच सहमति बन तो गई है, लेकिन उस पर आंख मूंदकर भरोसा करना जल्दबाजी और नासमझी होगी। अतीत में चीन के रवैये को देखते हुए भारतीय सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी का यह कहना समीचीन ही है कि भरोसा बहाली में समय लगेगा। रूस-यूक्रेन और इजराइल-हिजबुल्ला संघर्ष के संदर्भ में भारत और चीन के बीच हुए इस समझौते को बेहतर परिणति ही माना जाना चाहिए। 15 और 16 जून 2020 की रात को बिना हथियारों के भारतीय सैनिकों ने लाल सेना के भले ही दांत खट्टे कर दिए, लेकिन भारतीय विपक्षी दलों ने उस मौके को उत्तेजना की राजनीति के लिए बेहतर मौके के रूप में लिया था। महज एक साल पहले ही तमिलनाडु में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ प्रधानमंत्री मोदी की चर्चित मुलाकात का हवाला देते हुए विपक्षी दलों ने मोदी सरकार पर दबाव बढ़ाने की कोशिश की थी। उनकी मंशा चीन के साथ सीधा युद्ध करने के लिए सरकार को उकसाना रहा। बेशक 1962 जैसी स्थिति नहीं रही। तब से लेकर भारत ने सैनिक और आर्थिक मोर्चे पर लंबा सफर तय कर लिया है। वहीं चीन इस अवधि में दुनिया की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आर्थिक मोर्चे के लिहाज से देखें तो भारत पांचवें नंबर पर है और सैनिक ताकत के लिहाज से देखें तो चौथे नंबर है। चीन दुनिया के तीसरे नंबर की सैन्य शक्ति है। ऐसे में सीधी सैनिक कार्रवाई की अपनी सीमाएं थीं। इसलिए विपक्षी दलों के तमाम उलाहनों और उकसावों के बावजूद मोदी सरकार ने कूटनीतिक और आर्थिक मोर्चे पर चीन को घेरना शुरू किया। इसका मतलब यह नहीं कि सीमा पर सैन्य चौकसी कम की गई या सेना को कार्रवाई की छूट नहीं दी गई।



गलवान के बाद जब भी जरूरत पड़ी, आधुनिक हथियार विहीन हमारे सैनिकों ने लाल सेना को आगे बढ़ने नहीं दिया। गलवान कांड के बाद भारत ने चीन के खिलाफ कई कड़े कदम उठाए। उसमें सबसे पहला कदम यह रहा कि चीन के लिए सीधी उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। गलवान कांड के बाद से ही पड़ोसी होने के बावजूद दोनों देशों के बीच कोई सीधी उड़ान नहीं है। इस बीच चीन को आर्थिक मंदी का भी सामना करना पड़ा है। चीन को लगता है कि अगर भारत के साथ उसके कारोबारी रिश्ते बढ़ेंगे, तभी वह आर्थिक मोर्चे पर आगे रह सकता है। इसके लिए सीधी उड़ानें एक बड़ा जरिया हो सकती हैं। इसलिए सीमा पर विवाद के बावजूद वह भारत पर गाहे-बगाहे सीधी उड़ान सेवा बहाल करने के लिए कहता रहा है। वह यात्रियों के लिए सीधी उड़ान के साथ ही उनकी संख्या बढ़ाने पर भी जोर देता रहा है। लेकिन भारत ने इसकी लगातार उपेक्षा की। भारत ने एक और कड़ा कदम उठाया। चीन के लिए सख्त वीजा नियम लागू कर दिए। चीनी नागरिकों के लिए सख्त वीजा नियम होने की वजह से चीन के विशेष इंजीनियरों और तकनीशियनों की भारत में आवाजाही पर एक तरह से पाबंदी ही लग गई। इसकी वजह से चीनी आर्थिक गतिविधियों में कमी आई। इसके साथ ही भारत ने चीनी कंपनियों के निवेश पर भी कठोर नियम लागू कर दिए। गलवान कांड के तुरंत बाद भारत सरकार ने पड़ोसी देशों की कंपनियों के भारतीय निवेश की जांच प्रक्रिया में पुनरीक्षण और सुरक्षा मंजूरी की एक अतिरिक्त शर्त जोड़ दी। एक तरह से पड़ोसी देशों की कंपनियों के लिए नियम सख्त कर दिए गए। इसका सबसे ज्यादा असर चीनी कंपनियों पर पड़ा। इसकी वजह से भारतीय बाजार में चीनी कंपनियों द्वारा किए जाने वाले अधिग्रहण और निवेश पर लगाम लग गई। इसकी वजह से गलवान कांड के बाद से ही चीनी कंपनियों द्वारा प्रस्तावित अरबों डालर के निवेश की प्रक्रिया अटक गई। जिसका सीधा असर चीन की कंपनियों पर पड़ा और उन्हें आर्थिक दिक्कतें झेलनी पडीं। गलवान कांड के बाद भारत ने जो बड़ा कदम उठाया था, उसकी बड़ी चर्चा हुई थी। चीन की मोबाइल कंपनियों और एप्स की भारत में गलवान कांड के बाद बड़ी पहुंच बन गई थी। गलवान कांड के तुरंत बाद भारत ने डाटा और गोपनीयता की शर्तों के उल्लंघन का हवाला देते हुए चीन करीब 300 चीनी मोबाइल एप्स पर पाबंदी लगा दी थी। इसके बाद साल 2023 में मोदी सरकार ने चीन की स्मार्टफोन कंपनी विवो कम्युनिकेशन टेक्नॉलॉजी पर वीजा नियमों का उल्लंघन करने और 13 अरब डॉलर की धनराशि की हेराफेरी का आरोप लगाया था। जिसकी वजह से विवो के भारतीय बाजार पर बड़ा असर पड़ा। इसके साथ ही सरकार ने चीन की दूसरी बड़ी मोबाइल उत्पादक कंपनी शाओमी के खिलाफ कार्रवाई की। शाओमी पर आरोप लगा कि उसने विदेशी मुद्रा प्रबंधन कानून का उल्लंघन किया है। जांच में यह सही पाया गया और सरकार ने कार्रवाई करते हुए उसकी भारत स्थित करीब 60 करोड़ डॉलर से अधिक की संपत्तियों को जब्त कर लिया। इससे चीन के मोबाइल कारोबार को भारत में बड़ा झटका लगा। वैसे चीन को यहां तक लाने में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई बातचीत की बड़ी भूमिका रही है। चीनी विदेश मंत्री चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के वरिष्ठ सदस्य हैं। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के मुताबिक, वांग यी का मानना है कि संघर्षशील दुनिया के बीच दो प्राचीन पूर्वी सभ्यताओं और उभरते विकासशील देशों के रूप में चीन और भारत को अपनी स्वतंत्रता पर मजबूती से खड़ा रहना, लेकिन दोनों के बीच एकता और सहयोग भी होना चाहिए। वांग यी ने ही चीन को यह सुझाव दिया कि दोनों पड़ोसी देशों को एक-दूसरे को नुकसान पहुंचाने से बचना चाहिए। माना जा रहा है कि भारत और चीन के बीच करीब तीन चौथाई समस्याओं को खत्म कराने में रूसी राष्ट्रपति ब्लादीमीर पुतिन का भी योगदान है। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस, चीन के काफी करीब आया है। हालांकि उसने एक बात जरूर की है कि उसने भारत-चीन के रिश्तों में आई खटास के मद्देनजर कभी-भी चीन का साथ नहीं दिया, बल्कि भारत से अपनी पुरानी दोस्ती को बनाए रखा।

दृष्टि कोण

## आखिर कब तक थमेंगे जम्मू-कश्मीर में हो रहे आतंकी हमले?

**लीजिए** जम्मू-कश्मीर में एक और आतंकवादी हमला हो गया, जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग मारे गए। यह नृशंस वारदात किसकी शह पर हुई और किसकी नीतिगत लापरवाही से हुई, यह पुनः विमर्श का विषय है! क्योंकि हमारे देश में ऐसी घटनाएं आए दिन की बात हो चली हैं और राष्ट्र के किसी न किसी हिस्से में घटित होती रहती हैं। आखिर इस घटना के क्या मायने हैं, इस पर विचार करने से पहले एक सुलगता हुआ सवाल मेरे मनमस्तिष्क में कौंध रहा है कि आखिरकार 'खूनी होते जा रहे लोकतंत्र' और इसको 'संरक्षित करने वाले संवैधानिक तंत्र' के पास ऐसी वहशी वारदातों को रोकने के लिए अबतक कोई स्थायी मूलमंत्र क्यों नहीं मिला है? आखिर कब तक ऐसी अप्रत्याशित घटनाओं के खात्मे होंगे और इसे प्रोत्साहित करने वाले लोगों और उन्हें रोकने में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार लोगों पर ठोस कार्रवाई कबतक सुनिश्चित की जाएगी, ताकि ऐसी वारदातों पर पूर्ण विराम लग सके! यदि नहीं, तो क्यों नहीं? आम जनता को जवाब चाहिए। क्योंकि इस बद से बदतर स्थिति के लिए हमारी राजनीति और उसके इशारे पर थिरकने वाला प्रशासन भी कहीं न कहीं जिम्मेदार अवश्य है। बस इसके न्यायसंगत पड़ताल की जरूरत है, जो बीते कई दशकों से नहीं हो पा रही है! उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में आतंकियों ने एक और कायराना हमला करते हुए 7 मेहनतकश लोगों की उस वक्त जान ले ली, जब वो खाना खाने के लिए मेस में बैठे हुए थे। इस आतंकी वारदात में मरने वालों में एक स्थानीय डॉक्टर और टनल निर्माण में लगे 6 कर्मचारी भी शामिल हैं, जिनमें से 5 लोग बाहरी राज्यों से थे। उनमें 2 अधिकारी वर्ग के और 3 श्रमिक वर्ग के थे। वहीं, इस नृशंस हमले में 5 अन्य कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, यह हमला सोनमर्ग इलाके में हुआ और घटना के बाद सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में हुए आतंकी हमले में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। यह हमला रात करीब 8:30 बजे हुआ, जब सभी कर्मचारी खाना खाने के लिए मेस में एकत्र हुए थे। चश्मदीदों के मुताबिक, जब कर्मचारी मेस में भोजन कर रहे थे, तभी 3 आतंकी वहां पहुंचे और अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। इससे पहले कि कोई प्रतिक्रिया कर पाता, आतंकी हमला करके वहां से फरार हो गए। इस गोलीबारी में दो वाहन भी आग की चपेट में आकर जलकर खाक हो गए। खबरों के अनुसार, इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (TRF) ने ली है। जिसकी अविलंब कमर तोड़ देनी चाहिए। मसलन, प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि जिन श्रमिकों पर हमला हुआ, वे जेड मोड़ सुरंग परियोजना में काम कर रहे थे, जो गगनगीर घाटी को सोनमर्ग से जोड़ने वाली एक सुरंग है। इसका निर्माण उत्तर प्रदेश की एप्को नामक कंपनी द्वारा किया जा रहा है और इसे 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके चलते वहां तेजी से काम चल रहा था। सवाल है कि जब धारा 370 के हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में हाल ही में नई सरकार का गठन हुआ है और नेशनल कांफ्रेंस के चीफ उमर अब्दुल्ला ने घाटी में सरकार बनाई है, तब यह बड़ा सवाल है कि आखिर में आतंकियों के असल निशाने पर क्या था? क्योंकि नई सरकार बनने के बाद जम्मू-कश्मीर में यह पहली आतंकी वारदात हुई है। वहीं, दूसरा सवाल यह है कि क्या आतंकियों के निशाने पर घाटी के विकास कार्यों को रोकना है।

कुछ अलग

## ट्रूडो के मंसूबे

**दशकों** से कनाडा आप्रवासियों का दिल खोलकर स्वागत करता रहा है। कनाडा का आप्रवासन मंत्र रहा है कि जितने अधिक प्रवासी लोग आएंगे, उतना उसके लिए बेहतर रहेगा। कभी नवागंतुकों का खुली बांहों से स्वागत करने वाले कनाडा की सोच रही है कि दूसरे देशों से आने वाले प्रवासी खुद को स्थापित करने के लिये अधिक मेहनत करते हैं और नये देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यहां तक कि कनाडा ने उन कट्टरपंथियों और चरमपंथियों का भी स्वागत किया, जो अपने मूल देशों में कानून की रेखाओं का अतिक्रमण करते रहे हैं। कनाडा सरकार खुद अपनी पीठ थपथपाती रही है कि वह अपने समकक्ष पश्चिमी देशों की तुलना में आप्रवासियों के लिये बेहतर स्थिति बनाने में अव्वल रही है। लेकिन समय के साथ-साथ स्थितियां विसंगतियों की शिकार हुई हैं। आप्रवासियों के लिये सदैव द्वार खुले रखने की कनाडा की नीतियों के चलते, वहां के मूल नागरिक मानते हैं कि इस उदार नीति का आवास, स्वास्थ्य देखभाल और सामाजिक सेवाओं पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। जिसके चलते ट्रूडो सरकार पर न केवल विपक्ष बल्कि अपनी पार्टी का भी दबाव बढ़ रहा है। आज उनकी पार्टी में ट्रूडो का इस्तीफा मांगने वालों की संख्या भी कम नहीं है। इस दबाव का ही प्रभाव है कि ट्रूडो सरकार स्वीकार कर रही है कि उनकी सरकार श्रम जरूरतों को संबोधित करने और जनसंख्या वृद्धि को बनाए रखने के बीच सही संतुलन बनाने में विफल ही रही है। सरकार मानने लगी है कि आप्रवासन टिकाऊ होना चाहिए। दरअसल, कनाडा में लिबरल सरकार की लोकप्रियता में लगातार कमी आई है। जिसकी चिंता में कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो आम चुनावों से एक साल पहले ही हाथ-पैर मार रहे हैं। ट्रूडो की सोच है कि कुछ सख्त कदम उठाकर वे अपने मतदाताओं को आकर्षित कर सकते हैं। यहां तक कि उन्होंने अपनी अल्पमत सरकार को बचाने के लिये अपने पुराने मित्र व बड़े लोकतांत्रिक देश भारत से संबंध खराब करने से भी गुरेज नहीं किया। दरअसल, जस्टिन ट्रूडो के मुगालते कम नहीं हुए हैं। अपनी अल्पमत सरकार को बचाने के लिये उन्होंने भारत का मुखर विरोध करने वाले जिन सांसदों का समर्थन लिया, उनके एजेंडे को पूरा करने में ट्रूडो सारी सीमाएं लांघ रहे हैं। राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के चलते ट्रूडो मानकर चल रहे हैं कि वे अपने चौथे कार्यकाल के लिये चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। लेकिन पार्टी में चल रहे विरोध के चलते आशंका है कि उनका हश्र भी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन जैसा न हो, जिनको डेमोक्रेट्स के भारी दबाव के बाद राष्ट्रपति पद की फिर से दावेदारी छोड़नी पड़ी। लेकिन ट्रूडो की राजनीतिक महत्वाकांक्षा इतनी प्रबल रही कि वे अपरिपक्वता के चलते अपने पुराने सहयोगी नई दिल्ली के साथ संबंध बिगाड़ने से भी नहीं चूके। इसी कड़ी में वे कोशिश कर रहे हैं कि भारत से आने वाले प्रवासियों की संख्या को कम कर सकें। इसमें दो राय नहीं है कि कनाडा में स्थायी निवास की अनुमति की प्रक्रिया में जो बदलाव की मंशा ट्रूडो सरकार जता रही है, उसका सबसे ज्यादा असर भारतीय प्रवासियों पर पड़ेगा। हालांकि, उम्मीद के अनुरूप कुछ देशों से ही उन्हें नई नीति को लेकर समर्थन मिला है। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के दावेदार डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अब जस्टिन ट्रूडो कनाडा की सीमाओं को बंद करना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि ट्रंप अमेरिका में सीमाओं को लेकर सख्त कदम उठाने की बात करते रहे हैं। यहां तक कि अमेरिका की मैक्सिको सीमा पर दीवार बनाना उनका मुख्य एजेंडा रहा है।

देश दुनीया से

## गंभीर रोगों के इलाज में मददगार शोध को सम्मान

**माइक्रो** आरएनए की खोज और ट्रांसक्रिप्शन के बाद जीन एक्प्रेशन को रेगुलेट करने में उनकी भूमिका के लिए अमेरिका के दो विज्ञानियों विक्टर एंब्रोस और गैरी रुवकुन को संयुक्त रूप से साल 2024 का चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार मिलेगा। नोबेल असेंबली ने कहा कि उनकी खोज जीवों के विकास और कार्य करने के तरीके के लिए मौलिक रूप से महत्वपूर्ण साबित हो रही है। माइक्रो आरएनए जेनेटिक मैटेरियल आरएनए का सूक्ष्म हिस्सा होता है जो कोशिका के स्तर पर जीन की कार्यप्रणाली को बदलने देता है। माइक्रो आरएनए की जीन की गतिविधि को नियंत्रित करने और जीवों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। दोनों विज्ञानियों की खोज ने जीन को नियंत्रित करने के नए सिद्धांत के बारे में बताया है। उनके शोध से यह समझने में मदद मिली कि शरीर में कोशिकाएं कैसे काम करती हैं। एंब्रोस ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में माइक्रो आरएनए को लेकर शोध किया। वह यूनिवर्सिटी आफ मैसाचुसेट्स मेडिकल स्कूल में नेचुरल साइंस के प्रोफेसर हैं, जबकि रुवकुन ने यह शोध मैसाचुसेट्स जनरल हास्पिटल और हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में किया। पिछले साल कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को चिकित्सा का नोबेल दिया गया था। इन्हें न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के लिए यह सम्मान दिया गया था। इस खोज की वजह से कोरोनावायरस के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास में मदद मिली थी। नोबेल दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है, जिसके तहत विजेताओं को एक स्वर्ण पदक, प्रमाणपत्र और करीब एक करोड़ स्वीडिश क्रोना यानी करीब 8.3 करोड़ रुपए की राशि दी जाती है। माइक्रो आरएनए एक छोटा अणु है जो जीन गतिविधि को रेगुलेट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भले ही हमारे शरीर की सभी कोशिकाओं में एक जैसे जीन होते हैं, लेकिन विभिन्न प्रकार की कोशिकाएं, जैसे मांसपेशी और तंत्रिका कोशिकाएं, अलग-अलग कार्य करती हैं। यह जीन रेगुलेशन के कारण संभव है, जो कोशिकाओं को केवल उन जीनों को 'चालू' करने की अनुमति देता है जिनकी उन्हें आवश्यकता होती है। यह खोज जीवों के विकास और कार्य करने के तरीके को समझने के लिए मौलिक रूप से महत्वपूर्ण साबित हो रही है। माइक्रो आरएनए को लेकर एम्ब्रोस और रुवकुन की खोज ने इस विनियमन के होने का एक नया तरीका बताया है। अमेरिकी विज्ञानी विक्टर एंब्रोस ने 1993 में पहला माइक्रो आरएनए खोजा था। जीवविज्ञानी गैरी ब्रूस रुवकुन ने दूसरे माइक्रो आरएनए एलईटी-7 की खोज की थी। उन्होंने पता लगाया कि विक्टर एंब्रोस द्वारा पहचाना गया पहला माइक्रो आरएनए लिन-4 आरएनए को कैसे नियंत्रित करता है। हमारे शरीर की हर कोशिका में लगभग 20,000 जीन होते हैं। ये जीन, प्रोटीन बनाने के लिए आवश्यक निर्देशों को एनकोड करते हैं। प्रोटीन हमारे शरीर के लिए बिल्डिंग ब्लॉक्स जैसे होते हैं। लेकिन हर कोशिका के काम करने का तरीका अलग होता है। जैसे मांसपेशी कोशिका और तंत्रिका कोशिका अलग-अलग काम करती हैं। इसलिए हर कोशिका को अलग तरह के प्रोटीन की जरूरत होती है। मतलब, हर कोशिका में कुछ खास जीन ही काम करते हैं। ये जीन, कोशिका के आसपास के वातावरण अनुसार बदलते रहते हैं। जब कोई जीन काम करना शुरू करता है, तो उस जीन से एक नया अणु बनता है जिसे मैसेंजर आरएनए कहते हैं। यह आरएनए प्रोटीन बनाने के लिए कोशिका के एक हिस्से में जाता है। बहुत समय तक वैज्ञानिकों का मानना था कि जीन की गतिविधि मुख्य रूप से डीएनए से जुड़ने वाले विशेष प्रोटीन द्वारा नियमित होती है, जिन्हें ट्रांसक्रिप्शन फैक्टर कहा जाता है। लेकिन विक्टर एंब्रोस और गैरी रुवकुन ने एक नई खोज की व पाया कि माइक्रो आरएनए नाम के बहुत छोटे अणु भी इस काम में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब ये दोनों वैज्ञानिक 1993 में एक सीरीज में लगातार लैब में प्रयोग कर रहे थे, तब इन्होंने एक छोटे से कीड़े, सी. एलिगेंस में, एक विशेष प्रकार के मोलिक्युल की खोज की। इस मोलिक्युल को उन्होंने लिन-4 नाम दिया। बाद में यही मोलिक्युल माइक्रो आरएनए कहलाया। इसी तरह साल 2000 में वैज्ञानिकों ने एक और माइक्रो आरएनए लेट-7 की खोज की। यह माइक्रो आरएनए न केवल सी. एलिगेंस में बल्कि सभी जानवरों में पाया जाता है। अब तक एक हजार से ज्यादा माइक्रो आरएनए खोजे जा चुके हैं। इंपीरियल कालेज लंदन में मोलिक्युलर आंकोलाजी की लेक्चरर डॉ. क्लेयर फ्लेचर के अनुसार, इस शोध ने कैंसर जैसी बीमारियों के इलाज के लिए विज्ञानियों के रास्ते खोल दिए हैं। माइक्रो आरएनए कोशिकाओं को नए प्रोटीन बनाने के लिए जेनेटिक निर्देश देता है। यह रोगों के उपचार के लिए दवाओं के विकास और बायोमार्कर के रूप में उपयोगी हो सकता है। त्वचा कैंसर के इलाज में माइक्रो आरएनए तकनीक किस तरह से मददगार हो सकती है, इस पर क्लीनिकल परीक्षण जारी हैं। गुणसूत्रों में मौजूद जानकारी हमारे शरीर की सभी कोशिकाओं के लिए निर्देश पुस्तिका की तरह है। हर कोशिका में एक जैसे गुणसूत्र होते हैं, इसलिए उन सभी के पास निर्देशों का एक ही सेट होता है। लेकिन मांसपेशी और तंत्रिका कोशिकाओं जैसी विभिन्न प्रकार की कोशिकाएं एक-दूसरे से बहुत अलग होती हैं। यह मनुष्यों सहित दूसरे जीवों के लिए बेहद मायने रखता है। मानव शरीर में एक हजार से ज्यादा माइक्रो आरएनए होते हैं। ऐसे में उनकी खोज ने हमें जीवों के बढ़ने और काम करने के तरीके के बारे में एक नया पहलू समझने में मदद की है। 1901 के बाद से चिकित्सा के क्षेत्र में दिया जाने वाला यह 115वां नोबेल पुरस्कार है।


नोबेल असेंबली ने कहा कि उनकी खोज जीवों के विकास और कार्य करने के तरीके के लिए मौलिक रूप से महत्वपूर्ण साबित हो रही है। माइक्रो आरएनए जेनेटिक मैटेरियल आरएनए का सूक्ष्म हिस्सा होता है जो कोशिका के स्तर पर जीन की कार्यप्रणाली को बदलने देता है। माइक्रो आरएनए की जीन की गतिविधि को नियंत्रित करने और जीवों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका होती है।


आप का नजरीया

## भारत-चीन संबंधों में सुधार की पहल

**भारत** और चीन द्वारा वास्तविक नियंत्रण रेखा पर 2020 से पहले की स्थिति को फिर से बहाल करने पर सहमत होना दोनों देशों के संबंधों में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीमा से संबंधित दशकों से स्थापित व्यवस्था तथा उनके आधार पर दोनों देशों के बीच विश्वास बढ़ाने के प्रयासों को 2020 में चीन की आक्रामकता से बड़ा झटका लगा था। गलवान में हुई हिंसक झड़प में कई भारतीय और चीनी सैनिकों की मौत भी हुई थी। उस घटना के बाद से सीमा पर तनातनी बढ़ती गयी तथा बड़ी संख्या में दोनों देशों ने अपने सैनिकों को तैनात किया। फिर भी भारत ने अपनी संप्रभुता, संयुक्त राष्ट्र चार्टर आदि को ध्यान में रखते हुए कूटनीति और संवाद का सिलसिला जारी रखा। सैन्य अधिकारियों के अलावा हमारे विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार चीन के अपने समकक्ष पदाधिकारियों से मिलते रहे। दोनों देशों के बीच सैनिक अधिकारियों की जो कार्यसमिति है, उसकी कई बैठकें हो चुकी हैं। साथ ही, कूटनीतिक और सैन्य अधिकारियों की संयुक्त समिति की बैठकें भी होती रही हैं। इन प्रयासों से तनाव को समाप्त करने में धीमी गति से प्रगति होती रही। इसका एक कारण यह है कि चीन भारत को एक प्रतिद्वंद्वी की तरह देखता है तथा यह समझता है कि उसे नियंत्रित करने में भारत अमेरिका को सहयोग देता है। पर वास्तव में भारत की नीति स्पष्ट है कि हम किसी भी देश के विरुद्ध नहीं हैं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समावेशी माहौल होना चाहिए तथा स्थापित नियमों का पालन सभी देशों को करना चाहिए। इस प्रकरण में भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत हुई है। यह दुनिया के उन देशों के लिए भी सबक है, जो युद्ध में हैं। यदि आप शांतिपूर्ण ढंग से बातचीत का क्रम बनाकर आगे बढ़ते हैं, तब समाधान निकल ही आता है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग की मुलाकात के बाद अब दोनों देशों के संबंधों में जमी बर्फ पिघलेगी। यहाँ से आवश्यक है कि चीन अपनी विश्वसनीयता को बनाए रखे। क्योंकि चीन के बारे में धारणा है कि वह कभी भी पलटी मार सकता है। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू चीन के साथ भाई-भाई का नारा लगाते रह गए थे और चीन ने भारत की पीठ में छुरा घोंप दिया था। बहरहाल, भारत और चीन दोनों एशिया की महाशक्तियां हैं। एशिया की भू-राजनीतिक स्थिति एवं विकास पर दोनों का गहरा प्रभाव है। इसलिए भी आवश्यक है कि दोनों देशों के बीच विश्वास का वातावरण बने और आपसी सहयोग की नीति बने। कहना होगा कि यहाँ से दोनों देशों के संबंध किस दिशा में आगे बढ़ते हैं, यह बहुत हद तक चीन के व्यवहार पर भी निर्भर करेगा। भारत तो सदैव से मित्रता और सह-अस्तित्व की भावना को लेकर आचरण करता है। यहाँ भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के वक्तव्य का उल्लेखनीय है- "संबंधों के तीन आधार होते हैं- परस्पर सम्मान, परस्पर हित और परस्पर संवेदना"। निःसंदेह, अगर चीन इन पर ध्यान देता है, तो परस्पर सहयोग बढ़ेंगे। भारत तो इन तीनों आधारों को सदैव जीता है।

## महागठबंधन के प्रत्याशी रश्मि प्रकाश के पक्ष में मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने चलाया सघन जनसंपर्क अभियान

### महागठबंधन के समर्थन में उतरे हजारों ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** चतरा विधानसभा के महागठबंधन से राष्ट्रीय जनता दल के विधायक प्रत्याशी श्रीमती रश्मि प्रकाश के पक्ष में मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने बुधवार को प्रतापपुर प्रखंड के दर्जनों गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया,वही रामपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम कसमार में ग्रामीणों ने एक कार्यक्रम आयोजित कर श्री भोक्ता को भव्य स्वागत किया, स्वागत के बाद कुछ प्रबुद्ध लोगों ने अपना अपना मंतव्य रखे और रश्मि प्रकाश को जिताने तथा अपना बहुमूल्य मतदान एक तरफा करने का शपथ लिया। कार्यक्रम के उपरांत मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि महागठबंधन रश्मि प्रकाश को मतदाताओं ने अपना जनादेश दिया तो, हम कुछ और नया करने का प्रयास करूंगा। वहीं ग्रामीणों ने रश्मि प्रकाश जिंदाबाद, सत्यानंद भोक्ता जिंदाबाद, तेजस्वी यादव जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद का जम कर नारे लगा कर आशीर्वाद दिया। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष खेदु यादव, सन्मुख यादव, योगीडीह मुखिया बीरेंद्र यादव, मेराज अंसारी, सलाउद्दीन खान, शाहनवाज खान, भोला प्रसाद, युवा नेता संदीप सोनी, आशीष कुमार, विशाल यदुवंशी, पवन यादव, विकाश कुमार, मुकेश यादव, परमेश्वर कुमार यादव, बच्चू तूरी, समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## महागठबंधन प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने जन सम्पर्क चला मांगा समर्थन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखण्ड क्षेत्र के पत्थलगड़ा मुख्य चौक के गांधी चौक पर महागठबंधन के प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने मतदाताओं से मुलाकात कर जनसमर्थन देने की अपील किया है। जनसमर्थन अभियान में प्रत्याशी मनोज चंद्रा के पक्ष में सैकड़ों समर्थक और कार्यकर्ता शामिल थे। हालांकि इस तरह जनसमर्थन अभियान से मनोज चंद्रा के प्रति मतदाताओं का काफी समर्थन और आशीर्वाद मिलता नजर आ रहा है। वहीं कार्यकर्ताओं में काफी जोश और जुनून है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि हमारा प्रत्याशी मनोज चंद्रा पढ़ालिखा और हमेशा लोगों के बीच रहने वाला है। वहीं किसी भी समस्या को लेकर ग्रामीणों के साथ हमेशा खड़ा रहते है। वहीं भाजपा के प्रत्याशी जो खुद अपना मतदान नहीं कर सकते वो किसी से क्या वोट मांग सकते हैं। यहां के ग्रामीण मतदाता पहचानते तक नहीं वैसे में भाजपा का यह छलावा है। जबकि भाजपा के हीं सिमरिया विधान सभा से विधायक किसुन दास रहें है। जो आज तक विधान सभा क्षेत्र विकास से कोसों दूर रहा है।

## साफ सुथरा छवि बेबाक अंदाज मिलनसार मृदुभासी के धनी हैं दोनों प्रत्याशी मनोज चंद्रा और उज्जवल दास

**मयूरहंड(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड में विधानसभा चुनाव का बिगूल बज चुका है। सभी राजनीतिक दलों के उम्मीदवार अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित कराने के लिए जनता की अदालत में हाजिरी लगाते हुए नजर आ रहे हैं।सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में मुख्य रूप से दो उम्मीदवारों के बीच सीधी टक्कर है।झारखंड मुक्ति मोर्चा से मनोज चंद्रा महागठबंधन के द्वारा बनाए गए उम्मीदवार हैं तो वहीं भाजपा से उज्जवल दास एनडीए समर्थित उम्मीदवार हैं। दोनों उम्मीदवार राजनीति के विरासत में पले-बढे हैं तो वहीं दोनों उम्मीदवारों के पिता सिमरिया विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं। पिछले बार विधानसभा की चुनाव में मनोज चंद्रा दूसरे नंबर पर और बहुत कम अंतर के वोटो से भाजपा उम्मीदवार किसून दास से हारे थे।पांच सालों में बगैर विधायक बने मनोज चंद्रा और उज्जवल दास लोगों के बीच पहुंचते रहे और उनके हर दुख सुख में साथ खडे रहे और यहीं से सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में चुनावी ऊंट का करवट बदल गया।इस बार के विधानसभा चुनाव में किसून दास का टिकट कट गया और उज्जवल दास को भाजपा का आशीर्वाद मिल गया।दूसरी तरफ जेल से निकलने के बाद दोबारा मुख्यमंत्री पद का शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जिससे पूरे झारखंड में राजनीति का समीकरण बदल गया।झारखंड में मैया सम्मान योजना वोट बैंक की तरह इस समय नजर आ रहा है और लोग सुर में सुर मिलाते हुए कह रहे हैं मिस्टर हेमंत सोरेन इस द बेस्ट चीफ मिनिस्टर ऑफ़ झारखंड इसका मतलब साफ है कि सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से इस बार मनोज चंद्रा का पलड़ा भारी है लेकिन चुनावी शतरंज में बाजी कौन मारेगा यह जनता की अदालत में फैसला होना अभी बाकी है चूकि प्रभात मंत्र से युवाओं ने कहा महागठबंधन की सरकार ने राज्य के पढ़े-लिखे युवाओं को ठगने का काम किया है और पूरे 5 साल गुजार दिए।इस बार हेमंत सोरेन को वोट किसी भी सूरत में नहीं देंगे।बेशक युवाओं की इस पीड़ा को फिलहाल सिर्फ अनुभव किया जा सकता है लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा लिए गए फैसलों ने झारखंड में चुनावी समीकरण को पूर्ण रूपेण बदलकर रख दिया है।यही वजह है कि सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में मनोज चंद्रा भाजपा से दो कदम आगे निकलते हुए नजर आ रहे हैं।लेकिन इस बात से इनकार भी नहीं किया जा सकता कि यह चुनाव है और जनता का मिजाज कब बदल जाए आंकना काफी मुश्किल है।

## दिवंगत पत्रकार चंदन तिवारी को भावभीनी नम आंखों से पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** दिवंगत पत्रकार चंदन तिवारी को उनके पैतृक आवास पत्थलगड़ा में उनके प्रतिमा पर भाव भिन्नी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह श्रद्धांजलि प्रेस क्लब चतरा और महागठबंधन के प्रत्याशी मनोज चंद्रा और उनके समर्थकों ने संयुक्त रूप से दिया। पुष्प अर्पित के पूर्व दिवंगत चंदन तिवारी के मृत आत्मा को शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। तत्पश्चात पत्रकारों और उनके माता पिता तथा मनोज चंद्रा और उनके समर्थकों ने उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया और उनके कार्यकाल को याद किया गया। पत्रकारों ने कहा कि आज चंदन तिवारी हमारे बीच भले नहीं हैं परंतु उनके यादें हमारे साथ मौजूद है और रहेगा। प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील कश्यप ने कहा कि आने वाला प्रत्येक वर्ष 30 अक्टूबर को उनका श्रद्धांजलि समारोह मनाया जाएगा। आपको बता दें कि दिवंगत पत्रकार चंदन तिवारी की हत्या हत्यारों ने सोची समझी पलान के तहत की गई थी। बस चंदन की कुसूर यही था कि मनरेगा कार्य में हुए घोटाले को प्रमुखता से अपने अखबार में जगह दिया था। जिसके प्रतिशोध में हत्यारों ने उनका बेरहमी से हत्या कर दिया था। हत्यारों ने घर से छल कर बेलहर जंगल में बुलाया था। और वहां पीट पीट कर हत्या कर दिया। जबकि उनका शव को बलथरवा जंगल में फेंक दिया गया था। यह घटना 30 अक्टूबर 2018 को किया गया था। हालांकि कुछ हत्यारों के विरुद्ध कानूनी कारवाई करते हुए जेल के सलाखों के पीछे भेजा गया था। वहीं कुछ ऐसे दरिंदे भी है जो अभी भी उनके विरुद्ध कोई कारवाई नहीं हुई है। और वो साजिश का हिस्सा रहे थे। खैर सच्चाई छुप नहीं सकती है नकली नकलकारों से , एक दिन उसे भी भुगतना पड़ेगा उसी हथियार के मार खाने से । मौके पर चतरा प्रेस क्लब के दर्जनों पत्रकार और महागठबंधन के प्रत्याशी मनोज चंद्रा और उनके दर्जनों समर्थक मौजूद थे।

## मम्मी पापा वोट दो अभियान के तहत लावालौंग हाई स्कूल में पत्र लेखन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/लावालौंग :** स्तरोन्नत+2 हाई स्कूल में मंगलवार को लोकतंत्र के प्रति जागरुकता अभियान को बड़वा देते हुए निबंध, मेंहदी, लेखन, रंगोली, पत्र लेखन प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित कर मम्मी पापा वोट दो अभियान के अंतर्गत युवाओं को चुनावी भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम के दौरान छात्र/ छात्राओं ने मतदाताओं की जिम्मेदारी, मतदाता का महत्त्व तथा युवाओं की भागीदारी इस भूमिकाओं पर पत्र लेखन कर जागरुक किया। इस कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता पीजीटी अरविंद कुमार, टी जी टी अखिलेश सिंह के नेतृत्व में पत्र लेखन, टी जी टी विवेक कुमार के नेतृत्व में मेंहदी, रंगोली तथा पैटर्न बनाओ प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित हुआ। *पत्र लेखन* में प्रथम स्थान हासिल किया 10 वी की छात्रा नेहा रानी, द्वितीय स्थान कक्षा 9 का छात्र नीतिश कुमार, तृतीय स्थान प्राप्त किया 10 वी का छात्र प्रभात कुमार *मेंहदी बनाओ प्रतियोगिता प्रथम स्थान हासिल किया कक्षा 10 की दीपिका कुमारी, द्वितीय स्थान 8 वी की राधिका कुमारी तृतीय श्रेणी 10 वी की छात्रा रीमा कुमारी निबन्ध प्रतियोगिता प्रथम स्थान 9वी का छात्र सोनू कुमार, द्वितीय स्थान 10 वी का छात्र उज्जवल कुमार, तृतीय श्रेणी में 10वी का छात्र प्रभात कुमार ने। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले बच्चों को *प्रभारी प्रधाना ध्यापक अशोक पासवान* ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले लोगों को सहराना की तथा छात्रों को और अच्छे से अच्छे कार्य करने की प्रेरित किया। साथ ही साथ उन्होने ने कहा कि इस कार्यक्रम से सिर्फ़ बच्चों को ही नहीं वल्कि हर एक व्यक्ती को इसकी हिस्सा बनें ताकि लोगों को अधिक जानकारी और अपने जिम्मेदारी को समझें। और आगामी विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा प्रतिशत से मातदान हो।

## दीपावली-छठ पूजा के त्योहारों में बीच रास्ते गंदे पानी का बहाव, राहगीर परेशान



**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड पत्थलगड़ा के ग्राम पत्थलगड़ा में रास्ते में कई महीनो से घर का गंदा पानी रास्ते में बहाया जा रहा है। कभी-कभी तो बदबूदार पानी भी छोडा जाता है, जिससे आने जाने वाले राहगीरों को, स्कूली बच्चों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गंदे पानी का छींट कपड़े में पड़ जा रहा है।जिससे लोग काफी नाराज दिख रहे हैं। कुछ स्थानीय लोगों का कहना है की हमलोग कितना मना करते हैं पर कोई नहीं सुनता वही पूर्व वार्ड समिति सदस्य कौलेश्वर दांगी ने कहा हमारे प्रखंड प्रशासन इस रास्ते रोज आना जाना होता है फिर भी वह नजरअंदाज कर रास्ते में आते जाते हैं। यह ग्रामीणों के लिए बहुत ही दुखद है। श्री कालेश्वर ने कहा कि कई लोग तो पत्थलगड़ा के नाम पर उल्टा सीधा बाते बोल करके भी चले जाते हैं। जिससे हम पत्थलगड़ा ग्रामीणों को काफी ग्लानि महसूस होता है। उन्होंने कहा कुछ लोगों की वजह से पत्थलगड़ा का नाम को मिटी में मिला रहे हैं।

## बरवाडीह में दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक घायल



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह-छिपादोहार मुख्य मार्ग के बहेरा टॉड मोड़ के पास बुधवार को दो बाइक की आमने - सामने टक्कर मे एक व्यक्ति घायल हो गया, वही घायल उदित सिंह बरवाडीह के उकामाड का रहने वाला है। घायल उदित सिंह को भाजपा के जिला कार्यसमिति सदस्य दीपक तिवारी ने बरवाडीह हॉस्पिटल लाकर इलाज कराया। घायल उदित सिंह ने बताया कि मै अपने घर उकामाड से बहेराटॉड गांव स्थित वार्ड सदस्य पुनि देवी के घर जा रहा था। उसी दौरान एक बाइक ने हमारे बाइक मे टक्कर मार दी। जिससे मै घायल हो गया। भाजपा नेता दीपक तिवारी के सहयोग से मुझे हॉस्पिटल लाकर इलाज कराया गया।

## मानवता का परिचय देते हुए भाजपा प्रत्याशी ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ-चतरा मुख्य मार्ग एनएच 22 पर बरियातू थाना क्षेत्र के गिद्दी मोड़ के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद वहां से गुजर रहे लातेहार भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक प्रकाश राम ने मानवता का परिचय देते हुए सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।घटना के संबंध में मिली की जानकारी के अनुसार सिकंदर गंझु 22 वर्ष पिता कारू गंझु, गुडडू गंझु 21 वर्ष पिता स्वर्गीय लेदा गंझु, निर्मल गंझु 27 वर्ष पिता संजय गंझु ग्राम चुम्बा थाना बारियातु निवासी बगरा बाजार से वापस अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान मोटरसायकिल से अनियंत्रित होकर गिद्दी मोड़ के समीप गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद घायल सड़क पर पड़े हुए थे।इसी दौरान वहां से गुजर रहे भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक प्रकाश राम की नजर उन पर पड़ी तो उन्होंने सभी घायलों को इलाज के लिए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया।जहां डॉक्टर संजय सिद्धार्थ के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सकेंद्र गंझु की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## परियोजना प्लस टु उच्च विद्यालय बारियातू में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### साक्षी कुमारी ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखंड मुख्यालय स्थित परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बारियातू में प्रधानाचार्य श्रवन मिश्रा के अध्यक्षता में दिपावली पर्व, पुर्व संध्या के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्वर्ण रेखा हाउस ग्रुप के कक्षा नवम की छात्रा साक्षी कुमारी प्रथम आयी। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य श्रवन मिश्रा ने बताया कि दिपावली पर्व के अवसर पर विद्यालय परिसर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के चार हाउस ग्रुप सामिल हुए। सभी हाउस ग्रुप के छात्राओं ने एक से बढकर एक मनमोहक रंगोली बनाए। जिसमें स्वर्ण रेखा हाउस ग्रुप के नवम् वर्ग की छात्रा साक्षी कुमारी ने महिला हत्या से संबंधित रंगोली बनाकर अपने हाउस ग्रुप को प्रथम स्थान दिलायी, द्वितीय स्थान पर दामोदर हाउस व तीसरे स्थान पर कोयल हाउस रहा। इस रंगोली प्रतियोगिता में प्रत्येक हाउस ग्रुप में 10 से 15 छात्राएं सामिल थे।




## पूजन-सामग्रियों की खरीदारी को लेकर दुकानों पर उमड़ी ग्राहकों की भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** प्रकाशोत्सव का पर्व दीपावली के शुभ अवसर पर सभी सनातनियों के घर मिट्टी के जलते दीयों और रंग-बिरंगी चाइनीज झालरों से जगमगाएंगे। इधर दीपावली को लेकर लातेहार जिला मुख्यालय समेत जिले के विभिन्न प्रखंडों में लोगों ने पूजन-सामग्रियों समेत आतिशबाजी के लिए बम-पटाखों और फूलझड़ियों की जमकर खरीदारी की। वहीं बुधवार को भी धनतेरस का शुभ लग्न होने से कई लोगों को चांदी के सिक्के, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, सोना-चांदी के जेवर, पीतल-स्टील के बर्तन, प्रसाद के लिए फल-मिठाईयां आदि की खरीदारी करते देखा गया। वहीं दीपावली का खास ऑफर के कारण मोबाईल और बाईक शोरूम में खरीदने वालों की अधिक भीड़ रही।

## बैज लगाओ कार्यक्रम के तहत प्रेस वार्ता का किया गया आयोजन




**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बैज लगाओ कार्यक्रम के तहत निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस प्रेस वार्ता का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और प्रत्याशियों की स्थिति पर मतदाताओं को जानकारी प्रदान करना था। इसमें संबंधित अधिकारी, और मीडियाकर्मी शामिल हुए।प्रेस वार्ता में अधिकारियों ने चुनाव आयोग द्वारा प्रत्याशियों को आवंटित सिंबल (चुनाव चिन्ह) की जानकारी साझा की। उपायुक्त ने बताया कि लातेहार जिले में दो विधानसभा हैं 73 मनिका व 74 लातेहार जहां प्रथम चरण मतदान के लिए सभी प्रत्याशियों को उनके संबंधित चुनाव चिन्ह दिए गए, जो उनके प्रचार अभियान में उपयोग होंगे।साथ ही, उपायुक्त ने बताया कि 30 अक्टूबर प्रत्याशीयों का नाम वापसी की अंतिम तिथि थी नामांकन प्रक्रिया के बाद कितने उम्मीदवारों ने नामांकन वापस लिया है और अब कितने प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं इसकी विस्तृत रूप से जानकारी दी। मनिका 73 से 13 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था जिसमें दो की नामांकन रद्द हुए और दो प्रत्याशीयों ने अपना नामांकन वापस लिए वहीं लातेहार 74 से 14 प्रत्याशीयों नामांकन दाखिल किया था जिसमें एक रद्द हुई और दो प्रत्याशीयों ने नामांकन वापस लिए। उन्होंने बताया कि बैज लगाओ कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना, चुनाव में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना और निष्पक्षता को बढ़ावा देना है।साथ ही अधिकारियों ने मतदाताओं से अपील की कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। मौके पर अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मढ़की, श्रेयांस कुमार, स्वीप नोडल पदाधिकारी सह सुचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ.चन्दन उपस्थित थे।

## स्वीप के तहत उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय, सरयू में बैज वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विधानसभा आम निर्वाचन में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन के नेतृत्व में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय, सरयू में बैज वितरण कार्यक्रम किया गया। विद्यालय में स्वीप नोडल पदाधिकारी के द्वारा फर्स्ट टाइम वोटर्स को लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने एवं अपने परिवार के अन्य मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने को कहा गया। इस दौरान छात्र छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। मौकें पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, सरयू, विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं स्वीप टीम के कर्मी उपस्थित थे।

## रेलवे स्टेशन रोड से विक्षिप्त का शव बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के रेलवे स्टेशन रोड अंतर्गत भारत गैस गोदाम के पास एक विक्षिप्त का शव पुलिस ने बुधवार को बरामद किया है। हालांकि विक्षिप्त की मौत के कारणों का पत्ता खबर लिखे जाने तक नहीं मिल पाई। ना ही विक्षिप्त की पहचान हो पाई। बता दें कि उक्त विक्षिप्त को नगर प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर नगर पंचायत कर्मियों के द्वारा मंगलवार को रेस्क्यू करने का प्रयास किया गया था। एम्बुलेंस भेज कर उसे अस्पताल ले जाने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन लाख प्रयास के बाद भी वह एम्बुलेंस में सवार नहीं हुआ। वहीं बुधवार को देर दोपहार विक्षिप्त का शव भारत गैस गोदाम के पास देख स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं विक्षिप्त का शव मिलने के बाद पुलिस छानबीन में जुट गई हैं।

## महुआडांड़ थाना में बंद हत्या के आरोपी थाना हाजत के गेट से लटक कर किया आत्महत्या

**लातेहार :** महुआडांड़ थाना के हाजत में बंद हत्या के आरोपी संजय यादव पिता कलटू यादव ग्राम असरो थाना सिसई जिला गुमला ने गुरुवार की सुबह चार बजे अपने ट्राउजर के माध्यम से थाना हाजत के गेट से लटक कर आत्महत्या कर लिया है।घटना के संबंध में महुआडांड़ थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि विगत रविवार को प्रेम प्रसंग में महुआडांड़ थाना के करमखार निवासी सच्चिदानंद महतो पिता शिव दत्त महतो उम्र 20 वर्ष की हत्या की गई थी।इस हत्या के अनुसंधान में संजय यादव को आरोपी पाते हुए बुधवार को गिरफ्तार किया गया था। श्री कुमार ने बताया कि आरोपी ने जिस आवेश में आ कर सच्चिदानंद की हत्या किया उसी आवेश में आत्म हत्या कर लिया है।मामले की जांच चल रही है।वहीं शव को आंतरिक परीक्षण के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेजा गया है।सदर अस्पताल लातेहार आंतरिक परीक्षण को लेकर वीडियो ग्राफी के साथ डॉक्टरों की टीम का गठन किया गया है।

# केंद्रीय कारा में उपायुक्त के नेतृत्व में औचक निरीक्षण, आठ मजिस्ट्रेट व पुलिस बल रहे मौजूद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला प्रशासन निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से विधानसभा चुनाव 2024 संपन्न कराने को लेकर प्रतिबद्ध है तथा व्यापक स्तर पर सघन जांच अभियान चलाकर मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले हर बिंदुओं पर कड़ाई से निगरानी कर रही है। इसी क्रम में 30 अक्टूबर बुधवार तड़के 5.30 बजे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय के नेतृत्व में जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह भी साथ रहे। इस निरीक्षण की कारवाई में 8 दंडाधिकारियों की टीम गठित की गई थी। मौके पर कारागार के विभिन्न कैदी वार्ड में जांच अभियान चलाया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्रीयकारा में सर्च ऑपरेशन चलाया गया है। चुनाव को लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। आज जेल के सभी वार्डो की गहनता से जांच पड़ताल किया गया तथा बारीकी से सभी वार्ड एवं बंदियों की तलाशी की गयी। इस क्रम एक कैंची की बरामदगी हुई है। वहीं उन्होंने कहा कि यह रूटीन जांच है। जेल के अंदर रहकर भी कुछ लोगों द्वारा गलत तरीके से चुनाव को प्रभावित करने की संभावना पर सर्च अभियान चलाया गया। आने वाले समय में भी औचक निरीक्षण की जांच जारी रहेगी। मौके पर सदर एसडीएम अशोक कुमार, सदर बीडीओ नीतू सिंह, सदर सीओ मयंक भूषण, बड़कागांव बीडीओ जितेंद्र कुमार व पुलिस बल मौजूद रहे।

# हजारीबाग सांसद व भाजपा प्रत्याशी ने पूर्व नेता संजीव कतरियार से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर हजारीबाग से सांसद मनीष जायसवाल और भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक मनोज यादव ने पूर्व सांसद प्रतिनिधि संजीव कतरियार से उनके आवास पर मुलाकात की। भारतीय जनता पार्टी से असंतुष्ट चल रहे कतरियार ने इस दौरान पार्टी में वापसी की। इस मुलाकात में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल व भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव ने संजीव कतरियार का स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी का पट्टा पहनाया। इस अवसर पर संजीव कतरियार को भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव की जीत सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव ने कतरियार का पार्टी में स्वागत किया और कहा कि बरही में कतरियार का पार्टी में महत्वपूर्ण स्थान है। साथ ही, उन्होंने कतरियार से अपील की कि वह पार्टी के लिए समर्थन जुटाने में सहयोग करें। संजीव कतरियार ने भी पार्टी को विश्वास दिलाते हुए कहा कि भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगे। इस मौके पर जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, आकाश जायसवाल, प्रमोद सिंह समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## प्रदीप प्रसाद ने कटकमसांडी के लोगों से मिलकर लिया आशीर्वाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी पश्चमी मंडल में आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से लोगों के बीच जाकर आशीर्वाद लिया।लोगों ने जगह जगह बाजे गाजे पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।खास कर महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला,तिलक लगाकर,माला पहना कर स्वागत किया।इसके पीछे मुख्य कारण गो गो दीदी योजना है जो झारखंड में भाजपा सरकार आने के बाद लागु कर दी जायेगी।प्रदीप प्रसाद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस वर्षो से भी अधिक समय के केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को बताते हुए फिर से नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताते हुए समर्थन देने की बात कही।श्री प्रसाद ने कहा कि आज राज्य सरकार जिस प्रकार से लोगों का शोषण, दोहन कर रही है ये ठगबंधन की सरकार को झारखंड से उखाड़ फेंकना है और राज्य में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनानी है और झारखंड में कमल को खिलाना है।उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जो भी समस्या है मैं आपके साथ चौबीस घंटे आपका भाई,बेटा बनके आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हूँ।मैं नेता नहीं बल्कि आप भाई बेटा बनकर क्षेत्र की जनसमस्याओं को पूरी निष्ठा ईमानदारी पूर्वक कार्यो को करूँगा।आप मुझ पर भरोषा रखे। वहीं कटकमसांडी क्षेत्र के बलीया, कुरहागडा, नावाखाप, भेलवारी, झोंझी, आराभूसाई, लावाकुदर, अमझर , ढौठवा, मनार, दुधमटीया, कोनहर, मांडीगडा, डिबलबांध, गुरी, झारदाग, डौहरी, कठौतिया, एदला में प्रदीप प्रसाद ने आशीर्वाद यात्रा चलाते हुए लोगों का आशीर्वाद लिया। आशीर्वाद यात्रा में प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी, भाजपा नेता टोनी जैन , कमल गोप, जिला मंत्री रीतलाल यादव, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव, पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, प्रेम प्रसाद, पूर्व मंडल जीवन मेहता, किशोरी राणा, अजीत दास, कुलदीप सिहं भोगता, मुखिया अशोक राणा, सुमन राय, दीपक मेहता, वीरेन्द्र वीरू, विजय दाँगी, अजीत यादव, पूर्व मुखिया राजकुमार यादव, सोहर राणा, निर्मल साव, अम्बिका राणा, सागर प्रसाद, पप्पु यादव, समुन्द्र प्रसाद, मोहन साव, दीपक यादव, रंजीत अग्रवाल सहित सैकेडों लोग उपस्थित थे।

### बरही से निर्दलीय प्रत्याशी केदार पासवान ने नामांकन पर्चा लिया वापस, कहा

# बरही से बड़े अंतर से जीतेंगे कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू : केदार पासवान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही विधानसभा से कांग्रेस का टिकट ना मिलने पर प्रदेश कांग्रेस एससी सेल के अध्यक्ष रहे केदार पासवान ने निर्दलीय नामांकन दाखिल किया था, जिसे आज बरही अनुमंडल पहुंचकर उन्होंने वापस ले लिया है। साथ ही उन्होंने प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के समक्ष कांग्रेस परिवार में फिर से शामिल होने की घोषणा की है। मौके पर मौजूद प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी डॉ. बेला प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, प्रदेश सचिव सह बरही विधानसभा प्रभारी पिंकू सहाय, ओबीसी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, महेश पासवान, राजू पासवान, कार्तिक पासवान ने केदार पासवान के इस फैसले का स्वागत किया। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए केदार पासवान ने बरही विधानसभा से पार्टी की ओर से बनाए गए युवा प्रत्याशी अरुण साहू के प्रति अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की यह परंपरागत सीट है और यहां कांग्रेस की जीत सुनिश्चित है। हम अपने सारे गिले-शिकवे भूलकर चुनाव में अरुण साहू के पक्ष में काम करेंगे और हमें पूरा भरोसा हैं कि हम बड़े अंतर से जीत हासिल करेंगे। पर्चा वापसी के बाद केदार पासवान अपने वरिष्ठ नेताओं के साथ कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू से भी मिले और उन्हें पूर्ण समर्थन का भरोसा दिलाते हुए, उनके लिए क्षेत्र में सक्रिय होने का वादा किया।

# दिपावली पर अपने अंदर फैले अंधकार को भी मिटाना है : आईलेक्स

- यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है निर्देशक : शैलेश कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** पंचमाधव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में दीपावली के पूर्व संध्या रंगोली का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर बच्चों ने आकर्षक रंगोली बनाई। जिसमें लगभग सभी क्लास के कक्षा एक से कक्षा 10 तक के सभी बच्चों ने हिस्सा लिया। दीपावली को लेकर ऐसे भी बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिलता है, और रंगोली को लेकर तो और भी बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगोलिया बनाई थी। जिसे देखकर सभी शिक्षक गण मंत्र मुक्त हो गए। सभी बच्चों के प्रयास और उत्साह को देखते हुए यह तय करना तय कर पाना मुश्किल था, कि किसने सर्वश्रेष्ठ रंगोली बनाई है कहीं सुंदर सी आकृति बनाई गई थी। कहीं श्री राम जी को ही रंगोली में उतार दिया गया था, कहीं मोर नाच रहा था, तो कहीं दीप जल रहे थे। कहीं इंद्रधनुषी छटा बिखरी हुई थी, तो कहीं बच्चों की सोच ने एक नया ही आयाम ले लिया था। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने सर्वप्रथम सभी बच्चों और शिक्षकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा साथ ही उन्होंने कहा की दीपावली के अवसर पर जैसे हम अपने घरों में आसपास में दिए जलाकर अंधकार को दूर भागते हैं इस तरह शिक्षा ही एक ऐसा स्त्रोत है जिससे हम अपने मां के अंधियारे को दूर कर वहां प्रकाश ला सकते हैं।

## मुन्ना सिंह ने किया दारू प्रखंड का दौरा, ग्रामीणों से मिलकर मांगा समर्थन



**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दारू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं हजारीबाग सदर विधानसभा सीट से इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने बुधवार को दारू प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ उन्होंने प्रातः जिनगा, कोय, जोहनिया,कवालू,रामदेव खरिका,हरली, पेटो, बासोबार,भटबीघा, बक्सीडीह, ईरगा, जबरा,दारूडीह,सुल्तानी, बड़वार और पिपचो का दौरा किया और स्थानीय निवासियों से चुनाव मे उनसे समर्थन की अपील कि। जनसंपर्क अभियान के दौरान मुन्ना सिंह ने जिनगा गांव में स्थानीय निवासियों के साथ मोटरसाइकिल में सवार समर्थक के साथ गांव का दौरा किया एवं उनसे बातचीत की। मुन्ना सिंह ने ग्रामीणों को अपने मेनिफेस्टो की जानकारी दी और अपने विजन को जनता के समक्ष रखा।इस जनसंपर्क में ग्रामीणों का सहयोग भरपूर मिल रहा है। लोगों का मानना है कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन मुन्ना सिंह के नेतृत्व में शानदार रहेगा।मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह,बीस सूत्री उपाध्यक्ष कैलाश पति देव,प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद प्रमुख कुमारी श्वेता,नारायण दास,दारू मुखिया सुनील कुमार,प्रभात सिंह, रिंकू कुमार,उपेंद्र कुमार,अप्पू यादव,अनिल यादव,ऋषि सिंह,सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता झामुमो में हुए शामिल



**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झामुमो कार्यलय में पूर्व पंसस महेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता पार्टी छोड़कर झामुमो में शामिल हो गये। झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव, प्रखंड अध्यक्ष कुदुस अंसारी केन्द्रीय सदस्य बासुदेव महतो ने सभी को पार्टी का सदस्यता ग्रहण कराया। शामिल लोगों ने झामुमो की सरकार को गरीबों का मसीहा बताया। सरकार ने गरीबों को लिए कई कल्याणकारी योजनाएं जैसे बिजली बिल माफी, दो सौ युनिट बिजली फ्री, केसीसी ऋण माफ जैसे कई योजनाएं लाई जिसमें हम गरीब को लाभ मिल रहा है। हम सभी हेमंत सोरेन कि सरकार बनाने के लिए झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव को वोट देकर विजय बनाएंगे। झामुमो में शामिल होने वालों में ग्राम गयपहाडी निवासी राजू राणा, ध्रुव नारायण पासवान, केदार प्रसाद, खगेन्द्र प्रसाद, महेंद्र पंडित, राजेंद्र प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, महबूब अंसारी, संतोष कुमार, श्यामलाल प्रसाद, रुपलाल पंडित समेत अन्य हैं।

## एआईएमआईएम प्रत्याशी समीम मियां ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम प्रत्याशी समीम मियां ने बुधवार को बड़कागांव प्रखण्ड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। वे अपने काफिले के साथ बड़कागांव क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भ्रमण किया।स्थानीय निवासियों से ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के पक्ष में मतदान की अपील की। समीम मियां ने कहा कि जनसंपर्क के दौरान लोगों का उत्साह दिख रहा है, स्थानीय लोगों में स्थानीय विधायक के प्रति काफी आक्रोश दिख रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा को लेकर लगातार बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में काम करते रहें है। जनसंपर्क अभियान में सोनू इराकी, मो इब्राहिम, मो बरकत, मो नौशाद, मो साबिर ,पूर्व मुखिया रब्बानी मियां, मो रियाज, मो रफीक अंसारी ,मोहम्मद बरकत अंसारी, मुख्तार अंसारी ,राजा खान, मुन्ना खान, रेहान खान ,साबिर हुसैन, युसूफ अंसारी ,कुर्बान अंसारी, गुड्डू मलिक एवं सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बदलाव होगा माण्डू की जनता ने तय कर लिया है : तिवारी महतो

- एनडीए की बैठक में भाजपा-आजसू कार्यकर्ताओ ने तिवारी महतो को जिताने का लिया संकल्प



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विधानसभा चुनाव की तैयारी अब पूरे शबाब पर दिखने लगी है। सभी दलों के प्रत्याशी अपनी रणनीति बनाने लगी है,इसी कड़ी में आज विष्णुगढ़ एक्सिस बैंक के बगल में एनडीए गठबंधन की बैठक की गई। बैठक में एनडीए के आजसू प्रत्याशी निर्मल कुमार महतो उर्फ तिवारी महतो मौजूद थे। एनडीए की बैठक की अध्यक्षता आजसू के प्रखण्ड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल ने की तथा संचालन भाजपा के पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने किया। एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए तिवारी महतो ने कहा कि माण्डू क्या एक परिवार का है ? 40 वर्षो के लंबे कार्यकाल में आज भी जनता बेहाल है,प्रवासी मजदूरों के शव तक समय पर नही आ पाते इसका जवाब कौन देगा? विस्थापन का दंश आज भी कोनार विस्थापित झेल रहे 40 वर्षो तक इसका समाधान नही हो इसका जवाब कौन देगा? इन सभी प्रश्नों के साथ मैं चुनाव मैदान में हूँ,और मेरी जीत के बाद इसका समाधान पूरी प्राथमिकता से करूँगा। वर्तमान विधायक पिछले 12 वर्षो से माण्डू विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर रहे है,सभी प्रखंडों में भ्रष्टाचार चरम पर है,आम जनता की कोई सुनवाई नही की जाती,विधायक इन मामलों में चुप्पी साध लेते है,इसका क्या कारण है? मैं एक मजदूर का बेटा हूँ,प्रवासी मजदूरों की तकलीफ समझ सकता हूँ,एक बैठक के दौरान माताओं एवं बहनों ने अपना दर्द बयाँ करते हुए किसी ने कहा कि मेरे पति अभी दुबई में है,तो मुम्बई में,तो कोई अफ्रीका में सालों अपने पति,बेटों की राह ताकते रहती है। मैं यहाँ की जनता से पूछना चाहता हूँ कि यहाँ के विधायक ने कितने रोजगार के अवसर लोगो को दिए या विष्णुगढ़ में कोई प्लांट लगाने की पहल की ? मैं आप सबो को बता दूँ जब पतरातू में पावर प्लांट लग सकता है,तो कोनार डैम में क्यों नही ? मैं राजनीति में सेवा भाव से आया हूँ आज आप सबो के सामने वचन देता हूँ मेरी जीत के बाद जो वेतन मुझे मिलेगा उस पर सभी कार्यकर्ताओं का हक होगा मैं उसे चिमटे से भी नही छूऊँगा। मैंने हमेशा लोकहित में काम किया जिसकी वजह से मुझ पर कई आरोप लगे मेरे विरोधी मेरे पे लगे झूठे आरोपो पर भी गंदी राजनीति कर मुझे बदनाम करने का असफल प्रयास कर रहे है।पिछली बार मैं अकेला था,अब भाजपा का भी साथ है,मेरी ताकत दुगुनी हुई है,इसी वजह से विरोधी बैचैन है। साफ-साफ कहता हूँ,40 सालों का धोखा,अब नही देगी माण्डू की जनता मौका। इस मौके पर मुख्य रूप से मधुसूदन प्रसाद, डोमन प्रसाद गुप्ता, महादेव महतो,संतोष कुमार महतो, रीना बर्मन, अंजू देवी,सुनील कुमार मिश्रा, निर्मल कुमार, अशोक कुमार, प्रभु गंझू,प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा,गौतम भारती, राजेश सोनी,जीवन सोनी,राजेश साव, नीतीश कुमार बर्णवाल, संदीप कुमार कसेरा,सुखदेव मंडल, बंटी कुमार श्रीवास्तव, राजेन्द्र मंडल, गौतम वर्मा, दीपू अकेला, सुनील अकेला, हेमन्त कुमार आर्या, मंजीत सिंह, सुधीर कुमार समेत सैकड़ो महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित थे।

# इंडिया गठबंधन की बैठक में पहुँचे जेपी भाई पटेल, बना बेहतर तालमेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** इंडिया गठबंधन के अहम सहयोगी झामुमों,विष्णुगढ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ द्वारा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को आपसी समन्वय स्थापित करने को लेकर तीन दिनों का अल्टीमेटम दिया था। जिसके मद्देनजर आज विष्णुगढ़ करोंज मोड़ स्थित झामुमो प्रखण्ड सचिव के निजी आवास में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की उपस्थिति में आपसी सामंजस्य एवं सहयोग स्थापित करने को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता झामुमों प्रखण्ड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी ने की तथा संचालन झामुमों प्रखण्ड सचिव संजय कुमार प्रजापति ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जयप्रकाश भाई पटेल ने उपजे हालतों पर गौर करते हुए कहा कि मैं भी इंसान हूँ,गलतियां हो सकती है,परन्तु यह समय आपस मे लड़ने का नही हेमन्त सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने का है। हमलोगों को बेहतर समन्वय स्थापित कर माण्डू की एक सीट दिशोम गुरु शिबू सोरेन की झोली में देना है। झामुमों कार्यकर्ताओ का मान-सम्मान मेरी प्राथमिकता में रहेगी इस संसय करने की जरूरत नही है। मुझे आप सबो के बीच मे आकर अच्छा लगा आग्रह होगा पूरी एकजुटता से इंडिया गठबंधन के लिए मतदान करें। इस दौरान सभी झामुमो कार्यकर्ताओ ने पूरे उत्साह से जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में मतदान करने की हामी भरी। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष देवीराम हेम्ब्रम, संजय पटेल ,मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो, कुसुंभा मुखिया दुलारचंद पटेल, पूर्व मुखिया नारायण गंझु, महादेव मुर्मू ,पूर्व प्रखंड कोषाध्यक्ष शंकर महतो विष्णुगढ़ मुखिया प्रतिनिधि विनय कुमार दास,छत्रु हांसदा, फलजीत ठाकुर प्रसाद यादव, रकीब अंसारी , कुलदीप कुमार,अब्दुल सफाज ,जागेश्वर महतो गिरधारी महतो,मोहन महतो, डालचंद राणा, चंद्रशेखर महतो, अमीर शेख, पवन पासवान, दिलीप सिंह, करमेली मियां,बाबूचंद मांझी , सिंगर मनोज झारखंडी, तूफानी अंसारी,आफताब अली,बाबूलाल मुर्मू, लखन भाई पटेल, डीएम राज, रवि यादव, प्रभु हांसदा, विकाश सोनी इकराम अंसारी, राज कुमार, राजीव कुमार, दिलीप कुमार, लीलो महतो, राजेंद्र मंडल, राजू महतो,शमीम अंसारी सुबोध यादव, नरेश महतो पवन महतो,भोला महतो समेत भारी संख्या में सभी पंचायत के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## केरेडारी प्रखंड के विभिन्न गाँवों मे अंबा प्रसाद ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के दिन बुधवार को केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के बेंगबरी, कुम्हरा बेंगबरी, बालेदेवरी, काबेद, पाण्डु, तरहेसा मनातू, मसूरिया, लाजीदाग, बकचोमा, फुसरी, गोपदा, लोहरा, नौवाखाप, पचड़ा, जोरदाग, चट्टी बारियातू में आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से लोगों के बीच जाकर आशीर्वाद लिया। लोगों ने जगह जगह बाजे गाजे पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। खास कर महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला, तिलक लगाकर, माला पहना कर स्वागत किया। अंबा प्रसाद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को बताते हुए फिर से हेमन्त सोरेन की सरकार पर भरोसा जताते हुए समर्थन देने की बात कही। मैं कभी भी नेता नहीं बना बल्कि आप सभी की बेटी बहन बनकर क्षेत्र की जनसमस्याओं को पूरी निष्ठा ईमानदारी पूर्वक से कार्यों में लगी रही। अंबा ने 01 नम्बर हाथ छाप के निशान पर वोट करने की अपील की।

# दीपावली के अवसर पर रेनबो स्कूल बरही में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन, नवमी कक्षा बनी विजेता

- प्रतियोगिता बच्चों में सृजनशीलता को बढ़ावा देने के साथ-साथ टीम भावना को भी मजबूत करती हैं : सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** दीपावली के शुभ अवसर पर शिवपुर गड़लाही में संचालित रेनबो स्कूल, बरही में रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने रंगोली के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और कला को प्रदर्शित किया। इस प्रतियोगिता में छात्रों को तीन ग्रुपों में विभाजित किया गया था, जिसमें प्रत्येक ग्रुप से एक विजेता चुना गया। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 4 के ग्रुप में कक्षा 4 विजेता रही। वहीं, कक्षा 5 से 7 के ग्रुप में कक्षा 7 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, कक्षा 8 से 10 के ग्रुप में कक्षा 9 को विजेता घोषित किया गया। स्कूल के निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा ने इस अवसर पर कहा कि रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हमारे सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करने और छात्रों में कला के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में सृजनशीलता को बढ़ावा देने के साथ-साथ टीम भावना को भी मजबूत करती हैं। उन्होंने बच्चों की कला की सराहना की। प्रतियोगिता को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन में रिंकी कुमारी, गौरी शंकर, प्रवीण यादव, अरमान सर, उषा कुमारी, पंकज कुमार, सुधा कुमारी, शिवानी कुमारी, मानसी केशरी, रिफ्फत प्रवीण, अंशु यादव, कुमारी श्वेता, रोशनी कुमारी, स्वाति कुमारी, फ़ैजिया प्रवीण, विनय कुमार, सकलदेव कुमार, सतीश कुमार, सुजीत कुमार ने सहयोग किया।

## पंचायत भवन बचरा में सीओ ने बीएलओ के साथ की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** विधानसभा चुनाव के मध्य नजर सहायक निर्वाचित पदाधिकारी रामरतन कुमार बरनवाल ने 22बड़कागाँव का विधानसभा क्षेत्र के 20 मतदान केंद्र के बीएलओ के साथ मतदान से संबंधित विभिन्न विषयों पर समीक्षा बैठक पंचायत भवन बचरा में की गई ! इस दौरान उन्होंने बचरा के सभी 20 बूथ के बीएलओ से मतदाता सूचना पर्ची का वितरण, मतदाता जागरूकता, वालंटियर के कार्य, मतदान के पूर्व मतदान के दिन बीएलओ के कार्य, एचसडी लिस्ट का निर्माण सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई और मतदान के दिन अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने का अपील किया गया। बैठक के दौरान बचरा के बीएलओ के साथ पॉलीटिकल पार्टी के लोग और मीडिया के लोगों को भी जानकारी दी गई।

# एनआरसी का डर और भय दिखाकर चुनाव जीतना चाहती है कांग्रेस पार्टी : अजहर इस्लाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** कांग्रेस ने क्षेत्र की जनता को डरा-धमका कर केवल वोट लेने का काम किया है।अगर जनता यहां के मूलवासी हैं,तो उन्हें डरने की जरूरत नहीं है। अगर जनता का आशीर्वाद मिला और प्रतिनिधि चुने गए तो क्षेत्र में कैम्प लगा कर कागजात बनवाएंगे। एनआरसी का जो डर भोली भाली जनता को कांग्रेस वाले दिखा रहे हैं, वह डर जीवन भर के लिए खत्म कर देंगे। उक्त बातें एनडीए के आजसू प्रत्याशी अजहर इस्लाम ने हरिणडांगा मैदान में नामांकन सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जितने वर्षों तक पूर्व मंत्री ने पाकुड़ में राज किया,उस हिसाब से जो विकास क्षेत्र का होना चाहिए था वह नहीं हुआ। विकास के नाम पर केवल सड़क व पुल-पुलिया का निर्माण किया। इन पुलिया व सड़कों के निर्माण में भी बाहरी ठेकेदारों व सगे संबंधियों को मौका दिया। यही कारण है कि आज चार माह पहले बनी सड़कों का भी अस्तित्व मिटता जा रहा है। न क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था



दुरूस्त है और न ही स्वास्थ्य व्यवस्था। रोजगार के लिए लोग यहां से पलायन कर रहे हैं। लोगों को पीने के लिए पानी तक नहीं मिल रहा है,हर पंचायत में पानी की समस्या है। कहा कि यहां के अस्पताल में डॉक्टर नहीं रहते हैं,नॉर्मल डिलीवरी वाले प्रसुताओं का भी सीजर करवाया जाता है। डॉक्टरों का सिंडिकेट चल रहा है, अगर वह विधायक बनते हैं तो डॉक्टर प्राइवेट चेम्बर नहीं चलाएंगे। कहा कि यहां की जनता सभी प्रकार के टैक्स देती है,तो जो सुविधा बंगाल के लोगों को मिलती है वह यहां के लोगो को क्यों नहीं मिल रही है। कहा कि पूर्व मंत्री के 36 करोड़ जो जब्त हुए हैं यह पैसा उनके नहीं,बल्कि आप का है। आपका हक व अधिकार को मार कर इकट्ठा किया गया पैसा है। कहा कि कांग्रेस नहीं चाहती है कि यहाँ की जनता शिक्षित न हो, ताकि उन्हें वोट मिलता रहे। ये जानते हैं कि अगर जनता शिक्षित हो गयी तो वोट मिलना बंद हो जाएगा। कोरोना काल में जब जनता भूखे सो रही थी,परंतु पूर्व मंत्री अपने बेटे के साथ रांची में सो रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग हिन्दू मुस्लिम से ऊपर उठ कर इंसानियत के नाते वोट करें। सभा को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुग्राहित प्रसाद साह, भाजपा जिला अध्यक्ष अमृत पांडे सहित अन्य आजसू नेताओं ने भी संबोधित किया। कहा कि नकारात्मक बातों से दूर रहें, यहां स्थानीय मुसलमान को चिंता की कोई जरूरत नहीं। आपके हक और अधिकार के लिए अजहर इस्लाम लड़ेंगे। आज पूर्व मंत्री जेल में हैं वे किसी आंदोलन के कारण नहीं हैं, भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं। जनता के हक और अधिकार को छिनने की सजा वह पा रहे हैं।

## रात 12 बजे से काली पूजा का आकर्षक पंडाल एवं भव्य मूर्ति देखने को मिलेगी



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** युवा मोर्चा काली पूजा समिति की ओर से भव्य पंडाल का निर्माण, आकर्षक मूर्ति,रंगीन विद्युत सज्जा की गई हैं। समिति के पदाधिकारी ने बताया कि 01 नवंबर को पंडाल का उद्घाटन,प्रसाद वितरण एवं महाआरती । ह2 नवंबर को माता का जागरण एवं महाभोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा।दूसरी ओर रेलवे काली पूजा समिति टाटीसिलवे में भी भव्य एवं आकर्षक पूजा की तैयारी की है। यहां पूजन के साथ, खिचड़ी महाभोग प्रसाद का वितरण एवं रात में माता का जागरण आयोजित की जाएगी।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शनील जाय,रोशन गुप्ता,मुखिया कृष्णा पाहन,अशोक यादव,भिक्की पीटर इत्यादि लगे हुए है।

## केंद्रीय सचिव व अन्य नेताओं ने सबीर अली का किया स्वागत



**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व राज्य सभा सांसद जनाब सबीर अली रांची एयरपोर्ट पर पहुंचे। यहां से वे सड़क मार्ग से पाकुड़ गए। इससे पहले आजसू के केंद्रीय सचिव मोहसिन खान सहित अन्य नेताओं ने एयरपोर्ट पर अली का स्वागत किया। सांसद ने पाकुड़ में विधानसभा चुनाव का प्रचार करते हुए एनडीए का जीत का आह्वान किया।

## डी ए वी विद्यालय में दीपावली एवं महापर्व छठ महोत्सव की धूम

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय विद्यालय डी ए वी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बुधवार को दीपावली एवं महापर्व छठ पूजा को लेकर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्य डॉ विश्वदीप चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में आयोजित विशेष प्रातः कालीन सभा में दीपावली एवं लोक आस्था के महापर्व छठ महोत्सव के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुती की गई। विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम एवं उनके लंबे वनवास के बाद अयोध्या आगमन को नृत्य के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति की गई।वहीं विद्यालय के अन्य बच्चों द्वारा नृत्य एवं लघु नाटिका के माध्यम से जहां भारतीय संस्कृति को सहजने और प्रसारित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया वहीं छठ महोत्सव के माध्यम से आज के बच्चों को भावनात्मक जुड़ाव और इस महापर्व से जुड़ी छोटी से छोटी विधि विधान को आकर्षक छवि के रूप में प्रस्तुत किया गया ताकि भारतीय संस्कृति की निरंतरता को बरकरार रखा जा सके। इस मौके पर बच्चों को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य श्री संजीव कुमार मिश्रा जी ने बताया कि दीपावली हमे अंधकार से प्रकाश की ओर उन्मुख होने, अज्ञानता को समाप्त कर ज्ञान का प्रकाश फैलाने तथा सदैव इसकी ज्योति बढ़ाने जैसे हितकारी कार्य करने की सीख देता है। उन्होंने बच्चों से दीपावली एवं महापर्व छठ को सौहार्दपूर्ण एवं वैज्ञानिक तरीके से मनाने की अपील की।वर्ग दशम की एक छात्रा तृषा कुमारी द्वारा लोक एवं आस्था का महापर्व छठ पूजा की महत्ता को दर्शाते हुए छठ व्रतियों का आकर्षक स्वरूप धारण कर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

## भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126 के तहत 402 लोग किये गये चिन्हित

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल पदाधिकारी ने विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए विभिन्न थानों से प्राप्त 44 प्रस्ताव पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126 के तहत 402 लोगों पर निवारक कार्रवाई (प्रिवेंटिव एक्शन) की है,जो विधानसभा चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था प्रभावित कर सकते हैं। उक्त कार्रवाई संबंधित थानों से प्राप्त प्रतिवेदनों, सूचनाओं व आपराधिक इतिहास के आधार पर की गयी है।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि शांतिपूर्ण और भयमुक्त माहौल में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए ऐसे लोगों को चिह्नित करना अब भी जारी है। जो लोग निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को किसी भी रूप से प्रभावित कर सकते हैं,उन पर बीएनएसएस की धारा-126 के तहत प्रीवेंटिव एक्सन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और फेक न्यूज के माध्यम से भी कुछ लोग समाज में विद्वेष फैलाने का काम कर सकते हैं, ऐसे लोगों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। जिले की पूरी निर्वाचन टीम शांतिपूर्ण एवं निर्भीक वातावरण में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने किया एफएलसी के कार्य का निरीक्षण

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में समाहरणालय स्थित वेयर हाउस में चल रहे फर्स्ट लेवल चेकिंग अर्थात एफएलसी के कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि राजनैतिक दलों की उपस्थिति एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के सतत मार्गनिर्देशन में यह कार्य हो रहा है। उन्होंने इंजीनियरों से वार्ता के दौरान कहा की अगर किसी को कोई कठिनाई हो तो वह निसंकोच बता सकते हैं। उपायुक्त ने सभी को निर्देश दिए कि बहुत ही सुचितापूर्ण ढंग से यह कार्य किया जाए जिससे निर्वाचन प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी न हो। एफएलसी के महत्वपूर्ण कार्य मशीनों की सफाई, मशीनों की भौतिक स्थिति का परीक्षण, मौक पॉल, पिंक पेपर सील से सीयू सील करना, ईवीएम के सभी संघटकों के मौलिक होने का परीक्षण, वीवीपैट पर्ची का निस्तारण आदि है।इसके पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने तीनों विधानसभा क्षेत्र में चल रहे स्कूटनी कार्य का निरीक्षण कर, संबंधित आरओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।


## लिट्टीपाड़ा में झामुमों का चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन

**लिट्टीपाड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमों का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन बुधवार को तिलकामांझी चोक के समीप एक निजी आवास में पार्टी प्रत्याशी हेमलाल मुर्मू ने फीता काटकर किया। हेमलाल मुर्मू ने पार्टी के जुझारू कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा ये चुनाव हम नही लड़ रहे है पार्टी लड़ रही है। इसलिए पार्टी की प्रतिष्ठा आपके हाथ में है। चुनाव को अपने पक्ष में करने के लिए हमारे दल के कर्मठ कार्यकर्ता भली-भांति परिचित है।जनता की सेवा के लिए पार्टी सदैव तत्पर रही है। जनता के हित को देखते हुए हमें इस चुनाव को अपने पक्ष में करना अतिआश्यक है।मौके पर जिलाध्यक्ष श्याम यादव,जिला सचिव सुलेमान बास्की,जिला उपाध्यक्ष समद अली,अजीजुल इस्लाम, तरूण मंडल,चरण मुर्मू,प्रसाद हेम्ब्रम समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चुनावी चकल्लस के बीच राजनीतिक गतिविधियां हुईं तेज, लिट्टीपाड़ा विस सीट पर रोचक होगा चुनावी मुकाबला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अमड़ापाड़ा :** आसन्न विधान सभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधि तेज हुई है। हर चौंक -गलियारों पर चुनावी चर्चा है। चुनावी चकल्लस के बीच क्षेत्र के आमोखास लिट्टीपाड़ा विधानसभा सीट पर चुनावी समर में खड़े विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीद्वारों की चर्चा कर रहे हैं। उम्मीदवारों के स्वभाव-व्यवहार,जन उत्थान और क्षेत्र के विकास के प्रति उनके दृष्टिकोण,प्रत्याशियों के चुनावी संकल्प सहित उनके व्यक्तित्व पर विचार कर रहे हैं।उल्लेखनीय है कि इस सीट पर अंतिम चरण 20 नवंबर को मतदान होना है। चुनाव में महज बीस दिनों का समय शेष है। यहां मुख्यतः दो दल यूपीए




समर्थित झारखण्ड मुक्ति मोर्चा और भाजपा की सीधी टक्कर होती है। झामुमो से इस दफा हेमलाल मूर्मू और भारतीय जनता पार्टी से बाबूधन मूर्मू चुनावी मैदान में डंटे हुए हैं। हेमलाल मूर्मू वरिष्ठ व अनुभवी नेता हैं। वो कई दफा बरहेट से झामुमो विधायक और एक दफा राज्य सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। वहीं बाबूधन मूर्मू भी भाजपा के समर्पित सिपाही, क्षेत्र में जनता के बीच हमेशा सक्रिय रहने वाले सौम्य छवि के लोकप्रिय उम्मीदवार हैं। पिछले चालीस वर्षों से इस सीट पर झामुमो का एकछत्र राज रहा है। यह सीट झामुमो के अभेद्य दुर्ग के रूप में जाना जाता है। ऐसे में इस चुनाव में इस वार यहां का चुनावी जंग रोचक होगा। दोनों उम्मीदवार पार्टी के लिए कीमती हैं। अंदरखाने दोनों पार्टियां अपने पारंपरिक वोट को समेटे रखने के साथ-साथ अपना जनाधार बढाने में लगे हुए हैं। पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने निर्दिष्ट दायित्वों का अनुपालन कर रहे हैं। चुनाव के बाद जीत और हार भविष्य के गर्त में है। अभी से किसी भी ठोस समीकरण पर बात करना या पहुंचना जल्दीबाजी होगी।

## पर्व के दौरान लगने लगे हैं जुआड़ियों के अड्डे, शुरू हो चुका है जूआ का अवैध खेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अमड़ापाड़ा :** दीपावली और धन तेरस या छठ पर्व के दौरान क्षेत्र के विभिन्न अड्डों पर जूआ का खेल शुरू हो जाने की सूचनाएं मिल रही हैं। गोपनीय सूत्रों के हवाले से खबर मिल रही है कि बाजार के मुखिया टोला, नीचे चौंक, मंदिर टोला, प्रकृति विहार के निकट , बासमती गांव के अलग-अलग स्थानों सहित विभिन्न जगहों पर जुआड़ियों का अड्डा रोज रात में लगना शुरू हो चुका है। लाखों रुपए के खेल हो रहे हैं। जानकारी यह भी मिल रही है कि जुआड़ियों को खास -खास व्यक्तियों का संरक्षण मिल रहा है। ये जुआड़ियों को यह आश्वस्त कर रहे हैं कि बेखौफ खेलें कोई प्रशासनिक दखलंदाजी नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि पर्व पर मनोरंजन के नाम वैसी परंपरा पर अंकुश लगना ही चाहिए जो सामाजिक और कानूनी रूप से स्वीकार्य नहीं है। मनोरंजन की आड़ में बड़ी राशि की हार और जीत गैरकानूनी है। मनोरंजन स्वस्थ और नुकसान रहित होना चाहिए। अस्वस्थ परंपराएं जो समाज और व्यक्ति को दीमक की तरह चाट जाए उसे बंद होना चाहिए। इस ओर शख्त प्रशासनिक कदम उठाया जाना चाहिए ताकि थाना क्षेत्र में जूआ या सट्टेबाजी अपना व्यापक प्रभाव न डाल पाए। जुआड़ियों की अरेस्टिंग सहित जूआ के अड्डों को चिन्हित कर रेड होनी चाहिए।इधर इस मामले में पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना इंचार्ज अनुप रोशन भेंगरा ने इस संबंध में कहा कि जूआ के खेल होने की जानकारी मिली है। जुआड़ियों के अड्डों को चिन्हित कर छापेमारी की जाएगी। इस दिशा में शख्त कार्रवाई की जाएगी ।

## काली पूजा आज, तैयारी पूरी





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी कोयलांचल सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में काली पूजा की तैयारी पूरी कर ली गयी है। खलारी में छह स्थानों पर काली पूजा मूर्ति स्थापित कर पूजा की जाती है। मूर्तिकार काली मां की प्रतिमा को अंतिम रूप दे दिया है। पूजा की सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। गुरुवार की रात्रि में अमावस्या की रात मां काली की निशा पूजा तथा अन्य कार्यक्रम रात्रि 12 बजे किया जायेगा। शुक्रवार को सुबह विशेष पूजन होगा। इधर जानकी मंदिर कमिटी के अध्यक्ष रंजन सिंह बिट्टू व सचिव अबधेश यादव ने सभी श्रद्धालुओं से पूजा में शामिल होने का अपील किया है। वहीं पूजा को लेकर सभी पूजा पंडालों को व मंदिरों को विधुत सज्जा किया गया है।

## इंडिया गठबंधन के सभी प्रत्याशी भारी मतों से जीतेंगे, जनता की आवाज है : सांसद विजय हांसदा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय में बुधवार को इंडिया गठबंधन का चुनावी रणनीति पर बैठक हुई.बैठक में राजमहल लोकसभा सांसद विजय हांसदा, झामुमो जिला अध्यक्ष श्याम यादव, कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम सहित कई इंडिया गठबंधन के नेता और कार्यकर्ताओं ने शिरकत किया. इंडिया गठबंधन के पाकुड़ विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम, लिट्टीपाड़ा विधानसभा से झामुमों प्रत्याशी हेमलाल मुर्मू,महेशपुर विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी प्रो0 स्टीफन मरांडी को बनाया गया है.इंडिया गठबंधन के तीनों प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताने को लेकर मंथन किया गया और आने वाले बीस नवंबर को इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान कराने की अपील की.सासंद विजय हांसदा ने कहा राज्य का कल्याण इंडिया गठबंधन ही कर सकती है। सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन जन तक देना है.आम गरीब गुरुवा का पार्टी सिर्फ इंडिया गठबंधन पार्टी ही है.भाजपा का सिर्फ एक ही उद्देश्य है कि वे किस तरह सत्ता प्राप्त कर सकें.ये वो लोग हैं जो सत्ता पाने के लिए धन बल से लेकर हर हथकंडा अपनाने से नहीं चूक रहे हैं। इंडिया गठबंधन ही बदलेगा हालात.राज्य की दशा व दिशा बदल सकता है.हम लोग सब एक है एकजुट होकर गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रहे है.

## दीपावली व छठ महापर्व के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल में दीपावली व छठ महापर्व के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय की उप-प्राचार्या सिस्टर नेली, सिस्टर निर्मला व सिस्टर ओलिव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। इस अवसर पर बच्चों ने दिवाली और छठ से संबंधित नाटक और नृत्य का मंचन किया। कक्षा तीन के विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के चौदह वर्षों के वनवास के बाद अयोध्या आगमन को दीपोत्सव के रूप में मनाने के वृत्तांत को मंच पर दर्शाया। तत्पश्चात महापर्व छठ को मनाने के विभिन्न चरणों को नृत्य के माध्यम से दर्शाया। मंच का संचालन शिक्षिका नॉर्बरता टोप्पो व कक्षा कक्षा दस की छात्राएँ ज़ोया परवीन,



सुहाना सैफ़ी, आस्था कुमारी और पल्लवी कुमारी ने किया। शिक्षक प्रभाकर शर्मा दीपावली और अम्बुज कर्मकार ने महापर्व छठ के बारे में छात्रों को विस्तार से जानकारी दिया। कार्यक्रम के अंत में उप-प्राचार्या सिस्टर नेली और सिस्टर निर्मला ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों को दीपावली और छठ की शुभकामनाएं दी तथा विद्यार्थियों को सावधानी से दीपावली मनाने का निर्देश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से मुकेश कुमार सिंह, विशाल शर्मा, अनिमा कांसीर, अम्बुज कर्मकार, प्रभाकर शर्मा, प्रतिमा बागे तथा कक्षा नौ और दस के विद्यार्थियों की सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर विधालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावा सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।


चुनाव कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता।

जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा।

आवश्यक सूचना

चतरा जिला के प्रभावित बल के सभी महिला/पुरूष गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि विधान सभा चुनाव 2024 के अवसर पर 70 प्रतिशत गृह रक्षकों को दिनांक– 09.11.2024 से 24.11.2024 तक प्रतिनियुक्त किया जाना है।

अतः कर्त्तव्य के प्रत्याशा में बैठे सभी गृह रक्षकों को आदेशित किया जाता है कि सभी गृह रक्षक जिला समादेष्टा कार्यालय चतरा आकर दिनाक–07.11.2024 तक आगमन दर्ज करा लें ऐसे गृह रक्षक जो विधानसभा चुनाव ड्यिुटी हेतु कॉल–अप नही होगें वैसे गृह रक्षकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए अनुशंसा कर दी जाएगी।

आदेशानुसार

ह0

जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा।

PR 339732 Home, Prison And Disaster Management(24-25)D

## मुझे लाट साहब नही, जनता का सेवक चाहिये : सुदेश महतो

# एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत की जीत को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में बृहद कार्य समिति की बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिले के बक्शीडीपा स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला कार्य समिति की बृहद बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत की जीत सुनिश्चित करने के संदर्भ में चर्चा की गई। आयोजित बैठक में आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो, भाजपा के प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा, एनडीए उम्मीदवार नीरू शांति भगत, पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, श्रीचंद प्रजापति, राजकिशोर महतो, ब्रजबिहारी प्रसाद, मदन मोहन पाठक, राकेश प्रसाद, लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव विशेष रूप से मौजूद थे। मौके पर आजसु सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि इस




बार झारखंड प्रदेश में एनडीए की सरकार बनेगी। क्योंकि वर्तमान सरकार ने हमेशा लोगों के बीच झूठ परोसने का काम किया है। विकास के बजाय केवल वर्तमान सरकार विपक्ष पर आरोप लगाने का काम किया। इन्होंने कहा की लोहरदगा की जनता अब परिवर्तन चाहती है। हमें एकजुट होकर एनडीए उम्मीदवार नीरू शांति भगत को लोहरदगा विधानसभा सीट से जीत दिलाना है। उन्होंने लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव पर कटाछ करते हुए कहा कि वे न अच्छा विधायक बने और न बेहतर मंत्री बने। लोहरदगा के जनता अब ऐसे विधायक को सबक सिखाना चाहती है। कहा कि मुझे लाट साहब नहीं चाहिए, हमें सेवक चाहिए। सुदेश महतो ने कहा कि आप मुझे एक विधायक देंगे और मैं आपको गिफ्ट में मिलेंगे। डबल इंजन की बात करते हैं हम यही डबल है। उन्होंने कहा कि आज से हम अभियान शुरू कर रहे हैं। हमें 30 हजार वोट से चुनाव जीतना है। ये फल फ़ूल के संबंध को और गाढ़ा बनाने की जरूरत है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा ने कहा की झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी और हम आजसू के साथ मिलकर विकास कार्य को प्राथमिकता के साथ करेंगे। भाजपा जो कहती हैं वो करती है। हम आरोप प्रत्यारोप नहीं लगाते हैं बल्कि जमीनी स्तर पर काम करते हैं। केन्द्र सरकार ने कई ऐतिहासिक कार्य किया है अब इस बार झारखंड प्रदेश की पारी है। वही एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत ने उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं से आशीर्वाद देकर विजय बनाने की अपील की। बैठक को भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह, पश्चिम बंगाल के पूर्व सांसद सह लोहरदगा विधानसभा के प्रवाशी दशरथ तिर्की, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजकिशोर महतो, ब्रजबिहारी प्रसाद, मदन मोहन पाठक, राकेश प्रसाद चंद्रशेखर प्रसाद आदि ने भी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथों से एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कर राज्य में एनडीए गठबंधन की बहुमत वाली सरकार बनाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पशुपति नाथ पारस तथा धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू ने की। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री संजय कुमार, उपाध्यक्ष अजय पंकज, अनिल उरांव, जिला मंत्री मिथुन तमेड़ा, सजल कुमार कैलाश महतो, विवेक चौहान, विश्वजीत भारती, राजकुमार मुंडा, राजेंद्र महतो, सचिन सिंघानिया, सरिता देवी, मीना बाखला, भारती सिन्हा, सामेला भगत, बुद्धन देवी, बिंदिया देवी, सरस्वती देवी, सूरज दसोंधी, लखन उरांव, सुदामा प्रसाद, अमरेश भारती, बाल्मीकि कुमार, मनीष शिखर, प्रकाश नायक, बजरंग उरांव,लक्ष्मी नारायण भगत, विनोद राय, विश्वजीत शाहदेव, नज़ीर आलम खान, टीपू खान, एवं विभिन्न मंच मोर्चा के अध्यक्ष सहित कार्य समिति के सदस्य मौजूद थे।

## लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंटर स्कूल अंडर 14 एवं अंडर 16 का फाइनल मैच बीएस कॉलेज स्टेडियम में खेला गया अंडर 14 के पहले फाइनल में डी.ए.वी ने सीटीसी को 11 रनों से पराजित किया दूसरे दूसरे फाइनल में सीटीसी बी ने स्टूडेंट पब्लिक स्कूल कुडु को 74 रनों से पराजित कर ट्राफी पर कब्जा जमाया। अंडर 14 के फाइनल में डीएवी ने टॉस जीतकर पहले खेलते हुए 19.3 ओवर में 88 रन बनाकर ऑल आउट हो गई रणवीर सहदेव ने तीस रन और सुशांत ने 26 रनों का योगदान दिया सीटीसी की ओर से गेंदबाजी करते हुए सौरभ ने चार विकेट तथा केशव तिवारी ने तीन विकेट लिया जवाबी पारी खेलते हुए सीटीसी की टीम 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 77 रन ही बना सकी टीम की ओर से सौरभ सिंह ने 39 रन बिट्टू कुमार ने 10 रन बनाए डीएवी की ओर से गेंदबाजी करते हुए सुशांत ने दो विकेट आदित्य, हंसराज मिश्रा,एवं रणवीर सहदेव ने एक-एक विकेट लिया अंडर 16 के अंतर्गत खेले गए फाइनल मैच में स्टूडेंट पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया सीटीसी बी ने 20 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 160 रन का स्कोर खड़ा किया मनीष कुमार ने 60 गेंद पर 71 रनों की शानदार पाली खेली अभिमन्यु ने 38 एवं नितिन ने 24 रनों का योगदान दिया। स्टूडेंट पब्लिक स्कूल की ओर से गेंदबाजी करते हुए विशेष कुमार ने दो विकेट तथा सिद्धार्थ कुमार ने एक-एक विकेट लिया जवाबी पारी खेलते हुए स्टूडेंट पब्लिक स्कूल की टीम 17.2 ओवर में 86 रन बनाकर ऑल आउट हो गई टीम की ओर से विशेष कुमार कुमार ने 48 तनमय कुमार ने 18 रन का योगदान दिया सीटीसी की ओर से गेंदबाजी करते हुए तन्मय ने 6 विकेट तथा आयुष,अभिमन्यु एवं देवदीप ने एक-एक विकेट लिया। अंडर 14 के फाइनल के प्लेयर ऑफ द मैच रहे रणवीर सहदेव तथा अंदर 16 फाइनल मैच के प्लेयर आफ द मैच तन्मय कुमार को दिया गया। मौके पर अंडर 14 टूर्नामेंट के बेस्ट बैट्समैन का अवार्ड नीतीश भगत को बेस्ट बॉलर का अवार्ड आयुष एवं परमेश्वरन को संयुक्त रूप से बेस्ट फील्डर का अवार्ड सौरभ सिंह तथा मैन ऑफ द सीरीज का अवार्ड नीतीश कुमार भगत को दिया गया।

## विशाल डुंगडुंग ने की युवा कांग्रेस के पदाधिकारीयों के साथ बैठक, युवाओं ने थामा कॉग्रेस का हाथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बुधवार को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर युवा कांग्रेस की आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग की अध्यक्षता में राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय में रखी गई जिसमें मुख्य रूप से इंडिया गठबंधन दल के प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उराँव,कार्यकारी ज़िलाध्यक्ष हाजी सकील अहमद ,आई वाई सी कॉर्डिनेटर सत्यव्रत दास उपस्थित थे। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। जिसमें नगर क्षेत्र से फ़हद ख़ान, अमन अख़्तर, हरीश अंसारी, जुनैद अंसारी ने फ़हद अंसारी के नेतृत्व में युवा कांग्रेस का हाथ थामा जिन्हें डॉ रामेश्वर उराँव ने पट्टा एवं माला पहनाकर उनका स्वागत किया। मौक़े पर प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उराँव ने कहा कि युवा कांग्रेस महत्वपूर्ण अग्रणी संगठन है और अच्छा कार्य कर रही है चुनाव



में सभी पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष पंचायत अध्यक्ष क्षेत्र में लग जाएँ, एवं सरकार के द्वारा किये गये कार्यों को जनता तक पहुँचाने का कार्य करें, ज़िला कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा कि युवा राष्ट्र के भविष्य है। और समय आ गया है कि युवा कांग्रेस विधानसभा में बढ़ चढ़ कर कार्य करे और यूथ कॉग्रेस के सभी कार्यकर्ता क्षेत्रों में झारखण्ड गठबंधन सरकार की कार्यों को बताएँ युवाओं के माध्यम से आगामी विधानसभा चुनाव में डॉ रामेश्वर उराँव को भारी जीत मिलेगी। मौक़े पर पूर्व कार्यकारी ज़िलाध्यक्ष संतोष महतो, कैश आलम, रेहान अख़्तर, दुर्गा उराँव, कुणाल कुमार, अफताब अंसारी, रंजित लकड़ा, तौशीफ आलम, मक़दूम अंसारी, फ़ारूख़ हुसैन, रौनक़ अंसारी, मुशर्रफ राजा, अनिमा कुजूर, राजा अंसारी, इमरोज अंसारी, अनिम अंसारी, तिला उराँव, विनोद उराँव, सत्यनारायण उराँव, गुलशन उराँव, मनीष खेस, रोहित प्रजापति, प्रवेज़ अंसारी, इमरान अंसारी, जागरनाथ उराँव, अमन भगत, श्रीष्टि सौरभ, अचल एक्का, रमेश कुमार रेहान अंसारी, अभिजय गौरव, प्रमोद कुजूर, वेलकम बखला, अब्दुल क़ादिर, रिज़वान अंसारी, फागू भगत, आदि उपस्थित थे।

## दीपावली और छठ पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा थाना परिसर में दीपावली और छठ पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कोलेबिरा थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह, एसआई अरविंद कुमार, एसआई रमाकांत सिंह, एसआई एच पांडे और समस्त कोलेबिरा के शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। बच्चों की सुरक्षा को लेकर दीपावली में बच्चों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया गया, ताकि पटाखे जलाते समय उन्हें कोई शारीरिक नुकसान न हो। प्रदूषण रहित दीपावली के लिए प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए प्रदूषण रहित दीपावली मनाने का निर्णय लिया गया।छठ पर्व में सफाई अभियान के लेकर कोलेबिरा डैम में छठ पर्व के अवसर पर सफाई



अभियान चलाया जाएगा, जिसमें स्थानीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और पूजा समिति के सदस्य शामिल होंगे। यातायात व्यवस्था में छठ घाट में वाहनों के आवागमन के लिए कॉलेज के बगल से रास्ता होगा और वाहन पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। पुलिस की तैनाती छठ पर्व के दौरान कोलेबिरा डैम में अधिक से अधिक पुलिस जवान तैनात रहेंगे। इस बैठक का उद्देश्य दीपावली और छठ पर्व के दौरान शांति और सुरक्षा को बनाए रखना है।

## एमबी डीएवी विद्यालय में छठ महापर्व को लेकर भव्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमबी डीएवी विद्यालय,लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में दीपावली एवं छठ महापर्व के अवसर पर सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेश कुमार पाठक व आरती कुमारी द्वारा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। भारत के प्रमुख त्योहारों में दीपावली व छठ पूजा है छठ मुख्य रूप से बिहार,झारखंड और उत्तर प्रदेश में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह महापर्व सूर्य देवता और छठी मैया की पूजा के लिए समर्पित है। यह त्योहार चार दिनों तक चलता है और इसे समृद्धि, स्वास्थ्य और संतान सुख की प्राप्ति के लिए मनाया जाता है। छठ पूजा के दौरान भक्त विशेष उपवास रखते हैं और सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं, जिससे उनके जीवन में खुशहाली और समृद्धि आती है। विद्यार्थियों को अपने परंपराओं से अवगत करवाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए दीपावली व छठ पर्व से संबंधित विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तृतीय व चतुर्थ में पेपर लैंप बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तृतीय में हिमांगी नाग, प्रिंस कुमार, अनन्या कुमारी, अनम अक्शा, सात्विक साहू तृषा रानी, लिसा साहू व भव्या सिंह कक्षा चतुर्थ में अहंत्य दुबे, तृषा कुमारी, आकांक्षा रानी, नंदनी कुमारी, वेदांत अभिनव व जिकरा रेहान विजित हुए। कक्षा पांचवी व छठवीं में कलश व दिया सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें परिधि चौधरी,आराध्या सिंह, प्राची भगत, मीनाक्षी मिंज, आर्या सिंह, अतिया फातिमा व अंबिका भगत विजित हुए। कक्षा सातवीं व आठवीं के विद्यार्थियों के मध्य वॉल हैंगिंग बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें अर्चना रानी कुमारी, कनक कुमारी, गुंजन ल्लिहारे, आरुष पोद्दार, हिमांशु कुमार व अंतरा साहू विजित हुए। कक्षा नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं व बारहवीं के मध्य रंगोली बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें कक्षा नौवीं में श्री लक्ष्मी व समूह कक्षा दसवीं में ऋषि व समूह कक्षा 11वीं व 12वीं में शुभांगिनी कुमारी व समूह ने प्रथम स्थान अर्जित किया।

## भाजपा नेता विद्या बड़ाईक ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की किया मदद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** बोलबा पाकरबहार के प्रकाश डुंगडुंग का सिमडेगा आने के क्रम में टुकुपानी के पास बाईक परिचालन के क्रम में सड़क दुर्घटना हो गया। प्रकाश डुंगडुंग ने टुकुपानी के पास खड़े ट्रक को पीछे से बाईक से टक्कर मार दी। जिससे उनके सर में गंभीर चोट लगी। बीजेपी के जिला कार्यसमिति सदस्य विद्या बड़ाईक ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को दुर्घटना स्थल से अपने स्कूटी में बैठा कर सदर अस्पताल प्राथमिक उपचार के लिए पहुंचे। मरीज का मरहम-पट्टी कराया गया। बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर से मुलाकात कर मरीज के वस्तु-स्थिति के बारे में जाना। आज मरीज का सिटी स्कैन किया जाएगा। किसी प्रकार की समस्या होने पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेस कमिटी के द्वारा कूडू, कैरो, भंडरा प्रखंड में किया गया कार्यकर्ता सम्मेलन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रखंड कांग्रेस कमिटी कूडू,कैरो,भंडरा प्रखंड में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन में सभी प्रखंड के बूथ अध्यक्ष पंचायत अध्यक्ष एवं कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस प्रत्याशी मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद हुए शामिल इस मौके पर कार्यकर्ताओं को कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता पार्टी के लिए सबसे सर्वोपरि है आज हम सभी पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता आम जनता आगामी आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के विचारधारा एवं झारखंड सरकार जो हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के द्वारा चलाई जा रही है इनके जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता के द्वारा उनके तक पहुंच योजनाओं को जानकारी देते



हुए अपने कांग्रेस पार्टी के विचारधारा को बताने का काम करें निश्चित तौर पर हमारी विचारधारा और जनकल्याणकारी योजना जनता स्वीकार कर रही है और इसका भरपूर समर्थन हम सभी को मिल रही है इस विधानसभा चुनाव के लिए सभी पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष पंचायत अध्यक्ष अपने-अपने कार्यों में लग जाए और कांग्रेस पार्टी को इस विधानसभा से विजय भारी मतों से करने का कार्य करेंगे। इस मौके पर धीरज प्रसाद साहू ने कहा की कार्यकर्ता पार्टी के रीड है आप सभी के मेहनत प्रयास 2019 में लोहरदगा विधानसभा विजय प्राप्त किए थे एक बार फिर पुणे हम सभी मिलकर अपने इस लोहरदगा विधानसभा में अपने प्रत्याशी डॉक्टर रामेश्वर उरांव को जीत दिलाने का कार्य करेंगे और विकास की सरकार इंडिया गठबंधन की सरकार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में फिर से एक बार झारखंड सरकार में लाने का कार्य करेंगे।कार्यक्रम में अन्य पार्टी को छोड़ काफी संख्या में कांग्रेस पार्टी का सदस्यता लोगोवके द्वारा ग्रहण किया गया इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, रोहित उरांव, प्रभारी खुर्शीद रूमी, जीप अध्यक्ष रीना भगत, अफसर कुरैशी, जिला सचिव हाजी सदरुल, सीमा भगत, हाजी सिकंदर, सवारत, अरशद अयुब, इकबाल खान, प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर, अनीश अहमद, जुगल भगत, बुधवा उरांव, समरुद्दीन अंसारी, बिरेंदर पाहन, शरद कुमार विद्यार्थी, मुर्शीद आलम, इंतेखाब आलम, जमील अंसारी, शमसेर खान ,मुनीम अंसारी, कमरूल इस्लाम, तल्हा, सैफ अहमद, सलाउद्दीन अंसारी, बासुदेव उरांव, समीम अंसारी, खुर्शीद आलम, फगुवा उरांव, सभी पंचायत अध्यक्ष, सभी प्रखंड के बूथ अध्यक्ष।

## एस.एस.पब्लिक स्कूल में बच्चों ने बनाई रंगोली




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एस .एस. पब्लिक स्कूल कुटुमू, लोहरदगा में बुधवार को दीप सज्जा, कक्षा सज्जा और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने मनमोहक रंगोली बनाई और दीपों को आकर्षक रूप से सजाया। स्कूल के प्राचार्य श्री अमित कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य हमारे देश की संस्कृति और परंपरा से बच्चों को जोड़े रखना है। रंगोली सज्जा प्रतियोगिता में वर्ग 6 से 10 में प्रथम कक्षा 10, द्वितीय कक्षा 6 और 8, तृतीय स्थान पर कक्षा 9 रहा। वर्ग 1 से 5 तक में प्रथम स्थान पर कक्षा 5, द्वितीय स्थान पर कक्षा 2 और तृतीय स्थान पर कक्षा 4 रहा। मौके पर विद्यालय सचिव बिंदु तिवारी, शिक्षक मुकेश पांडे, शिक्षिका निक्की वर्मा, सुश्री सरिता कुजूर, सादिया परवीन, खुशबू कुमारी, शाहजहां परवीन, जेबा परवीन, अमित इक्का, शिफा परवीन, मोनिका कुमारी,रिया कुमारी, नीलम, सोनमती आदि मौजूद थे।

## भैया दूज भाई-बहन के अटूट और अनन्य प्रेम का प्रतीक का पर्व : संजय सर्राफ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि हिंदू धर्म का पवित्र त्यौहार भैया दूज इस वर्ष 3 नवंबर को मनाया जाएगा। कार्तिक मास द्वितीया तिथि का आरंभ 2 नवंबर को रात मे 8 बजकर 22 मिनट पर हो जाएगा। एवं कार्तिक द्वितीया तिथि 3 नवंबर को रात में 10 बजकर 6 मिनट तक रहेगा। उदया तिथि होने के कारण भैया दूज का पर्व 3 नवंबर को मनाया जाएगा। पांच दिवसीय दीपोत्सव का ये अंतिम दिन है। भैया दूज गोवर्धन पूजा के अगले दिन मनाया जाता है यह त्यौहार भाई-बहन का त्यौहार है इसमें बहन अपने भाई को तिलक लगाती है उसकी आरती उतारती है और मुंह मीठा करती है। इस दिन बहनें अपने भाई को श्रीफल यानी नारियल का गोल देती है कहा जाता है कि बहन भाई को नारियल का गोला देकर उसकी सुख शांति और समृद्धि की कामना करती है। नारियल के गोले को भाई की रक्षा का प्रतीक माना जाता है। श्रीफल के



साथ बहन अपने भाई को आशीर्वाद भी देती है इसके लिए पूजा की थाली में रोली, मोली, चंदन, फूल, मिठाई, आरती और सुपारी के साथ तिलक लगाकर आरती करती है। पूजा पूरी होने के बाद भाई अपनी बहन को उपहार देते हैं। भाई दूज का त्यौहार लगभग पूरे देश में मनाया जाता है। इसे अलग-अलग जगह में अलग नाम से जाना जाता है। बंगाल में भाई दूज के पर्व को भाई फूटा,महाराष्ट्र और गोवा में भाऊ व्रत,और नेपाल में इसको भाई तिहाड़ के नाम से जाना जाता है।भारत में भाई-बहन के प्रेम एवं पवित्र रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन और भैया दूज दो महत्वपूर्ण त्यौहार है दोनों ही त्योहारों में भाई और बहन एक दूसरे के प्रति परंपरागत तरीके से स्नेह प्रकट करते हैं भैया दूज भाई बहन के अटूट और अनन्य प्रेम का प्रतीक पर्व है। भाई दूज को यम द्वितीया के नाम से भी जानते हैं। शास्त्रों के अनुसार कार्तिक शुक्ल द्वितीया तिथि पर यम अपनी बहन के घर आए थे। वहां उनकी बहन ने उनका खूब आदर सत्कार किया था जिससे प्रसन्न होकर यमराज ने वरदान दिया था कि जो भाई-बहन इस दिन यमुना में स्नान करके यम पूजा करेंगे वह मृत्यु के बाद यमलोक नहीं जाएगा। बहने अपने भाई को अकाल मृत्यु से बचाने के लिए यह देवता की पूजा करती है। भैया दूज को लेकर एक पौराणिक कथा यह भी है कि भगवान श्री कृष्ण नरकासुर राक्षस का वध करके द्वारका लौटे थे तो भगवान कृष्ण की बहन सुभद्रा ने फूल, मिठाई और अनेकों दीपक जलाकर उनका स्वागत किया था। इस दिन सुभद्रा ने भगवान कृष्ण के मस्तक पर टीका लगाकर उनकी लंबी आयु की कामना की थी तभी से भैया दूज पर्व मनाने की परंपरा शुरू हो गया।


**विधानसभा क्षेत्र के लिए 17 अभ्यर्थी, किसी अभ्यर्थी द्वारा नाम वापस नहीं लिया गया : अमित कुमार**

## निर्वाची पदाधिकारी 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र-सह अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रेस ब्रीफिंग कर दी जानकारी

**लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार सिर्फ सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अमित कुमार, निर्वाची पदाधिकारी, 72-लोहरदगा (एसटी) विधानसभा क्षेत्र-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा ने कहा कि विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापसी का आज बुधवार को अंतिम दिन रहा जिसमें किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नाम वापस नहीं लिया गया। निर्वाचन में अभ्यर्थी के रूप में शामिल होने के लिए कुल 18 लोगों ने नामांकन दाखिल किया था जिसमें एक अभ्यर्थी का नामांकन अधूरा भरे जाने के कारण स्क्रूटनी के पश्चात् अस्वीकृत हो गया था। इस प्रकार अब अभ्यर्थी के रूप कुल 17 प्रत्याशी इस निर्वाचन में शामिल हो सकेंगे। उक्त जानकारी निर्वाची पदाधिकारी, 72-लोहरदगा (एसटी) विधानसभा क्षेत्र-सह-



अनुमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा आज अनुमण्डल कार्यालय, लोहरदगा में प्रेस ब्रीफिंग के माध्यम से दी गई। अनुमण्डल पदाधिकारी ने बताया कि प्रत्याशी निर्वाचन की तिथि 13 नवंबर 2024 से 48 घंटे पूर्व तक अपना प्रचार-प्रसार लाउडस्पीकर के माध्यम से कर सकते हैं। रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार-प्रसार अभ्यर्थी नहीं कर सकेंगे। सभी 17 अभ्यर्थियों के बीच आज चुनाव प्रतीक चिन्ह आवंटित कर दिया गया है। इनमें राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय राजनैतिक दलों के 03, रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दलों के 06 और अन्य अभ्यर्थियों की संख्या 08 है।

## चलते चलते एक नजर

### नगड़ी प्रखंड के गांवों में कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव का जनसंपर्क अभियान



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव ने आज नगड़ी प्रखंड के दर्जनों गांवों में पदयात्रा और बैठक कर अपने पक्ष में वोट की अपील की। शाहदेव ने लोगों से कहा कि गठबंधन की सरकार ने सभी धर्म और वर्गों का सम्मान किया।अनेक योजनाएं दी जिससे आम जन को राहत मिला।मंइयां सम्मान योजना में सरकार अभी महिलाओं को 1000 रुपए दे रही है जो कि दिसंबर महीने से 2500 रूपए हो जाएगी। 200 यूनिट बिजली बिल मुफ्त होने से आम जन को महंगाई से राहत मिली है। किसानों का ऋण माफी किया गया। उन्होंने कहा कि झारखंड में फिर से इंडिया गठबंधन की सरकार दुबारा बनाने और हटिया के विकास के लिए कांग्रेस को वोट करें और भारी मतों से जिताकर मुझे एक मौका दें। जनसंपर्क अभियान में कांग्रेस,झामुमो और राजद के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक आम जनता से कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव को हाथ छाप में वोट देकर जिताने को कहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेएमएम की जिला उपाध्यक्ष राखी देवी, जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष बिनोद तिर्की, जेएमएम नेता बानदेव उरांव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सहाबीर लोहरा, कृजीवन महतो,विश्वा तिर्की, पूजा देवी,शुकरमणी देवी,शाहिद अहमद,महेश शर्मा,मो सनाउल्लाह, माहेर अंसारी,उषा देवी फुचु उरांव, अख्तर अंसारी,मो अनवारुल, शकील अंसारी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता व आम जनता उपस्थित हुए।

### नायडू ने राजीव गांधी भवन में मेडिकल निरीक्षण कक्ष का ऑनलाइन किया उद्घाटन

**नई दिल्ली** : केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित राजीव गांधी भवन में काम करने वाले कर्मचारियों को आपातकालीन स्थितियों में चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से ऑनलाइन मोड के माध्यम से चिकित्सा निरीक्षण कक्ष का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नायडू ने सभी के सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना करने के साथ अधिकारियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के महत्व पर बल दिया। राम मोहन नायडू ने चिकित्सा निरीक्षण कक्ष के ऑनलाइन उद्घाटन के मौके पर उपस्थित कर्मचारियों और अधिकारियों को सबोधित करते हुए कहा कि इस चिकित्सा कक्ष से राजीव गांधी भवन में काम करने वाले विभिन्न संगठनों जैसे नागरिक उड्डयन मंत्रालय, सीआईएसएफ और आईएएफ सहित अन्य निजी एजेंसियों के कर्मियों को मुफ्त चिकित्सा जांच सहायता प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के महत्व पर जोर देते हुए इस कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों के सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना की।

# मनिका विस में दिलचस्प होगा चुनावी मुकाबला

## भाजपा प्रत्याशी हरे कृष्णा सिंह को रघुपाल सिंह और कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह को मुनेश्वर उरांव देंगे कड़ी टक्कर

संजय प्रजापति @ प्रभात मंत्र

**लातेहार** : झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में पहले चरण के लिए नामांकन पत्र जमा होते ही मनिका विधानसभा क्षेत्र की राजनीतिक सरगर्मी चरम पर पहुंच गई है। क्षेत्र में चुनावी माहौल पूरी तरह गर्म हो गया है। जहां प्रमुख दलों के प्रत्याशी और निर्दलीय उम्मीदवार जनता को अपने पक्ष में करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। रैलियों, जनसभाओं और डोर-टू-डोर कैंपेन का सिलसिला शुरू हो चुका है। जिससे मतदाताओं के बीच हलचल और चर्चा तेज हो गई है। मनिका क्षेत्र से एनडीए गठबंधन से भारतीय जनता पार्टी के सिंबल पर हरिकृष्ण सिंह एवं महागठबंधन से कांग्रेस के सिंबल पर रामचन्द्र सिंह के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। बता दें कि 1972 में झमन सिंह कांग्रेस के टिकट पर विधायक बने थे। मनिका में सबसे लंबे समय तक यमुना सिंह 1977-95 तक लागातार चार बार विधायक बने। जनता पार्टी से एक बार व भाजपा से तीन बार वे रहे। मनिका क्षेत्रवासीयों का लोकप्रिय नेता कहे जाने वाले यमुना सिंह को हराकर रामचन्द्र सिंह ने 1995 में आरजेडी से चुनाव जीता था और 2000 में पुनः यमुना सिंह चुनाव जीतकर भाजपा को जीत दिलाई। फिर 2005 में दुसरी बार आरजेडी प्रत्याशी रामचन्द्र सिंह, यमुना सिंह से मनिका सीट छीनने में सफल रहे। इस तरह से मनिका में उलटफेर होती रही। इसी बीच भाजपा ने प्रत्याशी को बदला और 2009 में हरिकृष्ण सिंह को टिकट दिया। 2009 में पहली बार चुनावी मैदान में उतरे हरेकृष्ण को जनता का भरपूर समर्थन मिला और उन्होंने रामचन्द्र सिंह को हराकर 2009-14 तक लगातार दो बार विधायक बने। 2019 के विस चुनाव में भाजपा ने हरिकृष्ण सिंह को टिकट नहीं देकर रघुपाल सिंह को उम्मीदवार बनाकर खड़ा किया। लेकिन पाशा पलट गई। महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी रामचन्द्र सिंह चुनाव जीत गए। इस बार दोनों दिग्गज आमने-सामन हैं। और दोनों क्षेत्र का नेतृत्व कर चुके हैं। हरेकृष्ण सिंह दो बार तो रामचन्द्र सिंह तीन बार विधायक रह चुके हैं। इस बार देखना दिलचस्प होगा कि मनिका की ताज किसको मिलता है। हालांकि,महागठबंधन में आंतरिक मतभेद और गुटबाजी की वजह से फूट के संकेत नजर आ रहे है। जो एनडीए के लिए लाभकारी साबित हो सकता है। महागठबंधन के प्रमुख दलों के बीच सीट बंटवारे और रणनीतियों को लेकर असहमति की खबरें सामने आ रही है। जिससे उनके वोट बैंक में सेंध लग सकती है।जैसे बात करें मुनेश्वर उरांव की तो उन्होंने कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के पद से इस्तीफा देकर निर्दलीय उम्मीदवार के रुप में नामांकन दाखिल किया है।

जिससे कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा है। वहीं रघुपाल सिंह भी समाजवादी पार्टी से टिकट लेकर प्रबल रुप से क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान तेज कर दी है।

### जनता के बीच लोकप्रिय है रघुपाल सिंह

रघुपाल सिंह भी मनिका क्षेत्रवासियों के लिए चहेते नेता रहे हैं। जो पिछले 2019 में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा और उनका सामना महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी रामचन्द्र सिंह से हुई। वह 57760 वोट लाकर 16240 वोटों से असफल रहे थे। जबकि महागठबंधन के खाते में 74000 वोट प्राप्त हुए। उन्होंने हारकर भी जनता पर विश्वास जताया था। लेकिन आंतरिक मामलों को लेकर उन्होंने पिछले साल ही भाजपा को छोड़कर आरजेडी में शामिल हुए। यहां भी टिकट नहीं मिला तो उन्होंने आरजेडी से इस्तीफा देकर सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। अब देखना यह बड़ा ही दिलचस्प होगी कि सपा के टिकट से चुनाव लड़कर इस बार भाजपा और कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगा पाएंगे ?









### महागठबंधन प्रत्याशी को चुनौती दे रहे हैं मुनेश्वर उरांव

**कांग्रेस द्वारा वर्तमान विधायक को टिकट देने के बावजूद भी कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव को नामांकन कराना महागठबंधन में असंतोष को दर्शाता है। यह कांग्रेस प्रत्याशी रामचन्द्र सिंह के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। अगर महागठबंधन अपनी फूट को दूर करने में विफल रहता है, तो इसका सीधा फायदा भाजपा प्रत्याशी को मिलने की संभावना है, जिससे चुनावी समीकरण पूरी तरह बदल सकते हैं।**

### 11 प्रत्याशियों के बीच है मुकाबला

मनिका विस के चुनावी मैदान में कुल ग्यारह प्रत्याशी उतरे हैं। हम पार्टी से अतुल कुमार सिंह, जेएलकेएम पार्टी से बलवंत सिंह एवं विजय सिंह, राकेश कुमार सिंह,कमेश सिंह व,पौलिकार्प खाखा,प्रभुदास मिंज,ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना पर्चा दाखिल कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। क्षेत्रीय पार्टियों का जोर विकास के ठोस वादों और स्थानीय समस्याओं को हल करने पर है। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी व्यक्तिगत लोकप्रियता और जनसंपर्क के आधार पर मतदाताओं को अपनी ओर खींचने की कोशिश कर रहे हैं। इनके द्वारा किए जा रहे आक्रामक प्रचार और जनसंपर्क अभियानों ने मुकाबले को और भी पेचीदा बना दिया है।कांग्रेस औ भाजपा के बीच कड़ी टक्कर के बीच क्षेत्रीय पार्टियां और निर्दलीय प्रत्याशी भी पूरे दमखम के साथ मैदान में डटे हुए हैं।

### हावी है स्थानीय मुद्दे

मनिका क्षेत्र में विकास, आदिवासी अधिकार, जल-जंगल-ज़मीन और बेरोजगारी जैसे मुद्दे चुनावी चर्चाओं के केंद्र में हैं। उम्मीदवार इन स्थानीय समस्याओं को हल करने का वादा करते हुए मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। सत्ताधारी दल जहां अपनी उपलब्धियों को गिनाकर वोट मांग रहा है, वहीं विपक्षी दल सरकार की नीतियों की आलोचना कर बदलाव की मांग कर रहे हैं।आने वाले दिनों में मनिका में मुकाबला और भी कड़ा और दिलचस्प होने की संभावना है।

### संत मरियम किड्स स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## अज्ञानता पर ज्ञान का जीत है दीपावली: अविनाश



*** दीपावली असत्य व अंधकार पर विजय का प्रतीक है निदेशक आनंद कुमार**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : दीपावली व छठ पूजा के मौके पर चैनपुर स्थित संत मरियम किड्स स्कूल मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, चैनपुर प्रखंड के प्रमुख श्रीमती गायत्री देवी, निदेशक आनंद कुमार व अन्य शिक्षकों के द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जहाँ विद्यालय में अध्यनरत नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा नाटक व भगवान राम के भजनों पर नन्हे पांवों का झूमने का दृश्य सम्मोहक दिखा। बच्चों द्वारा किए गए प्रदर्शन को देखकर अभिभावकों की तालियों की शोर परिसर को गूंजायमान कर रहा था। उक्त मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने बच्चों के कला को काफी सराहा। अभिभावकों एवं बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जब बच्चे अपनी कला के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, सभ्यता व संस्कृति के लिए हम सभी को प्रेरित करते हैं तो हृदय भावों से भर जाता है। आगे श्री देव ने दीपावली व छठ पूजा को लेकर धार्मिक मान्यताओं की चर्चा करते हुए कहा कि प्रकाश का महापर्व दीपावली सनातन धर्म का महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह पर्व अज्ञानता पर ज्ञान की जीत व आध्यात्म को नई प्रकाश देने का पर्व है। लिहाजा इसे अन्य भारतीय धर्म में भी विभिन्न रूपों मे मनाया जाता है।उन्होंने कहा कि भगवान राम से हमें सीख लेने की जरूरत है। हम राम नाम तो जपते हैं लेकिन हमें राम बनने के लिए उनके स्वरूप को आत्मा में उतारना होगा। उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करना होगा। विद्यालय के निदेशक आनंद कुमार ने बताया कि दीपावली एक आनंदमय त्यौहार है। यह हमें याद दिलाता है कि सत्य की जीत होती है और प्रकाश अंधकार पर विजय पाता है। निश्चित रूप से यह दीपावली आपके आने वाले दिनों को और भी उजाला प्रदान करेगा, साथ ही इन्होंने दीपावली को स्वच्छ एवं शांत वातावरण में सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का अनुरोध किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक प्रभारी मानशी सिन्हा, शिक्षिका स्वेता रानी सहित शिक्षक, बच्चे व सैकड़ो अभिभावक मौजूद थे।

### चुनाव आयोग के जवाब के बाद भाजपा ने कांग्रेस को घेरा

**नई दिल्ली** : चुनाव आयोग ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में अनियमितताओं के कांग्रेस के आरोपों को निराधार बताया, जिसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी पर हमला बोलते हुए उन्हें आत्मनिरीक्षण करने की सलाह दी है। इसके साथ ही भाजपा ने कहा कि कांग्रेस को देश से माफी भी मांगनी चाहिए। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि 1,642 पन्नों में चुनाव आयोग ने कांग्रेस को उसके निराधार और निरर्थक आरोपों पर विस्तृत जवाब दिया है। पार्टी अब पूरी तरह से बेनकाब हो चुकी है। उसे किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास नहीं है और वह भारत की व्यवस्था को कमजोर करने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के आरोप हास्यास्पद ही नहीं बल्कि संदेहास्पद भी हैं।

## स्वच्छ वातावरण के निर्माण में सबका सहयोग जरूरी : डॉ ब्रजेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : रांची विश्वविद्यालय की एनएसएस और डेंटल इंस्टिट्यूट रिम्स की एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में माई भारत स्वच्छता अभियान के तहत कई कार्यक्रम बुधवार को आयोजित किए गए। इस दौरान स्वच्छता संगोष्ठी, शपथ, स्वच्छता जागरुकता रैली और स्वच्छता ड्राइव चलाया गया। रिम्स डेंटल इंस्टिट्यूट के प्राचार्य डॉ जय प्रकाश के अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आरयू के एनएसएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि स्वच्छ वातावरण के निर्माण में सबका सहयोग जरूरी है। सामूहिक प्रयास से ही पूरे देश को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समय रहते स्वच्छता पर ध्यान नहीं रखा गया तो वो दिन दूर नहीं है जब समाज व्यापक बीमारियों से ग्रसित हो जाएगा। प्राचार्य डॉ जयप्रकाश ने कहा कि स्वच्छता हमारे स्वभाव का प्रमुख हिस्सा बने इसके लिए हमारे सोच में हमेशा स्वच्छता की बात रहनी चाहिए। कार्यक्रम को रिम्स के एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ एसबी सिंह, डेंटल इंस्टिट्यूट के डॉ अर्पिता राय, डॉ ओमप्रकाश, डॉ संदीप कुमार, डॉ प्रिय रंजन, डॉ शाश्वत, एनएसएस के टीम लीडर्स दिवाकर, क्षणिका, सुरभि, रुपाली सहित ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन रिम्स के डेंटल इंस्टिट्यूट के एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अमित वसंत महुली ने किया। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के अंतर्गत दीपावली को ध्यान में रखते हुए वृहद स्वच्छता अभियान के अंतर्गत डेंटल कॉलेज एवं रिम्स परिसर में स्वच्छता जागरुकता रैली एवं स्वच्छता ड्राइव चलाया गया। साथ ही जगह-जगह डस्टबिन एवं स्वच्छता वाले कर्मचारियों को ग्लव्स एवं मास्क वितरित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रिम्स डेंटल इंस्टिट्यूट की एनएसएस के टीम लीडर्स सीमा कुमारी , ऐसा आर्या की उल्लेखनीय योगदान रहा।

## केएन त्रिपाठी ने चैनपुर प्रखंड के दर्जनों गांवों का किया दौरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : बुधवार को इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी सह पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने चैनपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जनसंपर्क अभियान चलाया। श्री त्रिपाठी ने चैनपुर प्रखंड के अवसाने पंचायत में अवसाने,खपिया,छेछानी,दुबा आदि, चान्दो पंचायत के तेतरियादामर, कोईरियाडीह, बसरिया कला पंचायत के अलगडीहा, तुरियाभण्डार, खूरा, चान्दो, दोकरा, सोकरा, बसरिया खूर्द, दुलसुलमा रजहारा, बसरिया कला, कंकारी पंचायत के अदनिया, ननफुलिया, पाल टोला, चौधरी टोला, हरिजन टोला, हुकवा,अजलतुआ एवं भडगावां पंचायत के पिण्डरा, भडगावां, चट्टीपार आदी समेत कई गांवों का भ्रमण कर क्षेत्र के लोगों से सर्वांगीण विकास के लिए सहयोग व समर्थन के लिए अपील की। मौके पर श्री त्रिपाठी ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोग हमारे पक्ष में गोलबंद हो रहे हैं। चैनपुर प्रखंड के क्षेत्रों में समस्याओं का अंबार है। जनता को बुनियादी सुविधा तक नहीं मिला है।जनता ने मौका दिया तो चैनपुर प्रखंड, मेदिनीनगर नगर निगम और सदर प्रखंड समेत डालटनगंज, चैनपुर, भांडरिया विधानसभा क्षेत्र एवं झारखंड राज्य का सर्वांगीण विकास करेंगे। लोगों को क्षेत्र की तस्वीर बदलकर दिखायेंगे।

उन्होंने कहा कि झारखंड के विकास के लिए अगला पांच साल अपने परिजनों, अपने परिवार व बाल बच्चों का भाविष्य एवं अपने समाज के उत्थान हेतू सोच-समझकर वोट करें। उन्होंने कहा कि चैनपुर प्रखंड वासियों को पेयजल की समस्या से निजात दिलायेंगे। दर्जनों नदी नालों को बांधकर पेयजल की समस्या से निजात दिलाएंगे।

### उल्फा (स्वा) के पांच ओवरग्राउंड वर्कर एवं लिंकमैन गिरफ्तार

**गुवाहाटी** : ऊपरी असम के विभिन्न जिलों में असम पुलिस एवं सेना की खुफिया इकाई के संयुक्त अभियान में प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट आफ असम (उल्फा-स्वा) के पांच ओवरग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) एवं लिंकमैनों को गिरफ्तार किया गया है। सेना सूत्रों ने बुधवार को बताया है कि असम पुलिस के आईजीपी (एनईआर) और सैन्य खुफिया (कोलकाता) के नेतृत्व में ऊपरी असम में उल्फा (स्वा) ओजीडब्ल्यू के खिलाफ असम पुलिस और सैन्य खुफिया ने संयुक्त अभियान 25 अक्टूबर से चलाया गया था। इसी कड़ी में गत 26 से 30 अक्टूबर तक ऊपरी असम के चराईदेव, शिवसागर, डिब्रूगढ़ और तिनसुकिया जिलों के सामान्य क्षेत्र में असम पुलिस, सैन्य खुफिया और सुरक्षा बलों को शामिल करते हुए संयुक्त अभियान की एक श्रृंखला शुरू की गई थी। इसके परिणामस्वरूप पांच ओजीडब्ल्यू, लिंकमैन को गिरफ्तार किया गया।

## दीपावली पर तमसो मा ज्योतिर्गमय का संदेश देंगे आस्था के दीप, दीया और बाती के मिलन से रोशन होंगे घर-आंगन

एजेंसी

**देहरादून**: दीप पर्व दीपावली भले ही रंगीन-सतरंगी बल्बों से शहर की अट्टालिकाओं को रोशनी से चकाचौंध करता हो, पर आस्था के साथ बने मिट्टी के दीयों का एक अलग ही महत्व है। हाईटेक युग में एक से बढ़कर एक रंगीन बल्ब अपनी खूबसूरती की छटा बिखेरेंगे तो वहीं मद्धिम सा जलता हुआ मिट्टी का दीया परंपरा को जीवित रखते हुए तमसो मा ज्योतिर्गमय (अंधकार से प्रकाश की ओर चलो, बढो) का संदेश देता है। धरतेरस के साथ पंचपर्व दीपावली की शुरुआत हो चुकी है। ऐसे में दूसरों के घरों को रोशन करने के साथ अपने घर भी खुशियां लाने की उम्मीदों संग कुम्हारों की चाक दिन-रात चल रही है। आधुनिक युग में भी दीपावली पर दीया और बाती के मिलन से ही घर-आंगन रोशन होंगे। दीयों के बाजार भी सज चुके हैं। कुम्हारों को उम्मीद है कि एक बार फिर से उनके अच्छे दिन लौटकर आएंगे। दीपावली दीयों का त्योहार है। कुम्हार दीये बनाने में तेजी से जुटे हैं। मिट्टी के दीपक व रोज बिकने वाले कुल्हड़ आदि बनाने में माता-पिता के साथ उनके बच्चे भी हाथ बंटा रहे हैं। कोई मिट्टी गूथने में लगा है तो किसी के हाथ चाक पर आकार दे रहे हैं। देहरादून के कुम्हार मंडी समेत अन्य स्थानों पर इस समय दिन-रात मिट्टी के दीये बनाने का काम चल रहा है।



**दीयों की बिक्री बढ़ने से लौटी खुशी:** पुश्तैनी काम में लगे कुम्हार सुनील, राजकुमार, संतोष बताते हैं कि इस बार मिट्टी के दीयों की मांग अधिक है। अब तक 35 हजार दीये बनाए हैं। दीपावली तक 70-80 रुपये सैकड़ा तक दीये बिक जाते हैं। फिलहाल अभी 40 से 60 रुपये प्रति सैकड़ा दीये बेचे जा रहे हैं।

**रोजगार का जरिया बनी पुस्तैनी कला:** कुम्हारों का कहना है कि गत तीन वर्ष पहले पैतृक व्यवसाय खत्म सा हो गया था। अब लोग फिर मिट्टी के सामान को प्रमुखता दे रहे हैं। लोगों की बदली सोच से लग रहा है पुश्तैनी कुम्हारी कला-व्यवसाय एक बार फिर रोजगार का जरिया बनेगा। इससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लोकल फार वोकल व आत्मनिर्भर भारत अभियान भी उड़ान भरेगा।

**ईको फ्रेंडली होते हैं मिट्टी के सामान, सुरक्षित रहेगा पर्यावरण:** पर्यावरणविद डॉ. विनोद जुगलान बताते हैं कि मिट्टी से निर्मित मूर्तियां, दीये व खिलौने इको फ्रेंडली होते हैं। इसकी बनावट, रंगाई व पकाने में किसी भी प्रकार का केमिकल प्रयोग नहीं किया जाता। इको फ्रेंडली दीये पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाते। पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ने से मिट्टी की दीये और खिलौने फिर से गांवों व बाजारों में दिखने लगे हैं।

**सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं मिट्टी के दीये:** पर्यावरणविद डॉ. विनोद कहते हैं कि भारत देश में दीपावली पर मिट्टी के दीये जलाने की ही परंपरा रही है। हमारे पूर्वज मिट्टी के दीये का उपयोग करते थे। ये दीये न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से बेहतर हैं बल्कि इससे कुम्हारों को भी अपने परिवार का भरण-पोषण करने में मदद मिलती है।